हनुमानगढ़ जंक्शन
शुक्रवार 28 जून 2024
आषाढ़ कृष्ण सप्तमी सम्वत् 2081
वर्ष 54 |अंक 174| ₹ 4.00 | पृष्ठ 12
फोन : 269443, मो. 94140-95543, 99585-95529
Email: dainiktej@gmail.com
आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026

संस्थापक स्व. डॉ. तेजनारायण शर्मा
राजस्थान, पंजाब, हरियाणा का लोकप्रिय दैनिक

# तेज

**शेयर बाजार**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,243.18 | +568.93 |
| निफ्टी | 24,044.50 | +175.70 |
| डॉलर | 83.47 | |

**हनुमानगढ़ का तापमान**

न्यूनतम 30° अधिकतम 37°

# पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी: मुर्मू

## लोकसभा में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण
## 50 मिनट के भाषण में विभिन्न मसलों पर की चर्चा



**नई दिल्ली.** 18वीं लोकसभा के पहले संसद सत्र के चौथे दिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का अभिभाषण हुआ। 50 मिनट के भाषण में राष्ट्रपति ने हर मुद्दे पर बात की। उन्होंने कहा-पेपर लीक करने वालों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। हाल ही में कुछ परीक्षाओं में हुई पेपर लीक की जांच और दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मेरी सरकार प्रतिबद्ध है। पहले भी कई राज्यों में पेपर लीक की घटनाएं हुई, इसके लिए दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने की जरूरत है। संसद ने भी इसके लिए कानून बनाया है। उन्होंने सेना को आत्मनिर्भर बनाने की तैयारियां भी बताई। नॉर्थ-ईस्ट में शांति के लिए सरकार के प्रयासों का भी जिक्र किया। राष्ट्रपति ने कहा-अगले बजट सत्र में बड़े फैसले लिए जाएंगे। उन्होंने आपातकाल को संविधान पर सीधा हमला बताया, यह भी कहा-देश ने इस हमले से उबरकर दिखाया। उन्होंने महिलाओं, युवाओं, किसानों, गरीबों के बारे में बात की। राष्ट्रपति ने चुनाव आयोग की तारीफ की, वहीं जीएसटी को भारतीय अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए मील का पत्थर बताया। राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद संसद को कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। आप सांसद संजय सिंह की अगुआई में पार्टी नेताओं ने संसद के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सीबीआई द्वारा गिरफ्तारी और एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ नारेबाजी की। राष्ट्रपति बोलीं-इस संकल्प की सिद्धि में अवरोध न हो ये हम सभी का दायित्व और कर्तव्य है। जब संसद सुचारू चलती है, स्वस्थ्य चर्चा होती है। लोगों का विश्वास पूरी व्यवस्था पर बढ़ता है। जब भारत विकसित राष्ट्र बनेगा तो इसमें आपकी भी सहभागिता होगी। आने वाला दौर भारत का है, सदी भारत की है, इसका असर हजार साल तक रहेगा।

### देश के लिए अनुकूल है समय

राष्ट्रपति बोलीं-आप सभी जानते हैं आज का समय पूरी तरह से भारत के लिए अनुकूल है। आज क्या नीतियां, निर्णय बनते हैं, इस पर पूरी दुनिया की नजर है। ... शेष पेज 9 पर

# विकास के लिए संवेदनशील रहता है सभ्य समाज: भजनलाल

### राज्यस्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि की राशि हस्तांतरण के कार्यक्रम में बोले मुख्यमंत्री



**जयपुर.** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सभ्य एवं विकसित समाज सभी वर्गों के विकास के लिए संवेदनशील रहता है। सामाजिक सुरक्षा के रूप में पेंशन जरूरतमंद को आर्थिक संबल देता है, साथ ही उन्हें मुख्य धारा से जोड़े रखता है। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं का दायरा बढ़ाने के साथ ही पेंशन राशि में भी बढ़ोतरी की है। उन्होंने कहा कि वृद्धजन, एकल नारी, दिव्यांगजनों सहित सभी वर्गों के उत्थान के लिए हमारी सरकार कतृसंकल्पित है तथा इनके सामाजिक सुरक्षा के आवरण को कमजोर नहीं होने देगी। शर्मा गुरुवार को झुंझुनूं में राज्यस्तरीय सामाजिक सुरक्षा पेंशन वृद्धि की राशि हस्तांतरण के कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने बटन दबाकर प्रदेश के 88 लाख से अधिक पेंशनरों के बैंक खातों में 1 हजार 37 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद और अंत्योदय की संकल्पना को आगे बढ़ाते हुए अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के उत्थान के लिए संकल्पित है। हमारी सरकार मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, लघु एवं सीमांत वृद्धजन कृषक सम्मान पेंशन योजना के जरिये जरूरतमंदों को आर्थिक संबल प्रदान कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना में राशि को 1 हजार रूपए से बढ़ाकर 1150 रूपए की है और इसमें चरणबद्ध रूप से वृद्धि की जाएगी। संकल्प पत्र के... शेष पेज 9 पर

## हनुमानगढ़ जिले के पेंशनरों के खाते में 27,45,45,100 रुपए की राशि हस्तांतरण



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को हनुमानगढ़ जिले के सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के लाभार्थियों को अभिवृद्धित दरों की पेंशन डीबीटी से हस्तांतरित की। हनुमानगढ़ जिले के कुल 2 लाख 34 हजार 361 पेंशनरों के खाते में 27,45,45,100 रुपए की राशि का हस्तांतरण किया गया। झुंझुनूं जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में अभिवृद्धित राशि का सीधा हस्तांतरण हुआ। हनुमानगढ़ में जंक्शन स्थित अग्रसेन भवन सभागार में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की अभिवृद्धित राशि हस्तान्तरण का जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। इसमें मौजूद लाभार्थी वीसी के जरिए राज्य स्तरीय कार्यक्रम से जुड़े। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के लाभार्थी पेंशनर्स के साथ वर्चुअल संवाद भी किया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विधायक गणेश राज बंसल... शेष पेज 9 पर

# सड़क चौड़ाईकरण व हाई लेवल पुल निर्माण के लिए मांगा 22 करोड़ रुपए का बजट

### » मां भद्रकाली मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए बजट में दो करोड़ रुपए का प्रावधान करने को सीएम को लिखा पत्र

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



मां भद्रकाली के प्राचीन ऐतिहासिक मंदिर को जाने वाली सड़क के चौड़ाईकरण व कॉज-वे के स्थान पर हाई लेवल पुल के लिए राजस्थान सरकार के बजट-2024 में 22 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान करने के संबंध में विधायक गणेश राज बंसल ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। विधायक बंसल ने पत्र के माध्यम से अवगत करवाया कि हनुमानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अमरपुरा थेहड़ी में स्थानीय आस्था का केन्द्र मां भद्रकाली का प्राचीन ऐतिहासिक मन्दिर है। यहां प्रतिवर्ष नवरात्रों में दो बार मेला भरता है। स्थानीय व दूर-दराज के लाखों की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। इसके अलावा भी वर्ष पर्यंत श्रद्धालु दशनार्थ आते रहते हैं। मंदिर को हनुमानगढ़ जिला मुख्यालय से जोड़ने के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग का 7 किमी लम्बा व 25 मीटर चौड़ा मार्गाधिकार प्राप्त है किन्तु मौके पर 16 फीट चौड़ी सड़क ही निर्मित है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है। मंदिर तक पहुंचने के लिए घग्घर नदी के ऊपर बने संकरे कॉज-वे से गुजरना ... शेष पेज 9 पर

# अब जा चुका है राजे और गहलोत का समय: अभिमन्यु

### कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया का बयान, सियासी हलकों में अंदरुनी कलह तेज होने की चर्चा

**जयपुर.** संगरिया विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया ने पूर्व सीएम अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे को लेकर बड़ा बयान दिया है। राजस्थान यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने प्रदेश में नए चेहरे के तौर पर सचिन पायलट को मौका देने की बात कहते हुए कहा कि अब वसुंधरा राजे और अशोक गहलोत का समय जा चुका है। इससे पहले विधायक पूनिया ने पेपर लीक के मुद्दे पर भी अशोक गहलोत पर निशाना साधा था। प्रदेश कांग्रेस यूथ अध्यक्ष और विधायक अभिमन्यु पूनिया ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 'अशोक गहलोत तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके है। उनका कार्यकाल, उनके कार्य करने की नीति राजस्थान की जनता ने देख ली है और राजस्थान की जनता नया चेहरा चाहती है। लगातार पांच साल एक सरकार रहना और पांच साल रिपीट नहीं होना कहीं न कहीं कांग्रेस की ये परिस्थितियां है। अगर ये बंद करना है तो नौजवान चेहरे को मौका देना पड़ेगा।' उन्होंने आगे कहा कि 'निश्चित तौर पर सचिन पायलट जी का नेतृत्व राजस्थान देख चुका है। देश की अधिकांश सीटों... शेष पेज 9 पर

# तबादलों को लेकर दो मंत्रियों में टकराव!

### कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर में तनातनी

**जयपुर.** तबादलों को लेकर भजनलाल सरकार के दो मंत्रियों और विभागों के बीच टकराव शुरू हो गया है। कृषि विभाग ने पिछले दिनों इंजीनियरों के तबादले कर उन्हें जिला परिषदों और पंचायत समितियों में पोस्टिंग दी। कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा की मंजूरी से किए गए तबादलों पर अब मदन दिलावर के पंचायती राज विभाग ने कड़ी आपत्ति जाहिर करते हुए रोक लगा दी है। इसे कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के बीच विवाद से जोड़कर देखा जा रहा है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग ने कृषि विभाग के आदेशों से किए गए इंजीनियरों के तबादलों को मानने से ही इनकार कर दिया। पंचायती राज और ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिला परिषद सीईओ को लेटर लिखकर हाल ही में कृषि विभाग से जिला परिषदों और पंचायत समितियों में लगाए गए इंजीनियरों को जॉइन नहीं करवाने और उन्हें तत्काल मूल विभाग में भेजने के आदेश दिए हैं। आदेश नहीं मानने पर कार्रवाई की चेतावनी दी है। इस मुद्दे पर कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा और मदन दिलावर ने कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन इस पूरे प्रकरण से टकराव सामने आ गया है।

**ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग को किरोड़ी-दिलावर के बीच बांटा:** किरोड़ीलाल मीणा के पास कृषि, उद्यानिकी, ग्रामीण विकास, आपदा राहत विभाग है। मदन दिलावर के पास स्कूल शिक्षा, पंचायती राज विभाग है। ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग अब तक एक ही मंत्री के पास रहते आए हैं। इस ... शेष पेज 9 पर




# आज राज्यपाल करेंगे श्री गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय का उद्घाटन

## बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट ने 6 करोड़ की लागत से बनवाया महाविद्यालय





तेज | मदन शर्मा. नोहर

बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 6 करोड़ की लागत से कस्बे में बनाये गये श्री गोरीशंकर बिहाणी राजकीय कन्या महाविद्यालय का उद्घाटन 28 जून शुक्रवार दोपहर 12.15 बजे समारोहपूर्वक होगा। कार्यक्रम की समस्त तैयारिया पूर्ण करली गई है। महाविद्यालय का उद्घाटन राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र करेगें। राज्यपाल कलराज मिश्र शुक्रवार को चार्टर प्लेन से सिरसा आयेगें और सिरसा से सड़क मार्ग से होते हुये नोहर पहुंचेगें। इसके बाद राज्यपाल महाविद्यालय के उद्घाटन समारोह में भाग लेगें। कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, नोहर विधायक अमित चाचाण, भामाशाह लक्ष्मीनारायण बिहाणी व ओमनारायण बिहाणी सहित बिहाणी परिवार के सदस्य उपस्थित रहेगें। पूरा प्रशासनिक अमला सम्पूर्ण कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने में जुटा है। इसके अलावा राजभवन से भी नोहर पहुंची एक टीम कार्यक्रम की तैयारियों को देख रही है। समारोह को लेकर महाविद्यालय परिसर में विशाल वाटरप्रुफ पंडाल लगाया गया है। महाविद्यालय परिसर के अलावा बिहाणी चौक की विशेष सजावट कि गई है। सम्पूर्ण कार्यक्रम को लेकर आमजन में भी विशेष उत्साह है। संयुक्त व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय मोदी ने बताया कि उक्त महाविद्यालय करीब 6 करोड़ की लागत से गोरीशंकर बिहाणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बनाया गया है। महाविद्यालय का निर्माण अत्याधुनिक तरीके से करवाया गया है। संजय मोदी ने बताया कि शुक्रवार का दिन क्षेत्र के लिये ऐतिहासिक होगा। दशकों से चली आ रही क्षेत्रवासियों की मांग पूरी होगी। उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी व नागरिक भाग लेगें।

### बिहाणी परिवार पहुंचा नोहर

कार्यक्रम में भाग लेने के लिये देश के अलग-अलग राज्यों में बसे बिहाणी परिवार के सदस्य नोहर पहुंच गये है। भामाशाह ओमनारायण बिहाणी से क्षेत्र के अनेक संगठनों ने मिलकर बिहाणी परिवार द्वारा नोहर क्षेत्र में लगातार करवाये जा रहे विकास कार्यों को लेकर पूरे बिहाणी परिवार का आभार जताया। इस मौके पर भामाशाह ओमनारायण बिहाणी ने विकास के विभिन्न मुद्दो पर भी चर्चा की।

### विभिन्न कार्यक्रमों में लिया भाग

पूरे बिहाणी परिवार ने गुरूवार को कस्बे में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। वर्ष 1984 में सेठ गोरीशंकर बिहाणी द्वारा बनाये गये नर्बदा देवी बिहाणी महाविद्यालय में बिहाणी परिवार का अभिनंदन किया गया। इसके अलावा यहां बिहाणी चौक पर गोरीशंकर बिहाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। राधाकृष्ण मन्दिर में सत्संग कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### नोहर की मिट्टी से है लगाव: बिहाणी

नोहर पहुंचे भामाशाह ओमनारायण बिहाणी ने बताया कि उनके परिवार का व्यापार चाहे देश के किसी कोने में है। मगर जन्मभूमि कि मिट्टी के प्रति उनके परिवार का लगाव सदैव रहा है। उन्होंने बताया कि उनके पिता गोरीशंकर बिहाणी द्वारा शुरू किया गया विकास का क्रम अनवरत जारी रहेगा। उन्होंने नोहर को धर्मनगरी बताते हुये कहा कि इस पावन धरा पर अनेक साधु-महात्माओं के चरण पड़े है।

### विकास में बिहाणी परिवार का है अतुलनीय योगदान: चाचाण

नोहर विधायक अमित चाचाण ने बताया कि क्षेत्र के विकास में बिहाणी परिवार का अतुलनीय योगदान है। करीब चार दशक पूर्व बिहाणी परिवार ने ही नोहर में शिक्षा की अलख जगाते हुये जिले के एक मात्र राजकीय महाविद्यालय बनवाया था। अब दशकों बाद भी इसी बिहाणी परिवार द्वारा करीब 6 करोड़ की लागत से कन्या महाविद्यालय का निर्माण करवाया गया है। विधायक ने बताया कि उक्त महाविद्यालय की घोषणा पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट में की थी। जिसके बाद बिहाणी परिवार द्वारा अल्प समय में महाविद्यालय का निर्माण करवाया गया है। दोनों महाविद्यालय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगें।

# गंग कैनाल में पानी की बढ़ोतरी के लिए किसानों ने गंगासिंह चौक पर पड़ाव डाला, अब निरंतर चलेगा धरना

## » पानी नहीं बढ़ा तो 5 जुलाई को फिर महापडाव




तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

गंग कैनाल में पानी की बढ़ोतरी करने की मांग को लेकर ग्रामीण मजदूर किसान समिति (जीकेएस) के आह्वान पर आज बड़ी संख्या में किसानों ने जिला कलेक्ट्रेट के समीप महाराजा गंगासिंह चौक में पड़ाव डाला। पड़ाव स्थल पर हुई सभा को कांग्रेस और भाजपा के नेताओं ने भी संबोधित किया। इसी दौरान जिला प्रशासन और जल संसाधन विभाग के अधिकारियों से वार्ता हुई। वार्ता में कोई ठोस आश्वासन नहीं मिलने पर जीकेएस ने जिला कलेक्टर पर निरंतर धरना देने की चेतावनी देते हुए आगामी 5 जुलाई को फिर से महापड़ाव डालकर कलेक्ट्रेट को ठप करने का ऐलान किया। महाराजा गंगासिंह चौक में दिनभर पड़ाव चला जिसमें सैकड़ो किसान शामिल हुए। पानी बढाने की मांग का खुला समर्थन कांग्रेस ने किया, वहीं भाजपा के सादुलशहर से विधायक गुरवीरसिंह बराड़ भी पहुंचे। जिला प्रशासन से हुई बातचीत में श्रीगंगानगर से भाजपा विधायक जयदीप बिहाणी थी शामिल हुए। पड़ाव स्थल पर हुई सभा को जीकेएस के प्रदेशाध्यक्ष रणजीतसिंह राजू, प्रदेश महासचिव संतवीरसिंह मोहनपुरा, गंग कैनाल के प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंदर सिंह गिल, कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी, भाजपा विधायक गुरवीरसिंह बराड़, पूर्व विधायक राजकुमार गौड ने भी संबोधित किया। सभी ने एक सवर में मांग की की पकड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) द्वारा गंग कैनाल के लिए निर्धारित 2500 क्यूसेक पानी पंजाब से मिलना चाहिए जो कि पिछले 10- 12 दिनों से आधा ही मिल रहा है। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार पंजाब से निर्धारित हिस्से के मुताबिक पानी लेने में पूरी तरह से नाकाम साबित हुई है। राज्य सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं ले रही,जिसकी वजह से श्रीगंगानगर जिले में गंग कैनाल के किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,क्योंकि अभी तक मानसून की बारिश भी नहीं हुई है। पानी के अभाव में फसलें ही नहीं बल्कि किन्नू के बाग भी बर्बाद हो रहे हैं। उधर,पंजाब अपने क्षेत्र के किसानों को धान की रोपाई करने के लिए पूरा पानी दे रहा है। यह सीधे-सीधे श्रीगंगानगर जिले के किसानों पर कुठाराघात है।अगर पानी नहीं मिला तो गन्ने की फसल भी सूख जाएगी। इसे किसानों को बहुत नुकसान होगा। मूंग और गवार की बिजाई भी किसान नहीं कर पाएंगे। किसान नेताओं ने बार-बार चेतावनी दी की पंजाब से गंग कैनाल में पानी की मात्रा जल्द से जल्द बढ़ाई जाए। गंग कैनाल के प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंदर सिंह गिल ने बताया कि एक तरफ श्रीगंगानगर जिले के किसान पानी के लिए आंदोलन कर रहे हैं,उधर पंजाब लगातार पानी की मात्रा कम कर रहा है। आज भी पंजाब में आरडी 45 हैड से 2500 के मुकाबले 2170 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था। पंजाब में गंग कैनाल में पानी की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है। इसके साथ काफी मात्रा में पानी का लॉसेज भी हो जाता है।इसीलिए राजस्थान-पंजाब सीमा पर स्थित खखां हैड पर पहुंचते पहुंचते लगभग 900 क्यूसेक पानी कम हो जाता है। उन्होंने बताया कि आज दोपहर खखां हैड पर 1300 क्यूसेक पानी ही मिल रहा था। इसी पानी में से जल प्रदाय योजनाओं को भी पानी दिया जाता है।किसानों के हिस्से में लगभग आधा पानी ही बचता है,जिससे गंग कैनाल सिस्टम की सभी नहरों को नहीं चलाया जा सकता।पड़ाव के दौरान ही जिला प्रशासन के आमंत्रण पर वार्ता हुई। वार्ता में रणजीतसिंह राजू, संतवीरसिंह मोहनपुरा, हरविंदरसिंह गिल,कांग्रेस जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी शामिल हुए। वहीं भाजपा विधायक जयदीप बिहानी तथा गुरवीरसिंह बराड़ भी पहुंचे। वार्ता विफल रही। प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन नहीं दिया गया कि गंग कैनाल में पूरा पानी कब मिल पाएगा। अलबत्ता कहा गया कि पंजाब क्षेत्र में पानी की चोरी रोकने के प्रयास किए जाएंगे। जल संसाधन विभाग के अधिकारी कल शुक्रवार को पंजाब जाएंगे। प्रशासन के आश्वासन से संतुष्ट नहीं होते हुए किसानों ने अब निरंतर जिला कलेक्ट्रेट पर धरना देने का ऐलान किया है। साथ ही कहा है कि 5 जुलाई को फिर से महापड़ाव डाला जाएगा। उस दिन कलेक्ट्रेट को ठप कर दिया जाएगा। बीबीएमबी बोर्ड की मासिक बैठक कल शुक्रवार को चंडीगढ़ में होने जा रही है। जानकारी के मुताबिक इस बैठक में गंग कैनाल के अधिकारियों द्वारा जुलाई माह के लिए फिर से 2500 क्यूसेक पानी का शेयर मांगे जाने की संभावना है।सूत्रों का कहना है कि पंजाब में धान की रोपाई 10 जुलाई तक चलेगी। इसके बाद ही गंग कैनाल में पूरा पानी मिलाने की संभावना है। इस बीच किसाने की आब मानसून की वर्षा पर आज टिकी हुई है।

### जिला कांग्रेस ने किसान आंदोलन को खुला समर्थन दिया

#### आज कांग्रेसजनों से सीसी हैड पहुंचने का आह्वान



**श्रीगंगानगर।** गंग कैनाल में पंजाब से अत्यधिक पानी की कमी होने के खिलाफ किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को जिला कांग्रेस कमेटी ने खुला समर्थन दिया है। आज किसानों द्वारा महाराजा गंगासिंह चौक में पानी की कटौती के खिलाफ दिए गए धरने में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी के साथ बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता शामिल हुए। अंकुर मगलानी ने कड़े शब्दों में प्रदेश की भाजपा सरकार की आलोचना की कि वह पंजाब से गंग कैनाल के लिए निर्धारित शेयर के मुताबिक लेने में बुरी तरह से नाकाम साबित हुई है। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल को श्रीगंगानगर जिले के किसानों से कतई सहानुभूति नहीं है। पानी की कमी से न केवल किसानों की आर्थिक हालत खराब होगी बल्कि उत्पादन कम होने से राज्य सरकार को भी राजस्व का नुकसान होगा। इसका श्रीगंगानगर जिले के कारोबार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा।उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द पंजाब से गंग कैनाल में निर्धारित 2500 क्यूसेक पानी लेना चाहिए ताकि इस कैनाल सिस्टम की सभी नहरों को चलाया जा सके। किसानों के धरने में उप जिला प्रमुख सुदेश मोर,डायरेक्टर सुखप्रीतसिंह, रायसिंहनगर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राकेश ठोलिया, लालचंद मिर्जावाला, पूर्व सरपंच सुरेंद्र पारीक, अजय गौड,वीणा इंदौरा, हिमांशु सिसोदिया,देवेंद्र मट्टू सुरजीत सिंह, संगठन महामंत्री श्यामलाल शेखावटी,जसमीतसिंह, प्रेम भाटिया, सुरजीत सिंह, राकेश शर्मा पदमपुर, कुलदीप कुन्नर आदि बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता तथा किसान शामिल हुए। जिलाध्यक्ष अंकुर मगलानी ने आह्वान किया है कि कल शुक्रवार को श्रीगंगानगर-पदमपुर मार्ग पर सीसी हैड पर पानी की मांग को लेकर ही किसानों द्वारा किए जा रहे आंदोलन में भी कांग्रेसजन अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो ताकि राज्य सरकार की नींद खुली सके।

# न्यायिक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम का आयोजन

तेज. रिपोर्टर | रावतसर



आपराधिक मामलों के प्रस्तावित तीन नए कानूनो के विषय में न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा कुमावत की अध्यक्षता में संवाद कार्यक्रम का आयोजन बार संघ भवन में किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कानून में बदलाव की जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता व एविडेंस एक्ट के स्थान पर भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता व भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू हो जाएंगे। इनमें बीएनएस में 358 धाराएं बीएनएसएस में 531 धाराएं एवं बीएसए में 170 धाराएं होगी। नए कानून के तहत माबलीचिंग, झपटमारी सहित 9 तरह के अपराध हेतु अलग से प्रावधान किए गए है। कुल 6 तरह के अपराधों में सामुदायिक सेवा का दंड लागू किया गया है व 83 अपराधों में जुर्माना बढ़ाया गया है। इसी प्रकार 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम दंड लागू किया गया है और 33 अपराधों में कारावास दंड की वृद्धि की गई है। बीएनएसएस के तहत 7 वर्ष से अधिक सजा वाले मामलों में फॉरेंसिक जांच जरूरी की गई है। पुलिस अपराध की प्रकृति व गंभीरता के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार व न्यायालय में पेश करते समय हथकड़ी लगा सकेगी। रेप पीड़िता की मेडिकल रिपोर्ट 7 दिन में दी जानी आवश्यक होगी। सम्मन की तामील इलेक्ट्रॉनिक संसूचना के माध्यम से की जा सकेगी। संगोष्ठी में नए कानूनो की जानकारी आमजन तक पहुंचने की कार्ययोजना पर विस्तृत विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर अभियोजन अधिकारी राकेश आसेरी, सचिन चुघ, बार अध्यक्ष लिच्छिराम, तालुका विधिक सेवा समिति के पैनल अधिवक्ता एम.एल. शर्मा, मनसाराम झोरड़, उमेश शर्मा, सुनील धारीवाल, संतलाल बिजारणिया, सतपाल भादू, अर्जन लाल वर्मा, सुरेंद्र हुड्डा, दुलीचंद अठवाल, उमाशंकर गौड़, नीरज सोनी, अनिल सिहाग,अशोक शर्मा, राजेन्द्र थोरी, श्रवण वर्मा, संदीप नाई सहित काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# बिना सहमति के सॉल्वेंसी रिपोर्ट बनाने, लंदन की फैमिली कोर्ट में पेश करने का आरोप

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

स्थानीय जवाहर नगर में सेक्टर नंबर 4 निवासी ईशरसिंह राय सिख नामक व्यक्ति ने अग्रसेननगर में कंसल्टेंटिंग इंजीनियर, रजिस्टर्ड वैल्यूर,सर्वेयर एंड लोस एसेसर्स प्रदीप आहूजा,राणा प्रताप कॉलोनी निवासी पवन कटारिया, अशोक कटारिया, तीन पुली के समीप रहने वाले प्रवीण मुंजाल और लंदन प्रवासी निधि कटारिया पर आपस में मिलीभगत तथा षड्यंत्र रचकर उसकी सहमति के बिना उसके मकान तथा कृषि भूमि की सॉल्वेंसी रिपोर्ट बनाकर लंदन की फैमिली कोर्ट में पेश करने का आरोप लगाया है। जवाहर नगर थाना पुलिस के मुताबिक ईशरसिंह द्वारा अदालत में दायर किए गए इस्तगासा के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। निधि कटारिया ईशरसिंह के बेटे रूपेशसिंह की पत्नी है। निधि कटारिया और रूपेश सिंह में लंदन की फैमिली कोर्ट में केसे चल रहा है। ईशरसिंह का आरोप है कि अशोक कटारिया, पवन कटारिया और प्रवीण मुंजाल के साथ मिलकर कंसल्टेंट इंजीनियर प्रदीप आहूजा से उसके व उसकी पत्नी वीणा के स्वामित्व वाले जवाहरनगर स्थित मकान और चक 3-डी बड़ी में कृषि भूमि की 5 करोड़ 40 लाख 84 हजार रुपए की सॉल्वेंसी रिपोर्ट बनाई। इस रिपोर्ट को लंदन की फैमिली कोर्ट में पेश कर दिया गया।ईशरसिंह का कहना है कि उसके बेटे रूपेश सिंह का इन संपत्तियों से कोई लेना-देना नहीं है।यह संपत्तियां उसकी बताते हुए सॉल्वेंसी रिपोर्ट निधि कटारिया को फैमिली कोर्ट, में चल रहे केस में फायदा पहुंचाने के लिए पेश कर दी गई। मामले की जांच एएसआई राजकुमार के सुपुर्द की गई है।

# नशीले पदार्थों के तस्कर की संपत्तियों को फ्रीज करना सक्षम प्राधिकारी और प्रशासक ने सही ठहराया

## संपत्तियों को अब नहीं किया जा सकेगा, जल्द ही राजसात की जाएगी संपत्तियां

तेज. रिपोर्टर | सूरतगढ़

नशीले पदार्थ के एक तस्कर द्वारा अर्जित की गई संपत्तियों की पहचान करते हुए एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ के तहत फ्रीज करने की कार्यवाही को सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक नई दिल्ली ने सही ठहराते हुए इसकी पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि सूरतगढ़ के समीप राजपुरा प्रिपरेशन निवासी नवीन कुमार आदतन नशीले पदार्थो का तस्कर है। कार्यवाही के तहत उसके नाम आवासीय भूखंड पर बना दो मंजिला मकान, एक वाणिज्यिक भूखंड में बनी दुकान और नवीन की पत्नी के नाम से खरीदशुदा कृषि भूमि को फ्रीज किया गया था। उन्होंने बताया कि सूरतगढ़ सिटी थाना प्रभारी सीआई सुरेश कस्वा ने नवीन कुमार द्वारा अर्जित संपत्तियां संबंधी रिकार्ड प्राप्त कर इस्तगासा सक्षम प्राधिकारी एवं प्रशासक दिल्ली को भिजवाया था। सक्षम प्राधिकारी द्वारा दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के पश्चात थाना अधिकारी द्वारा नवीन कुमार फ्रीज की गई संपत्तियों की कार्यवाही को सही मानते हुए पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक उक्त संपत्तियां सक्षम प्राधिकारी और प्रशासक दिल्ली की अनुमति के बिना स्थानांतरित, बेचान अथवा किसी भी तरीके से अंतरण नहीं की जा सकेंगी। उन्होंने बताया कि जल्दी ही यह संपत्तियां राज साथ की जाएंगी।पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अवैध मादक पदार्थों से थोड़े समय में मोटी कमाई का लालच रहता है,जिससे काफी लोग मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त हो जाते हैं। इस तरह के लालच की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करने व समाज को नशे की दलदल से बचाने के लिए भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यवाही की जाती रहेंगी।

# फ्रेंडशिप खत्म करने पर युवती को धमकाने लगा युवक

## » एसपी के आदेश पर दर्ज हुआ मुकदमा

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



लंबी फ्रेंडशिप को खत्म करने पर युवक द्वारा युवती को धमकियां देने का एक मामला सामने आया है। पीड़िता द्वारा पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली पुलिस ने संदीप जाट नामक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है जो कि अनूपगढ़ जिले के रामसिंहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का निवासी है। पीड़िता भी मूल रूप से संदीप के गांव की ही रहने वाली है जो कि श्रीगंगानगर में रहकर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने आरोप लगाया है कि विगत 20 जून को संदीप ने उसे नेहरू पार्क के पास जाते हुए को रोक लिया। उससे छेड़खानी की और धमकाया कि अगर उसकी बात नहीं मानी तो वह उसे और उसके परिवार को खत्म कर देगा। इसके अगले दिन संदीप ने उसे फोन पर फिर से धमकी दी कि वह पिस्तौल से अगले 5 दिनों में गांव में जाकर उसके परिवार वालों को मार देगा। युवती ने धमकी भरे फोन कॉल को रिकॉर्ड कर लिया। इस कॉल रिकॉर्डिंग के अलावा भी उसने पुलिस को कुछ और कॉल रिकॉर्डिंग दी है,जिसमें उसने संदीप द्वारा बार-बार धमकियां देने का जिक्र किया है। पुलिस को दी रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया है कि वह संदीप को कई वर्षों से जानती है और उससे मित्रता भी रही है। लगभग 2 वर्ष पहले तब उसने संदीप से मित्रता खत्म कर दी, जब उसका आचरण गलत व संदिग्ध प्रतीत होने लगा। वह गंगानगर में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करने के लिए रह रही है। संदीप ने बार-बार शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया। उसने इससे साफ इनकार कर दिया। जब वह बार-बार यह बात कहने लगा तो करीब 2 वर्ष पहले संदीप से मित्रता खत्म कर दी। उससे बात करना बंद कर दिया। तभी से संदीप उसके साथ रंजिश रखने लगा। अक्सर उसे रास्ते में आते-जाते को रोक कर संदीप उसे धमकियां देता है। छेड़खानी करने की कोशिश करता है। पीड़िता ने बताया है कि उसने विगत अप्रैल माह में रामसिंहपुर थाना में संदीप के खिलाफ रिपोर्ट दी थी लेकिन वहां की पुलिस ने कार्यवाही नहीं की। श्रीगंगानगर में उसके द्वारा बार-बार छेड़खानी करने और धमकियां देने से परेशान होकर उसने चार-पांच दिन पहले कोतवाली व महिला थाना में भी रिपोर्ट दी, तब भी उसके खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिए जाने पर अब संदीप के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। पीड़िता ने बताया है कि संदीप का पिता काफी प्रभावशाली है।इसी कारण उसके खिलाफ पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही।

### नवल इमीग्रेशन के संचालकों पर 7 लाख की धोखाधड़ी के आरोप में मुकदमा दर्ज




**श्रीगंगानगर।** स्थानीय नेहरू पार्क के समीप स्थित नवल इमीग्रेशन के संचालकों नवनीत सोनी और रघुवीर सोनी पर पुरानी आबादी के मोहरसिंह चौक में रहने वाले एक शख्स ने विदेश भेजने के नाम पर 7 लाख रुपए की धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज करवाया है।पुलिस के अनुसार विश्वास जाट द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुरानी आबादी थाना में दोनों संचालकों पर धारा 406 और 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई है। मूल रूप से हनुमानगढ़ जिले में गांव कोहला निवासी विश्वास जाट ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि नवनीत तथा रघुवीर सोनी ने विदेश भेजने के नाम पर उसे 9 लाख रुपए ले लिए। उसने अलग-अलग तारीखों को इन दोनों के बैंक खातों में यह राशि जमा करवाई थी।इसमें से 2 लाख रुपए उन्होंने वापस कर दिए लेकिन 7 लाख रुपए अभी तक नहीं दिए हैं।जब वह उनके ऑफिस में रुपए मांगने के लिए जाता है तो उसे झूठे मुकदमे में फंसा देने की धमकी दी जाती है। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच पुरानी आबादी थाना प्रभारी सीआई गोविंदसिंह चारण कर रहे हैं।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत

**श्रीगंगानगर।** अनूपगढ़ जिले के रावला कस्बे में एक युवक की बाइक फिसलने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार यह युवक गुरप्रीतसिंह निवासी चक 8 केपीडी विगत 24 जून की शाम को मोटरसाइकिल पर रावला से अपने घर जा रहा था। रावला मंडी के नजदीक नहर पुलिया के पास संतुलन बिगड़ने से वह मोटर साइकिल से गिर गया, जिससे उसके गंभीर चोट लगी। गुरप्रीतसिंह को डॉक्टर ने बीकानेर के लिए रैफर कर दिया। बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल में वह कल बुधवार को दम तोड़ दिया। मृतक के पिता तरसेमसिंह जटसिख (60) द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर मर्ग दर्ज की गई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी।

# चाचा द्वारा बार-बार नाबालिग भतीजी से छेड़खानी

## कोतवाली में मामला दर्ज, जांच शुरू

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



स्थानीय बसंती चौक के समीप एक कॉलोनी में रहने वाले एक युवक सुनील पर एक महिला ने उसकी आठवीं कक्षा में नाबालिग पोती से बार-बार छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। आरोपी सुनील पीड़ित किशोरी का रिश्ते में चाचा लगता है। सुनील के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार महिला ने बताया है कि उसकी पोती आठवीं कक्षा में अध्यनरत है। पोती को शुरू से ही उसके पास रह रही है। वह ही उसे पढ़ाई करवा रही है। महिला के मुताबिक सुनील उसके जेठ का बेटा है,जो उसकी नाबालिक पोती पर बुरी नजर रखता है। उसने दो बार बदनीयत से उसकी पोती के साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ की थी। पता चलने पर उन्होंने सुनील को समझाया। उसके परिवार वालों से भी बात की, लेकिन सुनील अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। वह अक्सर उसकी पोती से छेड़खानी करता है। महिला के अनुसार पिछले महीने वह पति के साथ अपनी ननद के यहां गई हुई थी। उसी रात को सुनील घर में आया और उसकी पोती से जबरदस्ती करने लगा। पोती ने शोर मचा दिया तो वह भाग गया। इस संबंध में उन्होंने सेतिया कॉलोनी पुलिस चौकी में रिपोर्ट दी थी लेकिन सुनील के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की गई। इसके बाद भी सुनील नाबालिग पोती से छेड़खानी करने से बाज नहीं आया। जानकारी के अनुसार महिला ने अपनी पोती के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश होकर लिखित में सारी घटना बताई, जिसके बाद अब मामला दर्ज हुआ है। जांच कोतवाली प्रभारी सीआई पृथ्वीपालसिंह खुद कर रहे हैं।

### वृद्ध महिला ने वाटरवर्क्स की डिग्गी में कूद कर आत्महत्या की

श्रीगंगानगर। घमूडवाली थाना क्षेत्र के चक 54-एलएनपी में लगभग 85 वर्ष की एक बुजुर्ग महिला ने वाटरवर्क्स की डिग्गी में कूद कर आत्महत्या कर ली।घटना की जांच कर रहे एएसआई सुरेश कुमार ने बताया कि बुजुर्ग महिला मुख्तियार कौर की दिमागी हालत पिछले दिनों कुछ समय के अंतराल पर दो बेटों की मौत हो जाने के कारण सही नहीं थी। इसी परेशानी के चलते उसने कल दोपहर को गांव के वाटरवर्क्स परिसर में जाकर पानी की डिग्गी में छंलांग लगा दी। गांव वालों को इसका बाद में पता चला। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर लाश को बाहर निकलवाया, जिसे आज आज पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों दे दी गई। उसके तीसरे बेटे रामसिंह की ओर से मर्ग दर्ज की गई है।

# नव विवाहित युवक ने की आत्महत्या

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी



जवाहरनगर थाना क्षेत्र में गांव साधुवाली में एक नवविवाहित युवक ने गंग कैनाल की बारहमासी नहर में कूद कर आत्महत्या कर ली घटना की जांच कर रहे एएसआई राजकुमार ने बताया कि मृतक युवक की पहचान श्रवण कुम्हार (26)निवासी ढाबा झालर,थाना सूरतगढ़ सदर के रूप में हुई है। वह श्रीगंगानगर में एक मोटरसाइकिल वर्कशॉप में काम करता था। उसकी दो-तीन महीने पहले शादी हुई थी। वह कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान था।श्रवण कल मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे अपने गांव से रोजाना श्रीगंगानगर में वर्कशॉप पर काम करने जाने का कहकर निकला था, लेकिन वह वर्कशॉप पर नहीं गया। श्रीगंगानगर आने के बाद वह साधुवाली में चला गया,जहां नहर के पास ही एक बरगद के पेड़ के नीचे लेट गया। कुछ देर बाद उसने अपना मोबाइल फोन और जूते वहां छोड़े तथा पुल से करीब एक बीघा दूर जाकर नहर में छंलांग लगा दी। एक होटल वाले ने उसे कूदते हुए देखा तो शोर मचाया। साधुवाली गांव से चार-पांच कुशल तैराक दौड़कर आए जो नहर में कूदे श्रवण की तलाश करने लगे। इस बीच सूचना पाकर एएसआई राजकुमार मौके पर गए। उन्होंने बताया कि लगभग 2 घंटे की मशक्कत से गोताखोरों ने श्रवण को ढूंढ लिया। इस बीच बरगद के पेड़ के नीचे पड़े मोबाइल फोन पर घंटी बजी तो कॉल करने वाले से पता चला कि यह मोबाइल फोन श्रवण है। इससे नहर में कूदने वाले युवक की पहचान हुई। श्रवण का कोई परिजन मोबाइल फोन पर उससे बात करना चाहता था। वह लगातार फोन कर रहा था लेकिन फोन नो रिप्लाई था। तब उसने वर्कशॉप के संचालक को फोन किया तो उसने बताया कि वह आज काम पर नहीं आया। जब परिवारजनों को श्रवण के नहर में कूदने का पता चला तो वह तुरंत ही गांव से रवाना हो गए। इस बीच पुलिस ने उसकी लाश को जिला अस्पताल के मुर्दाघर में सुरक्षित रखवा दिया। उसके चाचा इंद्रपाल द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। पोस्टमार्टम के बाद लाश परिवारजनों के सुपुर्द कर दी गई। एएसआई राजकुमार ने बताया कि श्रवण द्वारा खुदकुशी करने के कारण की जांच की जा रही है।

# पुलिस थाना में लगवाया वाटर कूलर

## थाना स्टाफ के साथ परिवादियों को उपलब्ध होगा ठंडा पानी




तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

श्री अमरनाथ सेवा समिति की ओर से टाउन पुलिस थाना में वाटर कूलर भेंट किया गया है। गुरुवार को थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां के साथ समिति पदाधिकारियों ने वाटर कूलर का विधिवत लोकार्पण किया। इस मौके पर श्री अमरनाथ सेवा समिति अध्यक्ष सूरजभान मित्तल ने बताया कि भीषण गर्मी में पुलिस थाना परिसर में आने वाले परिवादियों के साथ थाना स्टाफ को वाटर कूलर से ठंडा पानी उपलब्ध होगा। वाटर कूलर का रख-रखाव भी समिति सदस्यों की ओर से किया जाएगा। थाना प्रभारी रामचन्द्र कस्वां ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाने से बड़ी कोई सेवा नहीं है। उन्होंने इस सेवा कार्य के लिए श्री अमरनाथ सेवा समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों का धन्यवाद किया। इस मौके पर एएसआई प्रकाश चन्द स्वामी, समिति सचिव इन्द्रजीत चराया, उपाध्यक्ष पवन सिंगला, सहसचिव हैप्पी गुम्बर, प्रवक्ता विनय सिंगला, प्रवीण गर्ग, कृष्णा मदान, राजकुमार चुघ, विनोद गर्ग आदि मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे पर दो ट्रकों में भिड़ंत के बाद आग लगी, एक ट्रक के चालक की मौत, तीन घायल

तेज. रिपोर्टर| बीकानेर



बीकानेर। जिले में महाजन थाना क्षेत्र में जैतपुर टोल नाका के समीप आज सुबह लगभग 5=30 बजे एक खड़े ट्रक में पीछे से दूसरा ट्रक टकरा गया। दोनों ट्रकों में आग लग गई।हादसे में एक ट्रक के चालक की मृत्यु हो गई जबकि तीन व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को बीकानेर के पीबीएम हॉस्पिटल के लिए रैफर किया गया है। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।महाजन थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर कश्यप सिंह ने बताया कि इस दुर्घटना में खड़े ट्रक में पीछे से टकराने वाले ट्रक के चालक कुलदीपसिंह (35) निवासी रतिया जिला फतेहाबाद (हरियाणा) की मृत्यु हो गई। इस ट्रक का परिचालक सतवीर (34) निवासी मंडेला जिला सिरसा (हरियाणा) और खड़े ट्रक के चालक कुलविंदर सिंह (36) निवासी परवाही और परिचालक अग्नवीरसिंह (38) निवासी पांडा जिला बरनाला (पंजाब) घायल हो गए।उन्होंने बताया कि कुलविंदर सिंह झुलस गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि कुलविंदरसिंह और अग्नवीरसिंह का ट्रक जैतपुर टोल नाका के पास खराब हो गया था। ट्रक की शाफ्ट टूट गई थी। यह दोनों ट्रक के नीचे शाफ्ट को ठीक कर रहे थे।तभी कुलदीपसिंह का ट्रक पीछे से आ टकराया। टक्कर इतनी जोर से हुई कि कुलविंदरसिंह ट्रक केबिन की विंडस्क्रीन को तोड़ते हुए बाहर दोनों ट्रकों के बीच आ गारा जिससे उसके काफी गंभीर चोटें लगी। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसी दौरान दोनों ट्रकों में आग लग गई। हाईवे से गुजर रहे वाहनों में सवार लोगों ने आग को बुझाने के प्रयास किये लेकिन ट्रकों के डीजल टैंकों में विस्फोट हो जाने की आशंका से लोग दूर हो गए, लेकिन लोगों ने उक्त तीनों घायलों को बाहर निकाल लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। आग क बुझाने के लिए सूरतगढ़ थर्मल पावर प्लांट से दमकल वाहन बुलाने पड़े। महाजन में दमकल सेवा नहीं है। इस बीच ट्रकों में आग धधकती रही। घायल कुलविंदरसिंह,अग्नवीरसिंह और सत्यवीर को महाजन के सरकारी अस्पताल से बीकानेर रैफर कर दिया गया। आग काबू में आने के बाद दोनों क्षतिग्रस्त वाहनों को साइड में करवा कर यातायात को बहाल किया गया। उन्होंने बताया कि एक ट्रक में कबाड़ का सामान और दूसरे ट्रक में स्टील चद्दरों के रोल लदे थे। दुर्घटना में मारे गए युवक और घायलों के परिवारजनों को सूचना दी गई है। परिवारजन महाजन और बीकानेर पहुंचे। मृतक कुलविंदर सिंह का शव पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिवार वालों को सौंप दिया गया है। हादसे के संबंध में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

# घरेलू बंटवारे में मिले भूखण्ड में घुसने पर दी टुकड़े-टुकड़े करने की धमकी!

**» महिला ने कलक्टर से की शिकायत**

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़



हनुमानगढ़। घरेलू बंटवारे में मिले भूखण्ड पर कब्जा करने का प्रयास करने व पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए नोहर निवासी एक महिला ने गुरुवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से धमकी देने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई। गायत्री पत्नी राजेन्द्र निवासी ग्राम ललाना बास उतरादा हाल वार्ड 11, नोहर ने बताया कि ग्राम ललाना बास उतरादा में उसका एक भूखण्ड है। यह भूखण्ड उसे अपने जेठ हरदयाल पुत्र रामसिंह निवासी ललाना बास उतरादा से 2016 को घरेलू बंटवारा में मिला था। उसने भूखण्ड की चार दीवारी के साथ एक कमरे का निर्माण करवा लिया। उसके जेठ का लड़का प्रेम व प्रेम की माता चावली, प्रेम की पत्नी कमलेश उसके भूखण्ड को हड़पना चाहते हैं। इसलिए वे उसे हर समय जान से मारने की फिराक में रहते हैं। कई बार उसपर जानलेवा हमला भी कर चुके हैं। इसके चलते उसकी शिकायत पर नोहर एवं गोगामेड़ी थाना पुलिस की ओर से प्रेम को पाबंद करने की कार्रवाई की जा चुकी है। इसके अलावा उसके मकान में घुसकर चोरी करने के आरोप में गोगामेड़ी पुलिस थाना में 2022 में प्रेम के खिलाफ एफआईआर भी दर्ज हो चुकी है। गायत्री के अनुसार प्रेम राजनीतिक प्रभावशाली व्यक्ति है तथा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ रहता है। प्रेम ने अपने राजनैतिक प्रभाव के कारण चोरी के आरोप में दर्ज उक्त मुकदमे में एफआर लगवा दी। एफआर न्यायालय में विचाराधीन है। गायत्री के अनुसार वह 23 जून को नोहर से ललाना बास उतरादा उक्त मकान में गई तो मकान के गेट टूटे हुए थे और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। उसने इधर-उधर पूछताछ की तो प्रेम ने कहा कि उसने ही गेट तोड़े हैं। वे इस प्लाट पर काबिज होंगे। अगर उसने आज के बाद यहां आने की कोशिश की तो टुकड़े-टुकड़े कर दूंगा। साथ ही कहा कि वह सभी मुकदमों में राजीनामा कर ले और यह प्लाट उसके नाम करवा दे, अन्यथा अंजाम बुरा होगा। गायत्री के अनुसार उसके भूखण्ड की कीमत अधिक होने के कारण अब प्रेम वगैरा उसे बार-बार धमकी दे रहे हैं कि वे किसी भी शर्त पर उक्त भूखण्ड को नहीं छोड़ेंगे, चाहे उसका पूरा परिवार ही क्यों न खत्म करना पड़े। प्रेम, उसकी माता व पत्नी बार-बार जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। यदि समय रहते इनके खिलाफ कार्रवाई कर उसकी एवं उसके परिवार की हिफाजत नहीं की गई तो यह लोग कभी भी किसी भी समय उन्हें जान से खत्म कर देंगे।

## जिला चिकित्सालय में व्याप्त अव्यवस्थाओं से करवाया अवगत

**» पीएमओ से मिले भाजपा नगर मण्डल कार्यकर्ता**



**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** भारतीय जनता पार्टी नगर मण्डल टाउन के कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को राजकीय जिला चिकित्सालय के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. शंकर सोनी से मुलाकात कर चिकित्सालय की व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता जताई। नगर मण्डल अध्यक्ष विकास शर्मा ने बताया कि जिला चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था सुचारू नहीं है। नवजात शिशु वार्ड के अंदर प्रसव कक्ष (लेबर कक्ष) में भ्रष्टाचार की शिकायतें नियमित रूप से आ रही हैं। कुछ कार्मिकों का मरीजों के परिजनों के प्रति व्यवहार ठीक नहीं। वे अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। कार्यकर्ताओं ने पीएमओ से ऐसे कार्मिकों के खिलाफ कार्रवाई करने व सफाई व्यवस्था सुचारू करने की मांग की। पीएमओ ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस मौके पर मण्डल उपाध्यक्ष राजपाल, अशोक जुनेजा, संदीप छाबड़ा, महामंत्री राम कुक्कड़, मंत्री अमीचंद सरस्वा, राजकुमार कश्यप, संदीप सिंह, जिला ओबीसी मोर्चा मंत्री महेश वर्मा, मदन सोनी, सोशल मीडिया प्रभारी नरेंद्र शर्मा आदि मौजूद थे।

## कलक्ट्रेट कार्यालय के समक्ष स्काउट गाइड द्वारा प्राकृतिक प्याऊ की स्थापना




**तेज रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ हनुमानगढ़ जंक्शन द्वारा गर्मी से राहत देने के लिए प्राकृतिक प्याउ की स्थापना जंक्शन जिला कलैक्ट्रैट कार्यालय के समक्ष की गइ। कोषाध्यक्ष सोहन लाल गोदारा ने बताया की स्काउट, गाइड, रोवर, रेंजर ने भीषण गर्मी को देखते हुए स्काउट कला से बंसो और रस्सियों से ठंडे पानी की प्याऊ जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने बनाई। उक्त प्याउ प्राकृतिक कला के माध्यम से बनाया गया है, जिसमें मिट्टी के घड़े स्थापित किये गये है, जिसकी देखरेख स्काउट के विद्यार्थियों द्वारा की जायेगी। प्याऊ बनाने में रोवर सोनू, अजय कुमार, सचिन तंवर, गुरसेवक निराला, रेंजर तनिषा का विशेष सहयोग रहा।

# अशोक सुथार चुने गए लायंस क्लब के द्वितीय उपाध्यक्ष

**- सत्र 2023-24 के कार्यकाल में की गई गतिविधियों की दी जानकारी**

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़



लायंस क्लब की आम बैठक गुरुवार को जंक्शन के एक होटल में अध्यक्ष छगनलाल महाजनी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में द्वितीय उपाध्यक्ष पद के लिए संरक्षक सुरेश महिपाल की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया सम्पन्न हुई। संरक्षक सुरेश महिपाल ने द्वितीय उपाध्यक्ष के लिए नाम सदन में रखने के लिए क्लब सदस्यों को आमंत्रित किया। अशोक नारंग ने अशोक सुथार के नाम का प्रस्ताव द्वितीय उपाध्यक्ष पद के लिए सदन में रखा। तीर्थ कुमार शर्मा एवं रामनिवास मांडण ने प्रस्ताव का समर्थन किया। इसके बाद मौजूद क्लब सदस्यों ने ध्वनि मत से द्वितीय उपाध्यक्ष पद पर अशोक सुथार के नाम का समर्थन किया। संरक्षक सुरेश महिपाल ने द्वितीय उपाध्यक्ष पद पर अशोक सुथार को मनोनीत किया। इसके उपरांत रीजन चेयरपर्सन शिव शंकर खड़गावत, जॉन चेयरपर्सन कमलजीत सैनी एवं कैबिनेट एक्टिविटी सेक्रेटरी अशोक नारंग को सदस्यों ने माल्यार्पण कर बधाई दी। अध्यक्ष छगनलाल महाजनी ने पिछले सत्र 2023-24 के कार्यकाल में की गई गतिविधियों की जानकारी दी। सचिव अशोक सुथार ने वार्षिक प्रतिवेदन पढ़कर सदन में सुनाया। कोषाध्यक्ष अनिल गगनेजा ने सदन में गत वर्ष का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। छगनलाल महाजनी ने नए पीएसटी सचिव दीपक सिंगला, कोषाध्यक्ष दिग्विजय जुनेजा को लायनवाद की परंपरा अनुसार चार्टर लायन बैनर रसीद बुक, लायन बेल, हैमर, एफडीआर सहित अन्य आवश्यक संसाधन सुपुर्द किए। प्रथम उपाध्यक्ष रामनिवास मांडण ने 30 जून को जयपुर में आयोजित होने वाले पारितोषिक अवार्ड सेरेमनी की जानकारी देते हुए क्लब सदस्यों से शामिल होने का आग्रह किया। बैठक में अनिल गगनेजा, भारतेंदु सैनी, मोहित बलाड़िया, केडी सिंह, भूपेंद्र लांबा सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# पाठी पर लगाए आरोप, कार्रवाई की मांग

**- लोंगवाला के ग्रामीणों ने एसपी को सौंपा ज्ञापन**

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़



तहसील के गांव लोंगवाला के पाठी पर कई तरह के आरोप लगाते हुए गुरुवार को कुछ ग्रामीणों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंप जांच करवा कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। सेवासिंह पुत्र बंशीसिंह निवासी लोंगवाला तहसील पीलीबंगा ने बताया कि वह गुरुद्वारा साहिब लोंगवाला में सेवा करता है। गुरुद्वारा साहिब लोंगवाला में पाठी टहलसिंह निवासी किलयांवाली खारा चक है। उन्होंने आरोप लगाया कि टहलसिंह बदमाश प्रवृत्ति का व्यक्ति है जो गुरुद्वारा में आने जाने वाली निम्न तबके की संगत के साथ गाली-गलौज कर उन्हें अपमानित करता है। इससे सिख धर्म की मान-मर्यादा को ठेस पहुंचती है। कई बार समझाने के बाद भी टहलसिंह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा। गुरुद्वारा कमेटी के सभी सदस्य भी इससे परेशान हैं। बावजूद इसके यह जबरन गुरुद्वारा साहिब में पाठी बनकर बैठा है। कुछ असामाजिक तत्व टहलसिंह को शह देते हैं। सेवासिंह के अनुसार 18 अप्रेल को वह व गुरमीत सिंह वगैरा गुरुद्वारा साहिब में माथा टेक कर बाहर आ रहे थे। तभी पाठी टहलसिंह ने गालियां निकाली। उसकी दाढ़ी में हाथ डालकर गुरुद्वारा साहिब से बाहर निकल जाने की बात कही। बरछी निकाल कर मारने के लिए पीछे दौड़ा। मौके पर गुरमीत सिंह व रामेश्वर लाल ने बीच-बचाव किया। तब टहलसिंह ने धमकी दी कि वह उसके नाम से गुरुद्वारा साहिब में पाठ पूजा कर उसका सत्यनाश कर देगा। सेवासिंह के अनुसार उसने इस सम्बन्ध में गोलूवाला पुलिस थाना में रिपोर्ट दर्ज करवाई परन्तु पुलिस की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। पाठी टहलसिंह की ओर से उसे अब भी धमकी दी जा रही है कि थाना में परिवाद दर्ज करवाकर मेरा क्या उखाड़ लिया। मैं गुरुद्वारा साहिब पर कब्जा करूंगा, मेरा क्या उखाड़ लोगे। सेवासिंह ने आरोप लगाया कि पाठी टहलसिंह गुरुद्वारा साहिब में कुछ असामाजिक तत्व के लोगों को भी बैठाए रखता है जो कि नशेड़ी प्रवृत्ति के हैं। पाठी टहलसिंह की ओर से गुरुद्वारा साहिब का अपमान किया जा रहा है एवं सिख धर्म की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। उनकी धार्मिक भावना को ठेस पहुंचाई जा रही है। सेवासिंह ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर इस सम्बन्ध में जांच करवाकर टहलसिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर कई ग्रामीण भी मौजूद थे।

# जाप्ता उपलब्ध न करवाने से अधरझूल में लटक रहा पक्के खाला का निर्माण

**- पानी की बारी से वंचित हो रहे किसान, जिला कलक्टर से लगाई गुहार**

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़



पक्का खाला निर्माण के लिए पुलिस जाप्ता उपलब्ध करवाने की मांग के संबंध में चक सात एसटीजी, डबलीराठान के किसानों ने गुरुवार को जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। किसानों ने बताया कि चक सात एसटीजी में सीएडी की ओर से पक्का खाला का निर्माण करवाया जा रहा है लेकिन कुछ किसान खाला निर्माण में अवरोध पैदा कर रहे हैं। इसके संबंध में सीएडी की ओर से खाला निर्माण में अवरोध पैदा करने के चलते खाला के नवनिर्माण के लिए उपखण्ड अधिकारी से पुलिस जाप्ता मांगा गया था। उपखण्ड अधिकारी की ओर से 26 जून को डबलीराठान उप तहसीलदार को इसके लिए निर्देशित किया गया। इस पर डबलीराठान उप तहसीदार की ओर से सदर पुलिस थाना से जाप्ता मांगा गया लेकिन अभी तक पक्का खाला के निर्माण के लिए किसी तरह की कोई कार्यवाही तहसीलदार एवं पुलिस विभाग की ओर से नहीं की गई। अधूरे खाला निर्माण कार्य के चलते चक के किसान पानी की बारी वंचित हो रहे हैं। किसानों ने जिला कलक्टर से मांग की कि चक सात एसटीजी में अधरझूल में पड़े पक्का खाला के निर्माण के लिए सदर पुलिस थाना को जाप्ता उपलब्ध करवाने के लिए आदेशित किया जाए। इस मौके पर सुभाष, पृथ्वीराज, रणजीत, श्रवण कुमार सहित कई अन्य किसान मौजूद थे।

# गाय को बेरहमी से पीटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**तेज. हनुमानगढ़।** सदर थाना पुलिस ने घर में घुसी गाय को बेरहमी से पीटने के संबंध में गौवंश अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में कार्रवाई करते हुए गुरुवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार युवक बिजली विभाग का सरकारी कर्मचारी है। जांच अधिकारी डबलीराठान पुलिस चौकी प्रभारी एएसआई विजय सोनी ने बताया कि मांगूराम (29) पुत्र कृष्ण लाल ओड निवासी वार्ड 15, डबलीबास मौलवी ने 23 जून को लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया था कि 15 जून को उसकी पालतू गाय घर से खुल कर सुरेश कुमार पुत्र कृष्णलाल कुम्हार के घर में घुस गई। इससे नाराज सुरेश कुमार ने गाय को लाठी से पीटा। वह मौके पर गया तो सुरेश कुमार ने उसके पेट पर भी लाठी से दो वार किए। पीटने से गाय की पीठ व जबड़ा पर गंभीर चोटें आई। गाय ने खाना-पीना छोड़ दिया। नीचे गिर गई और दर्द के कारण मर गई। जांच अधिकारी के अनुसार रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान गोवंशीय पशु (वध का प्रतिषेध और अस्थाई प्रव्रजन या निर्यात का विनियमन) नियम 1995 के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया। गुरुवार को आरोपी सुरेश कुमार (38) पुत्र कृष्णलाल कुम्हार निवासी डबलीराठान को गिरफ्तार किया। अनुसंधान के बाद आरोपी को मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भिजवा दिया।

# मारपीट के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**- चिट्टा बेचने का धंधा करने वाली युवती व युवक की ओर से बुजुर्ग से मारपीट करने का मामला**

तेज. रिपोर्टर| हनुमानगढ़

चिट्टा सहित अन्य नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करने वाली युवती की ओर से अपने परिचित युवक के साथ मिलकर पड़ोस में रहने वाले बुजुर्ग को पीटने के मामले में कार्रवाई करते हुए जंक्शन थाना पुलिस ने गुरुवार को आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ में जुटी है। जांच अधिकारी हैड कांस्टेबल प्रेम कुमार ने बताया कि प्रहलाद राय (75) पुत्र श्योकरण राम तरड़ निवासी मन्नीवाली पीएस सादुलशहर जिला श्रीगंगागनर हाल सैक्टर नम्बर 9, विस्तार, हनुमानगढ़ जंक्शन ने 21 जून को लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया था कि सिंचाई विभाग कॉलोनी के एक क्वार्टर में विभाग के दिवंगत ड्राइवर की बेटी किरण देवी रहती है जो चिट्टा व नशे का धंधा करती है। किरण देवी के पास असामाजिक तत्वों का आना-जाना लगा रहता है। किरण देवी के पास आने वाले लोग अपने वाहन उसके घर के पास खड़े कर देते हैं। 20 जून को शाम करीब चार बजे उसने किरण देवी के घर के पीछे बाइक खड़ी देखी। वह अपने मोबाइल फोन से उस बाइक की फोटो लेने लगा। जब वह फोटो खींच रहा था तभी बाइक चालक वहां आ गया। उसने उसका भी फोटो ले लिया। इस पर उस व्यक्ति ने फोन कर किरण देवी को बुला लिया। इसके बाद दोनों ने उससे मारपीट की। पीछे से धक्का देकर नीचे फर्श पर गिरा दिया। इससे उसके माथे, आंखों व बाएं हाथ की अंगुली पर गम्भीर चोटें आई। जांच अधिकारी प्रेम कुमार ने बताया कि तफ्तीश के दौरान गुरुवार को आरोपी शाहनबाज (33) पुत्र मोहम्मद रमजान निवासी वार्ड एक, गांव नवां को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से अनुसंधान जारी है।

# गश्त के दौरान युवक के कब्जे से रिवॉल्वर बरामद

**तेज. हनुमानगढ़।** टाउन पुलिस थाना की टीम ने बुधवार रात्रि को गश्त के दौरान आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक युवक के कब्जे से रिवॉल्वर बरामद की। पुलिस मुकदमा दर्ज कर अवैध हथियार की खरीद आदि के संबंध में गिरफ्तार युवक से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार टाउन पुलिस थाना के हैड कांस्टेबल पुरुषोत्तम पचार के नेतृत्व में गठित टीम बुधवार रात्रि को गश्त कर रही थी। गश्त करते हुए पुलिस टीम टिब्बी रोड से गुजरने वाली एचएमएच नहर की पुलिया पर पहुंची तो वहां घूम रहे एक युवक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत हुईं। शक के आधार पर पुलिस ने युवक को रुकवाकर तलाशी ली तो उसके कब्जे से रिवॉल्वर बरामद हुई। पुलिस ने मौके से चन्द्रशेखर उर्फ शेखर (25) पुत्र धनराज निवासी नन्दराम की ढाणी को गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया। जांच एएसआई रतनलाल कर रहे हैं।

# विधायक डूंगरराम ने सारस्वत समाज धर्मशाला के लिए 10 लाख रुपए विवेकाधीन फंड से देने की घोषणा की

तेज. रिपोर्टर | सूरतगढ़




कुंडिया सारस्वत समाज की बैठक अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा की अध्यक्षता में सारस्वत समाज की निर्माणधीन धर्मशाला नजदीक परशुराम चौक में बुधवार शाम को संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गैदर और विशिष्ट अतिथि शिव शंकर ओझा और बद्रीप्रसाद बन्नानी थे। विधायक डूंगरराम गैदर ने धर्मशाला का निर्माण पूर्ण करवाने के लिए विवेकाधीन फंड से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की।विधायक डूंगरराम ने कहा कि सारस्वत समाज द्वारा भव्य धर्मशाला बनाकर इस शहर को दी जा रही है। इसके लिए सारस्वत समाज को साधुवाद। मुझे पूरा विश्वास है कि सारस्वत समाज इस धर्मशाला का निर्माण भव्य तरीके से होगा। इसका लाभ सिर्फ सारस्वत समाज को ही नहीं पूरे शहर को मिलेगा।उन्होंने कहा कि जब भी कोई शहर का व्यक्ति उनके पास किसी भी काम से आता है तो मेरे लिए उसकी जाति नहीं उसका काम ज्यादा मायने रखता है।मैने पूरी ईमानदारी से हर उस व्यक्ति का काम करने का प्रयास किया जो उनके पास आया। उन्होंने इस भव्य धर्मशाला निर्माण में विधायक कोटे से 10 लाख रुपए देने की घोषणा की और विश्वास दिलाया है कि वे भविष्य में भी आपको हर प्रकार से सहयोग करते रहेंगे। जब भी सारस्वत समाज को उनकी जरूरत होगी तो वे समाज के साथ खड़ा मिलेंगे। इससेपहले श्यामसुंदर शर्मा ने विधायक डूंगरराम गैदर को धर्मशाला बनाने के लिए किये जा रहे कार्य के सम्बंध विस्तार से जानकारी दी गई।महासचिव पवन तावनिया ने बैठक का एजेंडा रखा। उन्होंने धर्मशाला निर्माण की वस्तुस्थिति, आर्थिक सहयोग कैसे प्राप्त हो, धर्मशाला में सूरतगढ़ समाज के विप्रजनों की भागीदारी सुनिश्चित करने के बारे में विचार रखें। निर्माण कमेटी अध्यक्ष डॉ महावीर सारस्व ने धर्मशाला निर्माण की वस्तुस्थिति, 2 मंजिल भवन का नक्शा, अनुमानित बजट तथा आगे कार्य के बारे विस्तार से बताया। अध्यक्ष लक्ष्मण शर्मा ने विधायक डूंगरराम का धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी मदद की अपेक्षा की। अध्यक्ष ने आर्थिक सहयोग देने वालो को सभी विप्रजनों का भी धन्यवाद काया। उन्होंने विश्वास दिलाया कि सब के सहयोग से भव्य धर्मशाला बनेगी। बैठक में अनन्तराम कायल ने अपने परिवार की तरफ से धर्मशाला निर्माण के लिए एक लाख रुपये कमेटी को दिये। बैठक में कैलाश तावनिया, रामप्रताप सारस्वा, लालचंद ओझा, अनिल खान्थडिया सत्यनारायण सारस्वा, सत्यनारायण कायल, प्रभुराम ओझा,छगन सारस्वा,सुशील ठाकरानी, लालचंद सारस्वा,मुकेश तावनिया, सुरेंद ओझा, संतोष कौशिक, रावतमल ओझा, हंसराज सारस्वा, पुरुषोत्तम ओझा, चिरंजीलाल ठाकरानी, बाबूलाल सारस्वा, सतू ओझा, पवन ओझा, पवन तावनिया,चंदन ठाकरानी, विनोद कायल अन्य लोग उपस्थित रहे।

# मूल्यनिष्ठ पत्रकारिता को बढ़ावा देने आगे आएं युवा

**नेशनल मीडिया ट्रेनिंग में 400 से अधिक प्रशिक्षु पत्रकार ले रहे हैं भाग**

**समाचार लेखन से लेकर न्यूज एंकरिंग, लाइव रिपोर्टिंग के गुर सीखेंगे, देश के जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार दे रहे हैं ट्रेनिंग**





तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

मूल्यनिष्ठ और आध्यात्मिक पत्रकारिता को बढ़ावा देने के लिए आबू रोड में स्थित ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान के मधुबन न्यूज़ ने सकारात्मक पहल शुरू की है। इसके लिए युवाओं को बाकायदा पत्रकारिता की बारीकियां सिखाई जा रही हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे जाने-माने वरिष्ठ पत्रकार इन्हें समाचार लेखन से लेकर न्यूज एंकरिंग, लाइव रिपोर्टिंग के गुर सिखा रहे हैं। शांतिवन मुख्यालय के मनमोहिनीवन स्थित ग्लोबल आडिटोरियम में आयोजित चार दिवसीय नेशनल मीडिया ट्रेनिंग में भारत सहित नेपाल से 400 से अधिक युवा भाग ले रहे हैं। ट्रेनिंग शुभारंभ पर नोएडा से आईं वरिष्ठ पत्रकार कोमल शर्मा ने कहा कि खबर लिखते समय हमेशा ध्यान रखें कि उसके तथ्यों में सच्चाई हो।खबर का प्रस्तुतिकरण स्पष्ट, सरल और आकर्षक हो। इलेक्ट्रानिक मीडिया की रिपोर्टिंग में आपके शब्द, भाव, बॉडी लैग्वेंज का बहुत महत्व होता है। समय, परिस्थिति और घटना के हिसाब से हमारे बोलने का लहजा हो। रायपुर से आईं वरिष्ठ पत्रकार प्रियंका कौशल ने कहा कि सामाजिक बदलाव लाने में मीडिया की बड़ी भूमिका है। ब्रह्माकुमारी संस्थान के अतिरिक्त महासचिव बृजमोहन भाई ने कहा कि समाचार द्वारा समाज का कल्याण हो। न्यूज़ का अर्थ है नई चीज। जिसमें चारों दिशाओं की सूचना होगी, वह न्यूज़ है।

**न्यूज एक सकारात्मक एनर्जी है**

ब्रह्माकुमारी संस्थाके कार्यकारी सचिव बीके डॉ. मृत्युंजय ने कहा कि खुशी बांटने का तरीका सत्यता है। हमें स्वमान में रहकर सारे विश्व को ज्ञान देना है। उन्होंने एक किस्सा सुनाते हुए कहा कि एक बार एक संपादक ने कहा था कि आपके यहां तीन पेज की मुरली पढ़कर लोग खुश हो जाते हैं और दूसरी तरह समाज में लोग पूरा अखबार पढ़कर भी इतने खुश नहीं होते हैं। सत्यता की ताकत सबसे बड़ी ताकत है जो हर तरह का परिवर्तन कर सकती है। मीडिया चाहे तो देश को नई दिशा में ले जा सकता है। न्यूज एक सकारात्मक एनर्जी है।

**मूल्यनिष्ठ मीडिया को बढ़ावा देना है**

मल्टी मीडिया निदेशक करुणा भाई ने पत्रकारों को लिखने की कला होनी चाहिए। हम क्या लिख रहे हैं, कैसे लिख रहे हैं,यह बहुत जरूरी है। आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म बहुत आगे बढ़ गया है। इसलिए वर्तमान में इसका नॉलेज बहुत जरूरी है। डिजिटल मीडिया की डेफ्थ में हम सभी को जाना पड़ेगा। एक बार आपने कुछ लिखा और वह डिजिटल में गया तो उसे मिटा नहीं सकते हैं। साथ ही आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का भी ज्ञान होना जरूरी है। प्राउंटिंग आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का पहला सोर्स है। हम सभी को मूल्यनिष्ठ मीडिया को बढ़ावा देना है।

**गंभीरता और दिव्यता का बैलेंस हो**

प्रयागराज से आईं वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका मनोरमा ने कहा कि मीडिया को गंभीरता और दिव्यता का बैलेंस रखना होगा। दिव्यता को समाज तक पहुंचाना होगा। मीडिया वह औजार है जो लोगों को निगेटिव और पॉजीटिव भी पहुंचाता है। हमें समाज को स्वस्थ और दिव्य बनाना है।नेशनल मीडिया को-ऑर्डिनेटर शांतनु भाई ने कहा कि मीडिया का काम है हर दिशा की खबर समाज में पहुंचाना। हमें हर चीज सीखनी होगी। सत्यता के आधार पर न्यूज़ बनाना है। हम ऐसी न्यूज़ लिखें जो सदाचार पत्र बन जाए और आकाशवाणी अमृतवाणी बन जाए। दूरदर्शन दिव्य दर्शन बन जाए। ऐसी पत्रकारिता से ही समाज में बदलाव आएगा।

**हमेशा जागरूक और सतर्क रहें**

पीआरओ व मधुबन न्यूज़ के डायरेक्टर कोमल भाई ने कहा कि एक अच्छे पत्रकार की हमेशा तीसरी आंख खुली रहती है। वह हमेशा सतर्क, जागरूक, अपडेट रहता है। इसलिए आप सभी भविष्य के भावी पत्रकार हो तो अभी से अपने जीवन में चीजों को देखने, समझने का नजरिया बदल दें। आप सभी ट्रेनिंग का लाभ लेकर अपने पत्रकारिता के कौशल में निखार लाएं। भोपाल से आईं डॉ. रीना दीदी ने मंच संचालन किया। इस मौके पर सागर से डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विवि के डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ. संजीव सराफ, पुष्पेंद्र, दलजीत, रावेंद्र, कमल छाबड़ा, प्रहलाद सहित देशभर से आए 400 से अधिक प्रशिक्षु पत्रकार मौजूद रहे।

**विज्ञापन का जादू पुस्तक का विमोचन**

ट्रेनिंग के शुभारंभ पर सागर (मध्य प्रदेश) से आए इंक मीडिया इंस्टीट्यूट के निदेशक, मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. आशीष द्विवेदी द्वारा लिखी गई पुस्तक विज्ञापन का जादू का विमोचन अतिथियों द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. द्विवेदी ने कहा कि युवा पत्रकारिता में रुचि ले रहे हैं, इसकी बारीकियां सीख रहे हैं, यह बहुत ही खुशी की बात है। छोटे-छोटे प्रयास एक दिन समाज में बड़ा बदलाव लाते हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान है। बहुत छोटे से स्तर पर हुई शुरुआत आज इतने विशाल रूप में विश्वभर में सेवाएं दे रहा है। यहां का मैनेजमेंट काबिलेतारीफ है।

# कॅरिअर में कभी नहीं आया पॉलिटिकल प्रेशर: सीजेआई

**लंदन के ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसायटी के साथ सीधा संवाद**

**चीफजस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने हर मसलों पर की खुलकर चर्चा**



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी के साथ सीधा संवाद किया। इस दौरान उनसे पूछा गया कि पिछले कुछ सालों में ज्यूडीशियरी पर पॉलिटिकल प्रेशर बढ़ा है, इस पर उन्होंने कहा कि बतौर जज 24 साल के कॅरियर में उन्हें कभी भी किसी सरकार के राजनीतिक दबाव का सामना नहीं करना पड़ा। सीजेआई ने कहा कि परंपराओं के अनुसार भारत में जज सरकार की पॉलिटिकल ब्रांच से अलग-थलग जीवन जीते हैं। साथ ही जज अक्सर अपने फैसलों के संभावित राजनीतिक परिणामों को लेकर सचेत रहते हैं। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक यह क्वेश्चनायर ऑक्सफोर्ड यूनियन सोसाइटी ने किया था। जिसमें उनसे सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या बढ़ाने से जुड़ा सवाल भी पूछा गया था। सीजेआई ने कहाकि यदि आप राजनीतिक दबाव को डिटेल में जानना चाहते हैं, तो इसका अर्थ बहुत व्यापक है। अगर जज को किसी फैसले का भविष्य में होने वाला असर पहले से पता हो, तो जाहिर है उन्हें ऐसे मामलों में फैसला लेते समय उसके असर से परिचित होना चाहिए। मेरा मानना है कि यह राजनीतिक दबाव नहीं है। यह कोर्ट की निर्णय के संभावित असर की समझ है, जिसे जज को अपने विचार में जरूर शामिल करना चाहिए।

अदालतों में जजों की संख्या में कमी सीजेआई ने कहाकि भारत में जजों की संख्या जनसंख्या के अनुपात में दुनिया में सबसे कम है। हमें बस ज्यादा जजों की जरूरत है। हम सभी स्तरों पर ज्यूडिशियरी की ताकत बढ़ाने के लिए सरकार के साथ बातचीत कर रहे हैं। वैकेंसीज को जल्दी भरने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहाकि जज अक्सर अपने फैसलों के सामाजिक प्रभाव के बारे में सोचते हैं। हम जो मामले तय करते हैं, उनका समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है। यह हमारा कर्तव्य है कि हम फैसलों के सामाजिक व्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूक रहें, जिसे हम आखिरकार प्रभावित करने जा रहे हैं।

**सेम सेक्स मैरिज से जुड़ा फैसला**

चीफ जस्टिस ने कहाकि जब आप कानून को मानवीय बनाते हैं, तो आप कानून की अवहेलना नहीं कर सकते। स्पेशल मैरिज एक्ट खास उद्देश्य के लिए बनाया गया था और अदालत उस कानून में प्रयुक्त 'पुरुष' और 'महिला' को 'पुरुष' और 'पुरुष' या 'महिला' और 'महिला' के रूप में नहीं पढ़ सकती थी। यदि उसे रद्द कर दिया जाता, तो अंतर-धार्मिक जोड़ों को कंट्रोल करने वाले किसी कानून की स्थिति नहीं होती।

# बैंक लंबित आवेदन पत्रों का तय समय सीमा में कराएं निस्तारण: कलक्टर

तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़



जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला सलाहकार समिति, जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें उन्होंने कहा कि बैंक लंबित आवेदन पत्रों का तय समय सीमा निस्तारण कराएं, ताकि लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक राज कुमार, नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक दयानन्द काकोडिया, एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय पश्चिम के क्षेत्रीय प्रबन्धक धरमवीर तंवर, महाप्रबंधक उद्योग विभाग श्रीमती आकाशदीप सिद्धू, निदेशक आरसेटी प्रेम सिंह पथरी, जनप्रतिनिधि दयाराम जाखड़ सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक उपस्थित थे। जिला कलक्टर ने सभी बैंकों को लम्बित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवेदक को बैंक पात्रता अनुसार समय पर ऋण उपलब्ध कराएं, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजित हो सके। जिला कलक्टर ने पीएम स्वनिधि के तहत पात्र आवेदक को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर ऋण स्वीकृत करने एवं बकाया सभी आवेदन पत्रों को 15 दिन में निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में बढ़ती हुई नशा प्रवृति को रोकने एवं जागरूकता के लिए बैंकर्स शाखाओं में प्रचार सामग्री प्रदर्शित करें। खरीफ 2024 के फसल बीमा पोर्टल पर त्रुटि पंजीकरण सुनिश्चित कराए। नाबार्ड के जिला विकास प्रबन्धक दयानंद काकोड़िया ने जिले में दीर्घावधि ऋण प्रवाह के लिए न्यू एएमआई योजनाए एआईएफ़ एवं एग्री क्लिनिक एग्री बिज़नेस सेंटर योजना तथा खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के प्रसार की आवश्यकता बताई। जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक राजकुमार ने वर्ष 2023- 24 की अंतिम तिमाही मार्च 2024 से संबन्धित सभी बैंकिंग आंकड़ों का प्रस्तुतीकरण कर विस्तार से जानकारी दी। बताया कि जिले के लिए वर्ष 2023- 24 के दौरान वार्षिक साख योजना के तहत 12243 करोड़ रुपए के ऋण वितरित किये गए हैं। प्रधान प्रतिनिधि दयारम जाखड़ ने सभी सरकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार का आग्रह किया ताकि आमजन लाभ उठा सके। क्षेत्रीय प्रबन्धक एसबीआईए धरमवीर तंवर ने सभी सरकारी योजनाओं के लंबित आवेदन पत्रों का समयबद्ध निस्तारण एवं अधिकाधिक ऋण वितरण करने का आश्वासन दिया। अंत में वर्ष 2024.25 हेतु जिला कलक्टर ने 14948 करोड़ रुपए की वार्षिक साख योजना का विमोचन किया।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम में नवाचारों की दी जानकारी



**श्रीगंगानगर।** पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय बीकानेर के अंतर्गत कार्यरत पशु विज्ञान केंद्र, सूरतगढ़ एवं आत्मा परियोजना श्रीगंगानगर के संयुक्त तत्वाधान में किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। केंद्र प्रभारी अधिकारी डॉ. मैना कुमारी ने श्रीगंगानगर जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पशुपालकों एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया एवं पशु विज्ञान केंद्र और राजुवास द्वारा आयोजित किये जाने वाले विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा पशुपालन के क्षेत्र में नवाचारों के बारे में जानकारी दी। केंद्र के डॉ. मनीष कुमार सेन ने पशुओं में वैज्ञानिक आहार व्यवस्था, कृमिनाशक दवा एवं विभिन्न प्रकार की बीमारियां जैसे खुरपका-मुंहपका, गलघोटू, लंगड़ा बुखार, ब्रूसेलोसिस, रेबीज इत्यादि के के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। सेवानिवृत्त सहायक कृषि अधिकारी पृथ्वी सिंह सरसुआ, सहायक कृषि अधिकारी महेंद्र कुलड़ीया ने किसानों को खरीफ फसलों में कीट व रोग प्रबंधन के बारे में बताया एवं सहायक कृषि अधिकारी भीमराज जाखड़ ने किसानों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया तथा जिसमें जीवामृत बीजामृत बनाने की विधियों की जानकारी दी। कॉलेज व्याख्याता सुभाष जाट ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य व पोषक तत्व प्रबंधन की जानकारी दी, सहायक कृषि अधिकारी मुकंद भट्टी, भीमसेन, कृषि पर्यवेक्षक सुनील कुमार, विकास कुमार, मोनिका सारस्वत, दीपा फुटेला मोजुद रहे। कार्यक्रम में कुल 100 पशुपालको में भाग लिया।

# पीएम श्रीकेंद्रीय विद्यालय हनुमानगढ़ में हुआ फायर ड्रिल का आयोजन



**हनुमानगढ़।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हनुमानगढ़ में कार्यानुभव शिक्षक नरेश कुमार के निर्देशन में फायर ड्रिल का आयोजन किया गया जिसमें विद्यार्थियों को कार्बन डाइऑक्साइड, पाउडर एवं वाटर अग्निशमन यंत्रों के संचालन एवं आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्राचार्य रामचंद्र देहडु ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय पूर्ण रूप से अग्निशमन यंत्रों से लैस है एवं किसी भी आपातकालीन स्थिति में आग पर काबू पाने में सक्षम है। विद्यालय में प्रतिवर्ष अग्निशमन यंत्रों का पुनर्भरण किया जाता है एवं विद्यार्थियों को आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

# भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर संगोष्ठी आयोजित



**श्रीगंगानगर।** गृह विभाग राजस्थान जयपुर और जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट लोकबंधु के निर्देशानुसार भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के संबंध में जिला स्तर पर संगोष्ठी गुरूवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित की गई। संगोष्ठी में अतिरिक्त जिला कलक्टर (सतर्कता) नरेन्द्रपाल सिंह, उप निदेशक अभियोजन अनिल माकड़, कनिष्ठ विधि अधिकारी सुखुशबू पुंज उपस्थित रहे। वक्ता अभियोजन अधिकारी सौफिया चौधरी ने भारतीय न्याय संहिता 2023 पर विचार अभिव्यक्त करते हुए बताया कि जारकर्म के अपराध महिलाओं से संबंधित अपराध, बालकों से संबंधित अपराध तथा पूर्व में निर्धारित जुर्माना राशि/कारावास को नये कानूनों में अधिक किया गया है। अभियोजन अधिकारी चन्द्रप्रकाश ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 पर विस्तृत व्याख्या करते हुए इलेक्ट्रोनिक माध्यम से एफआईआर करवाना, अपराधी को हथकड़ी लगाने संबंधी सम्मन की तामील इलेक्ट्रोनिक माध्यम से करवाने तथा पुलिस अन्वेषण के संशोधित प्रावधानों के बारे में बताया। अधिवक्ता नृपेन कम्बोज तथा भुवनेश चन्द्र शर्मा ने बताया कि उक्त कानूनों को पारित एवं लागू करने की विधायिका की मंशा क्या है? वरिष्ठ विधि अधिकारी जिला परिषद राजेन्द्र सेवटा तथा ममता सेठी द्वारा मंच संचालन किया गया।

# पीबीएम की नई ओपीडी में जाना है तो 7 फुट की दीवार लांघनी होगी

**श्रीगंगानगर।** बीकानेर में संभाग के सबसे बड़े पीबीएम होस्पीटल में नई ओपीडी में इलाज के लिये आने वाले रोगियों और उनके परिजनों को अब 7 फीट ऊंची दीवार से चढ़कर आना -जाना पड़ रहा है। इससे उनका बडी दुविधा से जूझना पड़ रहा है। नई ओपीडी में जाने- आने वाले लोगों को 7 फीट ऊंची दीवार चढ़कर पार करने का एक वीडियो सोशल मीडिया में आज बड़ी तेजी से वायरल हुआ। इसमें एक बुजुर्ग महिला बड़ी मुश्किल से दीवार पर चढ़कर नई ओपीडी में जाते दिखाई दे रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पीबीएम की नई ओपीडी के बाहर रोड की तरफ पहले खुला रास्ता था,लेकिन अब वहां नई दीवार बनवा दी गई है। पहले रोगी और परिजन खुले रास्ते नई ओपीडी में इलाज कराने आते-जाते थे, लेकिन अब दीवार बना देने के कारण दीवार फांद कर आने- जाने को मजबूर हो गए हैं। कई सामाजिक संगठनों ने दीवार बनाये जाते समय गेट बनाने का आग्रह किया था,लेकिन पीबीएम प्रशासन ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया। इसकी पीड़ा अब रोगियों को उनके परिजनों को भुगतनी पड़ रही है।

# नोहर के विकास में बिहाणी परिवार का अहम योगदान

तेज. नोहर | नरेन्द्र तिवाड़ी



बिहानी परिवार के द्वारा नोहर कस्बे कस्बे के चार चांद लगाने में विशेष योगदान रहा है चाहे वह पीने की पानी की व्यवस्था या फिर विवाह शादी में के कार्यक्रम के आयोजन को लेकर धर्मशाला की आवश्यकता हो भगवान का स्मरण करने के लिए भी बिहानी परिवार ने नोहर कस्बे वासियों के लिए मंदिर का निर्माण किया करवाया। सन 1984 की बात है जब उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए श्रीगंगानगर या फिर जयपुर या फिर पिलानी के कॉलेज में एडमिशन के लिए विद्यार्थियों को जाना पड़ता था तब बिहानी परिवार में अपना बड़प्पन दिखाते हुए नोहर में राजकीय महाविद्यालय का निर्माण करवा कर सरकार को सौपा। जिससे कि आम नागरिक के साथ-साथ लड़कियां भी अपने कस्बे में ही उच्च शिक्षा ग्रहण कर सके जिसका परिणाम भी हम सब के सामने हैं। बहुत से विद्यार्थियों ने इस महाविद्यालय से अध्ययन करके अपने जीवन को नई दिशा दी जिसका जिसके लिए बिहानी परिवार को बहुत-बहुत साधुवाद है। आम नागरिक के पास फीस जमा करवाने के रुपए नहीं होते थे तब निजी कॉलेज मे अध्ययन के बारे में की कोई सोच भी नहीं सकता था। इस महाविद्यालय से बहुत से लड़के और लड़कियों ने अध्ययन करके उच्च पदों पर आसीन है वही कुछ एक विद्यार्थी इस महाविद्यालय से शिक्षा ग्रहण करके अपना अच्छा जीवन जी रहे हैं मैं भी इस महाविद्यालय का वर्ष 2005 में छात्रा रहा और राजकीय महाविद्यालय के छात्रसंघ का चुनाव लड़ के महासचिव के पद पर रहते हुए। छात्र राजनीति का अनुभव इस महाविद्यालय से लिया। आज वर्तमान के युग में भी विद्यार्थी निजी महाविद्यालय में अध्ययन नहीं कर सकते उस समय तो उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए बहुत ही कम संख्या में विद्यार्थी उच्च अध्ययन के लिए बाहर जा पाते थे। बिहानी परिवार ने अपना बड़प्पन दिखाते हुए नोहर के जनता को शिक्षा के लिए महाविद्यालय समर्पित किया इसी सोच को आगे बढ़ते हुए अब नोहर के नगरी में गौरी शंकर बिहानी कन्या महाविद्यालय की करीबन 6 करोड़ की लागत से महाविद्यालय भवन नोहर की जनता को समर्पित कर रहे हैं । जिससे की कस्बे की बहन बेटियों को पढ़ने के लिए नोहर कस्बे से बाहर नहीं जाना पड़े। बिहानी परिवार का बहुत-बहुत आभार। वर्तमान के इस भागम भाग के जीवन में भी बिहानी परिवार ने नोहर कस्बे वासियों को सौगात दी है।

# खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा मुंसरी व नेठराना स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण

तेज. रिपोर्टर | भादरा



गुरुवार 27 मई को डॉ. लक्ष्य चौधरी, खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी, भादरा द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं टीकाकरण दिवस पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुन्सरी एवं नेठराना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मुन्सरी पर लेब जांच की व्यवस्था में सुधार हेतु सम्बन्धित कार्मिक को नोटिस जारी किया गया एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, नेठराना पर आपातकालीन कक्ष में व्यवस्था में सुधार हेतु नोटिस जारी किया गया। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाली गर्भवती महिलाओं का चैकअप किया जा रहा था तथा उन्हें सुरक्षित प्रसवः हेतु खान-पान एवं प्रसव के बारे में बताया जा रहा था एवं अभिभावकों के साथ टीकाकरण के लिए आने वाले बच्चों टीकाकरण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपस्थित कार्मिकों को दिशा-निर्देश दिए गए कि समस्त कार्मिक निर्धारित यूनिफार्म में उपस्थित रहे तथा आने वाले मरीजों को उपलब्ध चिकित्सा व्यवस्था का लाभ शत प्रतिशत देवें तथा अस्पताल में साफ सफाई एवं उपकरणों का उचित रख-रखाव रखा जावे।

# समझाइश से किया धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिकों की समस्याओं का निराकरण





**श्रीगंगानगर।** मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद द्वारा दिये गये निर्देशानुसार गुरुवार को पंचायत समिति पदमपुर के विकास अधिकारी रजत यादव (आईएएस) ने 56 एलएनपी में धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिकों से समझाइश कर उनकी समस्याओं का निराकरण किया गया। यादव ने बताया कि पूरन चन्द दुग्गलए छोटूराम वर्मा सहायक विकास अधिकारी पंचायत समिति पदमपुर सहित ग्राम पंचायत जीवनदेसर में भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र में चक 27 एमएल (साजनवाला) व चक 56 एलएनपी के धरने पर बैठे मनरेगा श्रमिकों की मौके पर पहुंच कर समस्याओं का निराकरण किया गया। श्रमिकों ने बताया कि उन्हें मनरेगा का कार्य नहीं मिल रहा है। गांव के पास ही मनरेगा योजनान्तर्गत कार्य स्वीकृत करवाये जावे ताकि श्रमिकों के 100 दिवस इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण हो सके। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं में शुभ शक्ति, छात्रवृत्ति एवं खाद्य सुरक्षा इत्यादि का लाभ मिल सके। मौके पर ही ग्राम विकास अधिकारी सोहन लाल एवं कनिष्ठ सहायक दीपकराज मीणा से श्रमिकों के फार्म मनरेगा रोजगार हेतु भरवाये गये। ग्राम पंचायत के गांव 56 एलएनपी, 58एलएनपी, 27 एमएल, जीवनदेसर इत्यादि गांवों के नजदीक ही मनरेगा में कार्य स्वीकृति हेतु प्रस्ताव तैयार करवाये गये। कार्य स्वीकृति उपरान्त 15 दिवस के अन्दर श्रमिकों को नियमानुसार रोजगार उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया गया।

# कानून व्यवस्था के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों से निपटने में सक्षम नए कानून

तेज. रिपोर्टर | चूरू



एक जुलाई से लागू हो रही भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लेकर आमजन में जागरुकता की दिशा में गुरुवार को जिला परिषद सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन एवं अभियोजन विभाग की ओर से आयोजित इस गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी ने कहा कि बदलते समय के साथ अपराध के तरीकों एवं तकनीकों में हुए बदलाव के मध्येनजर सरकार ने विधि में परिवर्तन की आवश्यकता समझते हुए नए कानून लागू किए जा रहे हैं। इससे कानून अधिक प्रभावी ढंग से अपना काम कर सकेगा और हम अधिक बेहतर एवं अपराधमुक्त समाज की रचना कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि नए कानूनों को लेकर अधिक से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए तथा लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरुक किया जाए। उन्होंने कहा कि विधिक रूप से जागरुक समाज में अपराध की संभावनाएं कम हो जाती हैं। एडीएम उत्तम सिंह शेखावत ने कहा कि वर्तमान समय ही ज्ञान और शिक्षा का है। से में नए कानूनों को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरुकता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी ब्रिटिश समय से ही प्रचलित अनेक कानून प्रभाव में हैं, जिनमें से कई से हैं, जिनकी प्रासंगिकता ही खत्म हो गई है। इन्हीं सब बातों को देखते हुए भारत सरकार की ओर से यह बदलाव किए गए हैं। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि हम इनसे एक बेहतर और अपराधमुक्त समाज की रचना कर पाएंगे। उपनिदेशक (अभियोजन) दिलावर सिंह ने नए कानूनों की प्रमुख बातों को रेखांकित किया और विभिन्न प्रावधानों के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर अभियोजन अधिकारी गोरधन सिंह ने भारतीय दण्ड संहिता के स्थान पर लागू होने वाले नवीन कानून भारतीय न्याय संहिता की प्रमुख धाराओं तथा प्रावधानों में हुए बदलाव की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारतीय दण्ड संहिता की कुल 511 धाराओं को भारतीय न्याय संहिता में 358 धाराओं में समायोजित कर दिया गया है। भारतीय न्याय संहिता में संगठित अपराध, मॉब लिंचिंग, हिट एण्ड रन, आतंकवादी कार्यकलाप, अलगाववाद जैसे 20 नए अपराधों को जोड़ा गया है। आईपीसी में परिभाषित दस्तावेज शब्द में डिजिटल एवं इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड को मुख्यतः शामिल किया गया है। बीएनएस 2023 में आईपीसी के 19 प्रावधानों को विलोपित कर दिया गया है। 33 प्रकार के अपराधों में कारावास की अवधि तथा 83 प्रकार के अपराधों में जुर्माना राशि को बढाया गया है। सामुदायिक सेवा को एक नई सजा के रूप में सम्मिलित कर 6 प्रकार के अपराधों में इसका प्रावधान किया गया है। बीएनएस में बालक शब्द को नवीन रूप से परिभाषित किया गया है जिसमें 18 वर्ष से कम आयु का प्रत्येक व्यक्ति बालक समझा जाएगा जबकि आईपीसी में 18 वर्ष से कम आयु की लड़की तथा 16 वर्ष से कम आयु का लड़का बालक की श्रेणी में आते थे। बीएनएस 2023 में आयु के मामले में तटस्थता बरती गई है। उन्होंने बताया कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में जिला मजिस्ट्रेट के भी नवीन विधि में विशेषाधिकार दिए हैं, किसी विशेष प्रकरण के संचालन हेतु न्यायालय में सहायक लोक अभियोजन उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में जिला मजिस्ट्रेट राज्य सरकार को 14 दिवस पूर्व की सूचना दिए जाने के पश्चात किसी अन्य व्यक्ति को उस मामले का भारसाधक सहायक लोक अभियोजक नियुक्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आमजन को किसी भी प्रकार की एफआईआर के लिए पुलिस थाने में उपस्थित होकर ही दर्ज करवाए जाने की बाध्यता को समाप्त कर ऑनलाईन एफआईआर दर्ज करवाने की व्यवस्था की गई है, हालांकि से व्यक्ति को तीन दिवस में पुलिस थाने में उपस्थित होकर हस्ताक्षर करने होंगे। न्यायालय में किसी भी गवाह की गवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करवाई जा सकती है। बलात्कार संबंधी प्रकरणों के विचारण हेतु जहां तक संभव हो, ?से न्यायालय द्वारा किया जाएगा जिसमें महिला पीठासीन अधिकारी हो। न्यायिक मजिस्ट्रेट की शक्तियों में अभिवृद्धि करते हुए किसी प्रकरण में 20 हजार रूपए जुमार्ना राशि को बढाते हुए 50 हजार जुर्माना राशि तक दण्डित करने का अधिकार दिया गया है। संगोष्ठी का संचालन एडीपीआर कुमार अजय ने किया। संगोष्ठी में संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ ओम प्रकाश, एसीईओ जिला परिषद दुर्गा ढाका, बीडीओ महेन्द्र कुमार भार्गव, प्रवक्ता डॉ रविन्द्र बुडानिया, सहायक प्रोग्रामर अभिषेक सरोवा, नायब तहसीलदार अमर सिंह, अधिवक्ता नरेन्द्र पूनिया, विकास तंवर, बाबूलाल सैनी, विकास सैनी, हेमन्त चौहान, वैदेही शर्मा, प्रद्युम्न सिंह, अरूण शर्मा, सुमित ढाका, विजय सिंह, कनिष्ठ लेखाकार औंकार मल मेघवाल, अति. प्रशासनिक अधिकारी राकेश कुमार, वरिष्ठ सहायक रमेश कुमार, कनिष्ठ सहायक नेमीचंद मेघवाल आदि उपस्थित रहे।

# स्थिति पर रखें नजर, लगातार करें मॉनीटरिंग, नहीं हो लापरवाही: एसडीएम

### - एसडीएम ने किया जौहरी सागर पंपिंग स्टेशन एवं गाजसर गिनाणी का निरीक्षण

तेज. रिपोर्टर | चूरू



जिला मुख्यालय पर हुई बारिश तथा आगामी दिनों में बारिश की संभावनाओं के मध्येनजर जिला कलक्टर पुष्पा सत्यानी के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी बिजेंद्र सिंह ने गुरुवार को जलभराव वाले क्षेत्रों एवं गाजसर गिनाणी का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान कमिश्नर अभिलाषा सिंह एवं अन्य अधिकारीगण उनके साथ रहे। एसडीएम बिजेंद्र ने इस दौरान जिला मुख्यालय स्थित बागला स्कूल, सुभाष चौक, जौहरी सागर पंपिंग स्टेशन, चौपाटी एरिया, बूंटिया रोड एवं गाजसर गिनाणी का निरीक्षण किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए नगर परिषद अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने ट्रैक्टर में बैठकर जौहरी सागर पंपिंग स्टेशन में भरे पानी और व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा कमिश्नर अभिलाषा सिंह से कहा कि पानी निकासी की व्यवस्था को अहर्निश जारी रखें तथा 110 एचपी की अतिरिक्त मोटर लगाकर पानी निकासी के निर्देश दिए। उपखंड अधिकारी ने गाजसर गिनाणी का निरीक्षण किया और आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कहा। एसडीएम ने देखा कि बड़ी गिनाणी में चार बड़े हौज पाइप से पानी ड्रेन हो रहा है। यहां पानी पाल के लेवल से काफी नीचे हैं। छोटी गिनाणी में भी काफी स्पेस है। शुक्रवार सवेरे गेट वाल खोलकर छोटी गिनाणी में और पानी शिफ्ट किया जाएगा, जिससे बड़ी गिनाणी में और स्पेस बन जाएगा। उन्होंने एसटीपी के निरीक्षण में पाया कि दोनों पौंड भरे हुए हैं। इस पर उन्होंने कमिश्नर से कहा कि इसका पानी चिमनाणा जोहड़ में पूर्ववत भेजते रहें ताकि स्थित नियंत्रण में रहे। उन्होंने कमिश्नर को जल निकासी व्यवस्थाओं की लगातार मॉनीटरिंग के निर्देश दिए और कहा कि संबंधित को चाक-चौबंद रखें और देखें कि कोई भी व्यक्ति इस कार्य में लापरवाही नहीं बरते। बारिश और जल भराव के कारण लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आनी चाहिए।

# ई-केवाईसी के लिए शिविर का आयोजन

तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा



एलपीजी उपभोक्ताओं का गुरुवार को ई केवाईसी कैंप लगाया। पीलीबंगा गैस सर्विस प्रबंधक जाकिर कुरैशी, कृष्ण लाल ने दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए कहा कि हरेक गैस उपभोक्ता को अपने गैस कनेक्शन चालू रखना और सब्सिडी लेने के लिए 30 जून तक आधार से ई केवाईसी करवाना आवश्यक है, इसके अभाव से उपभोक्ताओं का रसोई गैस कनेक्शन बंद हो जायेगा। इसमें उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी में आकर अथवा एजेंसी द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में लगाए जा रहे कैंप में आकर आधार प्रमाणित करना होगा, इसके लिए उन्हें गैस कंपनी की ओर से मैसेज भेजा जा रहा है।कुरेशी ने बताया कि इस अभियान को लेकर सिलेंडर मंगवाने वाले उपभोक्ताओं का गैस डिलीवरी, कर्मचारी भी सत्यापन कराने की जानकारी देगा । उन्होंने बताया कि गैस सिलेंडर डिलीवरी बॉय से भी उपभोक्ता घर बैठे केवाईसी करवा सकते हैं। बता दे की सभी गैस कनेक्शन धारकों के सत्यापन में आधार के साथ फिंगरप्रिंट का सत्यापन ही किया जा रहा है। गुरुवार को भी दिन भर ई केवाईसी करवाने वाले एलपीजी उपभोक्ताओं की एजेंसी पर काफी भीड़ रही।

# गौसेवा के साथ मनाई भाविप के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश की जयंती



तेज. रिपोर्टर | हनुमानगढ़

भारत विकास परिषद के संस्थापक डॉ. सूरज प्रकाश की 104 वीं जयंती के अवसर पर शाखा संगरिया के सदस्यों ने आज धनवंतरी गौशाला में जाकर सवामणी की। इस मौके पर सदस्यों ने गौवंश को हरा चारा खिलाया तथा गौ सेवार्थ कार्य किये। अध्यक्ष आनंद बगड़िया ने बताया कि आज के सेवा कार्य हेतु आर्थिक सहयोग अपने जन्मदिन के अवसर पर परिषद के उपाध्यक्ष डॉ संजीव जिंदल ने दिया। परिषद के प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉ संजय जिंदल ने बताया कि 27 जून परिषद के संस्थापक डॉ सूरज प्रकाश की जयंती से लेकर 10 जुलाई परिषद की स्थापना दिवस तक सेवा पर्यावरण पखवाड़ा मनाया जाना है। पूरे देश में इस अवधि के अंतर्गत सेवा और पर्यावरण के कार्य को प्रमुखता के साथ संपादित किया जाएगा। उन्होंने बताया आज गौ सेवा के साथ इस पखवाड़े का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर डा. संजीव ज़िन्दल ने कहा कि गौसेवा सर्वोत्तम सेवा है। उन्होंने युवाओं से सुबह जल्दी उठकर गौशाला जाने की अपील की। इस मौके पर सचिव लवली गर्ग, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र अरोड़ा, संरक्षक रामलाल बिस्सू, प्रान्तीय सह संगठन सचिव अरुण अरोड़ा, नीशू कामरा, राकेश चगती, भूपराम वर्मा, गुरप्रीत सिंह, अरुण वर्मा, प्रकाश रोहिला, रोहित बंसल, रिक्की सिंगला, स्वर्ण संगर, रोहित गोयल, पवन सैन, लक्ष्य ज़िन्दल, घनश्याम सिंगला, हरीश शर्मा, चेतन गर्ग, अभय जैन, बिट्टू चिलाना आदि उपस्थित थे। गौशाला के देवराज मंगल, प्रदीप ज़िन्दल व अमित गर्ग ने भारत विकास परिषद का आभार जताया।

# प्रदेश में एक जुलाई से संचालित होगा स्टॉप डायरिया अभियान

तेज. रिपोर्टर | चूरू

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से डायरिया पर प्रभावी रोकथाम के लिए एक जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया अभियान चलाया जाएगा। सभी संबंधित विभाग के साथ माइक्रो प्लानिंग एवं पूर्ण समन्वय के स्थापित कर इस अभियान को सफल बनाने के लिए सीएमएचओ ने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि स्टॉप डायरिया अभियान-2024 की पूर्व तैयारियों की समीक्षा के लिए आयोजित विडियो कांफ्रेंसिंग गुरूवार को राज्य स्तर से आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि देश में 5 साल तक के करीब 5.8 प्रतिशत बच्चों की मौत का कारण डायरिया है। हमारा लक्ष्य है कि डायरिया से होने वाली मौतें आने वाले समय में शून्य हों। उन्होंने कहा कि डायरिया नियंत्रण में राजस्थान की स्थिति राष्ट्रीय औसत एवं अन्य राज्यों से बेहतर है, लेकिन अभी भी प्रदेश में हर वर्ष 3900 से अधिक बच्चों की मृत्यु डायरिया से होती है। आगामी दो माह मौसमी एवं जलजनित बीमारियों की दृष्टि से चुनौतीपूर्ण हैं। इसे देखते हुए संबंधित सभी विभाग समग्र एवं समन्वित रूप से तैयारियां सुनिश्चित करें। डायरिया से अधिकांश मौतें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से कमजोर वर्गों, कच्ची बस्ती, पिछड़े क्षेत्रों, बाढ़ या सूखाग्रस्त आदि इलाकों में सामने आती हैं। ऐसे संवेदनशील वर्गों एवं क्षेत्रों को चिन्हित कर वहां विशेष फोकस के साथ डायरिया रोकथाम गतिविधियों का संचालन किया जाए। स्कूलों में शैक्षणिक सत्र शुरू होने के साथ ही बच्चों को डायरिया से बचाव को लेकर जागरूक किया जायेगा । विद्यालयों में डायरिया के प्रति जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जायेगा । अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एहसान गौरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समितियों का भी स्टॉप डायरिया अभियान में सहयोग लिया जाएगा । साथ ही, एनजीओ, स्वयं सहायता समूहों, सोशल एक्टिविस्ट सहित अधिकाधिक जनसहभागिता बढ़ाते हुए इस अभियान को सफल बनाएँगे।

# जिलाधीश द्वारा परीक्षा केंद्रों के आसपास धारा 144 लागू करने के आदेश

तेज. ऐलनाबाद | रमेश भार्गव

जिलाधीश आर.के. सिंह ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी की सीनियर सेकेंडरी द्वारा सीनियर सेकेंडरी (शैक्षणिक) (री-अपियर) एवं सेकेंडरी (शैक्षणिक) फ्रेश/री-अपियर, सुधार परीक्षा के मद्देनजर अपराध प्रक्रिया संहिता 1973 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए परीक्षा केंद्रों के समीप धारा-144 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। ये परीक्षाएं 03 जुलाई से 11 जुलाई तक स्थानीय आर.एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल सिरसा, आर्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल काठ मंडी सिरसा, राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल मेला ग्राउंड सिरसा में आयोजित की जाएगी। जारी आदेशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में किसी भी व्यक्ति को अस्त्र शस्त्र व अन्य किसी प्रकार के हथियार साथ लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। केंद्रों में केवल ड्यूटी करने वाले कर्मचारी व अधिकारी ही प्रवेश कर सकते है। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में परीक्षा केंद्रों के नजदीक फोटो स्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी। ये आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस या अन्य सरकारी अधिकारी, कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। इन आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ धारा 188 के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# दिन में 40 क्यू.पानी बढ़ाया, बीती रात से नहराना हेड से बंद कर दी नोहर फीडर

तेज. रिपोर्टर | चारणवासी

नोहर फीडर में बुधवार सुबह 40 क्यू.पानी बढ़ाया और बीती मध्यरात्रि को नहराना हेड से नहर को बंद कर दी गई। जिससे गुरूवार सुबह से फेफाना हेड पर मात्र 20 क्यू.पानी की आवक थी। सुबह ही एसई राजेन्द्र सिंह व एक्सईएन मुकेश कुमार सिहाग ने सिरसा (हरियाणा) जाकर पानी को लेकर विभागीय अधिकारियों से वार्ता की,अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जैसे-जैसे पानी बढ़ता जाएगा नोहर फीडर में बढ़ाते जाएगें। बताते चलें कि सोमवार से पानी में उतार-चढ़ाव हो रहा है। 19 से 27 जून तक के रेगुलेशन के अंतिम दिन प्रथम वरीयता एनएचआर के भगवान, ढंढेला व कर्मशाना माइनर के किसानों की बारियां पिट गई। 27 जून से खाली नहरों में ही रेगुलेशन शुरू हो गया। बता दें कि नहराना हेड से चार सीपी हेड तक 27 किमी नहर गुरूवार दिन में लगभग खाली हो गई। नहराना हेड से पुनः पानी प्रवाह होने के 24 घंटे बाद पहुंचकर नोहर फीडर की नहरों में चलेगा। जिस कारण एक-दो दिन किसानों की बारियां पिटेंगी। सिरसा डिवीजन के अधिकारियों के साथ एसई-एक्सईएन ने नोहर फीडर की रि-लाइनिंग को लेकर वार्ता करते हुए देरी किए बिना प्रपोजल पर कार्य शुरू करने का आग्रह किया।

# स्कूल टाइम में मोबाइल फोन उपयोग पर रोक के सरकारी आदेश का किया समर्थन

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

राजस्थान शिक्षा संघ शेखावत ने स्कूल टाइम में मोबाइल फोन के उपयोग पर रोक लगाने के सरकारी आदेश का समर्थन कर टीचर्स से अपील कर पालना सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।वही संघ जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल तथा जिला मंत्री रामनिवास ने बताया कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 का उल्लंघन करते हुए शिक्षकों पर अनगिनत गैर शैक्षिक कार्य थोपे गए हैं। बीएलओ सहित अन्य गैर शैक्षिक कार्यों के खिलाफ शिक्षकों का संघर्ष जारी है। बंसल ने बताया कि बहुत से कार्य शिक्षकों को मोबाइल से करने के लिए निर्देशित किया जाता था, जिसे शैक्षणिक कार्य प्रभावित तो होता ही था इसके अलावा मानसिक रूप से भी शिक्षकों को परेशानी उठानी बढ़ती थी। रा.शिक्षक संघ शेखावत विद्यालय में मोबाईल के प्रयोग नही करने के सरकारी आदेश / निर्देश का पूरा समर्थन करता है और संगठन की मांग है इस आदेश की पूर्णतया = पालना होनी चाहिए जो छात्र हित के साथ साथ शिक्षक हित में भी होगा।

# विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान, मोबिलाइजेशन पखवाड़ा 10 तक

तेज. रिपोर्टर | चूरू

वश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने जागरुकता कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह दिवस दो पखवाड़ों के माध्यम से मनाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि सीमित परिवार और बच्चों में अंतराल रखने के प्रति जागरुकता करने के लिए मोबिलाइजेशन पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई और सेवा प्रदान पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक मनाया जाएगा। जिला एवं ब्लॉक स्तर पर आयोजित प्रचार-प्रसार (आईईसी) गतिविधियों में विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान थीम का उपयोग किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एहसान गौरी ने बताया कि प्रथम पखवाड़ा 27 जून से 10 जुलाई तक मोबिलाइजेशन पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। मोबिलाइजेशन पखवाड़े के तहत स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की ओर से अपने क्षेत्र में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इनके द्वारा योग्य दंपतियों से संपर्क कर सीमित परिवार के लाभ, पहले व दूसरे बच्चे में कम से कम तीन साल का अंतर, अंतरा गर्भनिरोधक इन्जेक्शन, परिवार कल्याण सेवाएं और पुरुषों की परिवार नियोजन में सहभागिता पर विस्तृत रूप से चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि दूसरा पखवाड़ा 11 से 24 जुलाई तक सेवा प्रदान पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा। इसके तहत जिला एवं ब्लॉक स्तर पर परिवार विकास मेलों का आयोजन कर परिवार कल्याण साधनों का प्रदर्शन होगा। यहां आने वाले लोगों को परिवार कल्याण साधनों की उपलब्धता पर परामर्श दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परिवार नियोजन के प्रचार के लिए विभाग ने नारा भी जारी किया है। इस थीम पर पूरे पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आईईसी गतिविधियों में विकसित भारत की नई पहचान, परिवार नियोजन हर दम्पत्ति की शान स्लोगन का उपयोग किया जाएगा। इन परिवार विकास मेलों में जिला एवं स्थानीय जनप्रतिधियों को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन



**तेज रिपोर्टर. चूरू।** पंचायत समिति रतनगढ़ में डॉ. भीम राव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के तहत विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप के माध्यम से डॉ. भीम राव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना, प्रधानमन्त्री रोजगार सृजन योजना की जानकारी प्रदान की गई एवं डॉ. भीम राव अंबेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना के आवेदन तैयार करवाए गये। विभाग के दशरथ कुमार सैन, जिला उद्योग एवं वाणिज्य अधिकारी एवं नानक राम, प्रशासनिक अधिकारी ने योजनाओं के जानकारी दी एवं मौके पर ही आवेदन पत्र तैयार करवाए।

# 10वीं और 12वीं की अंक तालिकाओं का आज से होगा वितरण प्रारंभ

**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** राजस्थान माध्यामिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा की अंक तालिकाओं का वितरण शुक्रवार से होगा। नोडल प्रिंसिपल असगर अली मलावत ने बताया कि कक्षा 10 एवम् 12 की अंकतालिका संदर्भ केंद्र राउमावि पीलीबंगा के कमरा नंबर 8 से प्राप्त कर सकते है।समस्त संस्था प्रधान एवं प्रिंसिपल्स को सूचना भेज कर विद्यार्थी वाइज मार्कशीट प्राप्त करने का आग्रह किया है।इसके अलावा ब्लॉक के समस्त पीईईओ को अपने अपने परिक्षेत्र में कक्षा 6 के नामांकन अनुसार नोडल केंद्र से ग्रामर की बुक प्राप्त करने की भी सूचना भिजवाई है।

# राजगढ़ उपखंड क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला, तेज हवाओं के साथ हुई बारिश

तेज. रिपोर्टर | श्रीगंगानगर

राजगढ़ उपखंड के हरियाणा निकटवर्ती गांवो में डेढ़ घंटे तक जमकर बरसे बदरा सादुलपुर प्रदेश में मानसून की एंट्री होने के बाद लगातार दो दिनों से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में बारिश का दौर जारी है बुधवार सुबह एवं शाम को बारिश का दौर शुरू हुआ जो तहसील भर के दर्जनों गांवों में लंबे समय से बारिश की बाट जोह रहे किसानों के लिए राहत लाया वहीं गुरुवार को सुबह से ही भीषण गर्मी एवं उमस का दौर बना रहा इसी बीच दोपहर 2.00 बजे अचानक हरियाणा सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र में मौसम का मिजाज बदला तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर शुरू हुआ जो डेढ़ घंटे तक लगातार बना रहा इस दौरान भाकरां सुधिवास खैरु बड़ी खैरु छोटी राधा बड़ी राधा छोटी आदि गांव में कहीं हल्की कहीं मध्यम एवं कहीं तेज बारिश के समाचार हैं बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे भीषण गर्मी एवं उमस से परेशान लोगों को गर्मी से रात मिली बारिश से मौसम सुहाना हो गया।

# पल्स पोलियो टीकाकरण 30 को, पांच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जायेगी दवा

तेज. रिपोर्टर | चूरू

राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान का 30 जून को आयोजित किया जायेगा। पल्स पोलियो टीकाकरण में 5 साल तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जायेगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि पल्स पोलियो बूथों पर ओरल पोलियो वेक्सीन पिलाई जाएगी। बूथों पर दवा पिलाने के बाद घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। आरसीएचओ डॉ. अहसान गौरी ने बताया कि पल्स पोलियो टीकाकरण दिवस की खण्ड स्तर पर मॉनिटरिंग के लिये प्रभारियों को जिम्मेदारी दी गई हैं। डॉ गौरी ने बताया कि चिकित्सा अधिकारियों को पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों के साथ माइक्रो प्लान तैयार करने तथा पांच वर्ष तक के बच्चों की लाइन लिस्ट तैयार के निर्देश दिये है। आरसीएचओ ने बताया कि जिले में बूथों पर 30 जून को पोलियो खुराक पिलाई जायेगी। 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो खुराक पिलाने हेतु सघन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं। जिसके तहत सभी क्षेत्रों में माइकिंग, पोस्टर्स व बैनर्स इत्यादि आई.ई.सी. गतिविधियों का संचालन किया गया है। पल्स पोलियों अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग,पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग,नगर पालिका तथा राष्ट्रीय सेवा योजना का सहयोग लिया जायेगा।

# आप माननीय हैं ! संसद की गरिमा का ख्याल रखें ?



प्रभुनाथ शुक्ल

शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए।

आप माननीय हैं। आप संविधान, विधान और व्यवस्था से ऊपर नहीं हैं। आपको न संसद की गरिमा का मान है न देश के गौरव का। शपथ ग्रहण में जिस तरह आपने अपने माननीय होने का परिचय दिया वह हमारी वह हमारी संसदीय व्यवस्था का कभी हिस्सा नहीं हो सकता। आप अपनी हरकतों से खुद को भले गौरवान्वित महसूश कर रहों, लेकिन देश और लोकतंत्र शर्मसार है। आप के हाथों में संविधान की किताबें भले हों, लेकिन आपका व्यवहार संविधान की चौखट लाँघता दिखा। 18 वीं लोकसभा में 535 माननीय सांसदों ने शपथ लिया, लेकिन किसी ने अपनी अमिट छाप नहीं छोड़ी। कुछ पुराने एवं बरिष्ठ माननीयों को छोड़ । शपथ ग्रहण समारोह में जिस तरह की छवि हमारे माननीयों की उभर कर आई है वह अपने आप में शर्मसार करती है। देश की आत्मा कहीं से भी झलकती हुई नहीं दिखी। अनेकता में एकता की कोई गंध और सुगंध नई आई। सत्ता और विपक्ष पूरी तरह से विभाजित दिखा।

माननीय सांसद देश, संविधान और संसद की व्यवस्था को ताक पर रखकर अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ, जातिवाद, धर्मवाद, क्षेत्रवाद और भाषावाद के गरूर में टूटते और बिखरते दिखे। इस समारोह में देश की खूसूरती हासिए पर रहीं जबकि क्षेत्रवाद, जाति और धर्म शीर्ष पर दिखा। यह अपने आप में विचारणीय बिंदु है। हम देश को किस तरफ ले जा रहे हैं। देश की जनता ने जिन लोगों को चुनकर भेजा है उसे आप क्या संदेश देना चाहते हैं यह अपने आप में विचरणीय बिंदु है। इस पर विस्तृत विमर्श की जरूरत है। हम वोटबैंक और सत्ता की लालच में वैचारिक विभाजन के जरिए सामाजिक अलगाववाद की तरह बढ़ रहे हैं। अब इससे बड़ी हमारी सोच क्या हो सकती है कि हमने देश के खिलाफ साजिश रचने वालों को चुनकर संसद भेज दिया है। जबकि चुनाव जीतने वाले जेल में बंद होने की वजह से शपथ भी नहीं ले पाए। यह क्षेत्रवाद का ही जहर है। फिर राष्ट्रीय एकता की बात कहां से कर सकते हैं।

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) हैदराबाद का प्रतिनिधित्व कर रहे असदुद्दीन ओवैसी ने जिस तरह संसद की गरिमा और व्यवस्था को तार-तार किया वह अपने आप में काबिले गौर है। भारत माता और संविधान की जय बोलने के बजाय जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलिस्तीन का नारा बुलंद किया। ओवैसी को सिर्फ एक क्षेत्र विशेष से प्रतिनिधित्व की जिम्मेदारी मिली है। लेकिन वह खुद को सरकार मान बैठे। देश की नीति तय करने का अधिकार उन्हें किसने दिया। फिलिस्तीन-इजरायल, रूस-यूक्रेन के प्रति हमारी नीति क्या होगी यह सार्वभौमिक संसद और सरकार तय करेगी। निश्चित रूप ओवैसी की तरफ से दिया गया बयान बेहद घटिया और संसद की गरिमा के खिलाफ है। उनकी संसद सदस्यता खत्म करने के लिए राष्ट्रपति को जो पत्र दिए गए हैं उस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए। संसद में प्रतिपक्ष के नेता निर्वाचित हुए राहुल गांधी हाथ में संविधान लेकर शपथ ग्रहण करने पहुंचे। उन्होंने अपनी शपथ अंग्रेजी में लिया और शपथ ग्रहण के बाद जय संविधान का नारा लगाया। यह उनकी बचकानी हरकतें हैं। वह पुराने सदस्य हैं उन्हें राजनीतिक स्टंट से दूर रहना चाहिए। अपने गंभीर व्यक्तित्व का परिचय देना चाहिए, उस स्थिति में जब वे विपक्ष के नेता चुने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश की नगीना सीट से पहली बार विजई हुए चंद्रशेखर आजाद रावण ने एक साथ कई नारे बुलंद की जिसमें नमो बुद्धाय, जय भीम, जय भारत, जय संविधान, जय मंडल, जय जवान, जय किसान, भारतीय लोकतंत्र जिंदाबाद, भारत की महान जनता जिंदाबाद के नारे लगाए। इस भी सत्ता और विपक्ष के सांसदों के बीच निकझोंक हुई। रावण बसपा यानी मायावती को कमजोर होता देख दलितों को खुद का मसीहा दिखाने के लिए तेवरदार राजनीति का नैरेटिव गढ़ रहे हैं। उनकी राजनीति वोटबैंक के लिए अच्छी हो सकती है, लेकिन समाज और ब्यवस्था के लिए बिल्कुल नहीं।



शपथ ग्रहण समारोह के दौरान भाजपा सांसदों ने जमकर धार्मिक नारों का उपयोग किया। बरेली सीट से भाजपा सांसद छत्रपाल गंगवार ने जहां जय हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। वहीं मेरठ से टीवी सीरियल रामायण में राम की भूमिका निभाने वाले अरुण गोविल जय श्रीराम का जयघोष किया। विपक्ष ने दोनों सांसदों के नारे का प्रचुर विरोध किया। अरुण गोविल के जय श्री राम नारे के विरोध में समाजवादी पार्टी के सांसदों ने जय अवधेश नारा बुलंद किया। क्योंकि अयोध्या की फैजाबाद सीट से अवधेश कुमार निर्वाचित हुए हैं। इस सीट पर बीजेपी की हार को लेकर गंभीर चर्चा हो रही है और अयोध्या के लोगों पर सोशलमीडिया पर टिप्पणियां की जा रही है। जबकि मथुरा से भाजपा सांसद हेमा मालिनी ने शपथ ग्रहण के बाद राधे-राधे कर लोगों का अभिवादन किया। क्योंकि वह मथुरा से चुनकर आती हैं और मथुरा भगवान कृष्ण से जड़ा है।

शपथ ग्रहण समारोह में सांसदों के व्यवहार और नारेबाजी को लेकर ऐसा लग रहा था जैसे नव निर्वाचित माननीयों में नारे लगाने की होड़ चल रही हो। इस नारेबाजी की होड़ में कोई पिछड़ना नहीं चाह रहा था। डीएमके सांसदों ने उदय नीति स्टालिन जिन्दाबाद के नारे लगाए। जबकि गाजियाबाद से निर्वाचित भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने अटल बिहारी और नरेंद्र मोदी जिंदाबाद के नारे लगाए। इसके बाद उन्होंने डॉ हेडगेवार जिंदाबाद के भी नारे लगाए। पूर्वांचल की भदोही लोकसभा सीट से निर्वाचित सांसद डॉ विनोद बिंद ने जय बिंद, समाज, जय निषाद जैसे जातिवादी नारों का प्रयोग किया। देवरिया से संसद पहुंचें शशांक मणि ने अपने अंतिम उद्बोधन में जय देवरिया का नारा लगाया। सांसदों ने जय श्रीराम, राधे-राधे, जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना जय महाराष्ट्र, जय शिवाजी जैसे अनगिनत नारे भी बुलंद किए। देश के विभिन्न हिस्सों से चुनकर आए माननीय सांसदों का व्यवहार संसद के प्रति कितना उत्तरदायि था यह कहना बड़ा मुश्किल है। पुराने और कई बरिष्ठ सांसदों को छोड़ दिया जाय तो अधिकांश माननीयों ने शपथ के दौरान संसद और लोकतंत्र की के प्रति कोई जिम्मेदारी नहीं दिखाई। देश की मीडिया में शपथ ग्रहण समारोह की खूब चर्चा है। अब वक्त आ गया है जब शपथ ग्रहण के लिए भी एक विशेष गाइडलाइन बननी चाहिए। जिसमें कोई भी निर्वाचित सांसद क्षेत्रवाद, धर्म-जाति, भाषा का नारा बुलंद नहीं कर सकता। शपथ ग्रहण समारोह चाहे जिस भाषा में हो लेकिन देश, संविधान और संसद की गरिमा का सम्मान आवश्यक है। अगर जिंदाबाद करना है तो सिर्फ भारत माता और संविधान की करिए। सत्ता हो या विपक्ष सभी को इस मयार्दा का ख्याल रखना चाहिए। सरकार को आगे आकर मानसून सत्र में इस पर गंभीर चर्चा करानी चाहिए। विपक्ष को इस पर सहयोग करना चाहिए। क्योंकि यह सवाल सिर्फ सत्ता - विपक्ष का नहीं बल्कि देश, संसद और लोकतंत्र का है। शपथ ग्रहण समारोह के लिए एक विशेष नियम और कानून की व्यवस्था होनी चाहिए। जिस तरह हमारे माननीयों ने जिंदाबाद की संस्कृति का इजाद किया वह पूरी तरह संसद की संस्कृति, संस्कार, विधान, व्यवस्था, गरिमा और मयार्दा के खिलाफ है।

(बरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं समीक्षक )

## संपादकीय

### नारों के निहितार्थ

लोकसभा के सदस्यों से आवश्यक शिष्टता, शालीनता, मयार्दा, भाषाई संयम और व्यावहारिक विवेक की अपेक्षा करना तो लगभग संभव ही नहीं रह गया है। फिर भी उनके महत्त्वपूर्ण लोकतांत्रिक पद के अनुसार न्यूनतम शिष्टाचार की उम्मीद तो रहती ही है। लेकिन इस बार नवनिर्वाचित सांसदों ने शपथ लेते समय शपथ ग्रहण मंच को जिस तरह से अपने-अपने एजेंडे का माध्यम बनाया वह जितना हतप्रभ करने वाला था उतना ही दुखद भी था। भाजपा सांसद अतुल गर्ग ने शपथ लेने के बाद ह्यश्यामाप्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबादह्न के नारे लगाए। तो बरेली के भाजपा सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने जय हिन्दू राष्ट्रवाद का नारा लगाकर धर्मनिरपेक्षवादी विपक्ष को सुई चुभाने का काम किया। इसी तरह अनेक नवनिर्वाचित सांसद एक के बाद एक अपने-अपने एजेंडे को सामने रखते हुए शपथ लेने के समय नारे लगाते देखे गए। लेकिन सबसे ज्यादा हैरत में डालने वाला शपथ ग्रहण ऑल इंडिया मजलिसे इत्तेहादुल मुसलमीन के नेता असद्दीन ओवैसी का रहा। उन्होंने विशुद्ध इस्लामिक तरीके से अल्लाह के नाम पर शपथ ली और शपथ लेने के बाद जो नारे लगाए वे थे जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन। प्रत्यक्षतः लग सकता है कि उनके ये नारे सत्ता पक्ष को चिढ़ाने के लिए थे। इन नारों से सत्ता पक्ष विशेषकर राष्ट्रवादी भाजपा का कुनबा चिढ़ा भी, गुस्सा भी हुआ और आक्रामक भी। लेकिन इस पक्ष के पास ऐसा कोई कानूनी औजार नहीं था जिससे इस तरह की शपथ लेने वाले, हर समय इस्लाम और मुसलमान की दुहाई देने वाले इस सांसद ओवैसी को दंडित जैसा कुछ किया जा सके। वस्तुतः ओवैसी जैसे मुस्लिम नेता ऐसी बातें भ्रमवश, चूकवश या सिर्फ उकसावे के लिए नहीं करते। इस तरह की चीजें उनके दूरगामी एजेंडे का हिस्सा होती हैं जिसमें इस्लामी वर्चस्व, धर्मनिरपेक्षता, लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं और इनके नाम पर मिली अभिव्यक्ति की आजादी इनके मुख्य एजेंडे के लिए सिर्फ कवच मात्र होते हैं। इसलिए ओवैसी के नारों के निहितार्थ से केवल भाजपा, आरएसएस कुनबे को कम, बल्कि कथित धर्मनिरपेक्षतावादियों को ज्यादा चिंतित होना चाहिए और उन्हें इस तरह की स्थितियों को गंभीरता से लेना चाहिए। उन्हें समझना चाहिए कि इनमें भविष्य की जिन टकराहटों की आहट छिपी हुई है, वह इस देश में सांप्रदायिक सद्भाव के स्वप्न को कभी पूरा नहीं होने देगी।



## चिंतन-मनन

### आशा निराशा

एक मछुआरा था । उस दिन सुबह से शाम तक नदी में जाल डालकर मछलियाँ पकड़ने की कोशिश करता रहा , लेकिन एक भी मछली जाल में न फँसी। जैसे -जैसे सूरज डूबने लगा, उसकी निराशा गहरी होती गयी । भगवान का नाम लेकर उसने एक बार और जाल डाला । पर इस बार भी वह असफल रहा। पर एक वजनी पोटली उसके जाल में अटकी । मछुआरे ने पोटली निकला और टटोला तो झुंझला गया और बोला - हाय ये तो पत्थर है ! फिर मन मारकर वह नाव में चढा।

बहुत निराशा के साथ कुछ सोचते हुए वह अपने नाव को आगे बढ़ता जा रहा था और मन में आगे के योजनाओं के बारे में सोचता चला जा रहा था । सोच रहा था कल दुसरे किनारे पर जाल डालूँगा। सबसे छिपकर ...उधर कोई नही जाता ....वहां बहुत सारी मछलियाँ पकड़ी जा सकती है ... ।

मन चंचल था तो फिर हाथ कैसे स्थिर रहता ? वह एक हाथ से उस पोटली के पत्थर को एक -एक करके नदी में फेंकता जा रहा था । पोटली खाली हो गयी । जब एक पत्थर बचा था तो अनायास ही उसकी नजर उसपर गयी तो वह स्तब्ध रह गया । उसे अपने आँखों पर यकीन नही हो रहा था , यह क्या ! ये तो नीलम था । मछुआरे के पास अब पछताने के अलावा कुछ नही बचा था . नदी के बीचोबीच अपनी नाव में बैठा वह सिर्फ अब अपने को कोस रहा था । प्रकृति और प्रारब्ध ऐसे ही न जाने कितने नीलम हमारी झोली में डालता रहता है जिन्हें पत्थर समझ हम ठुकरा देते हैं।

# बिरला के अध्यक्ष बनने से शुरूआत सही दिशा में

ओम बिरला को दूसरी बार ध्वनिमत से 18वीं लोकसभा का नया स्पीकर चुना गया। जिसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नेता विपक्ष राहुल गांधी उन्हें आसन तक लेकर पहुंचे। ध्वनिमत पर विपक्ष ने डिविजन की मांग नहीं की। ओम बिरला के नाम पर विपक्ष का विरोध न करना मोदी सरकार के लिए भी किसी आश्चर्य से कम नहीं रहा। उम्मीद यही की जा रही थी कि विपक्ष वोटिंग की मांग करेगा और फिर पूरी प्रक्रिया के तहत मतदान होगा। लेकिन आज बिरला को नये लोकसभा के अध्यक्ष चुने जाने की सम्पूर्ण प्रक्रिया जहां लोकतांत्रिक मूल्यों की खूबसूरती की छटा बिखेर रही थी, वहीं ऐसी संभावनाओं को बल दिया कि अठाहरवीं लोकसभा के सभी सत्र एक नया इतिहास का सृजन करते हुए उम्मीदभरे होंगे। कोटा से तीसरी बार के सांसद ओम बिरला ने दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनकर इतिहास रच दिया है। वे लगातार दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष बनने वाले तीसरे शख्स हैं। उनसे पहले बलराम जाखड़ 9 सालों तक स्पीकर रहे थे। ओम बिरला का चुना जाना चौंकाता नहीं है, बल्कि जो बात थोड़ी हैरान करने वाली थी वह है इस पद के लिए चुनाव की नौबत लाया जाना। वैसे तो लोकतंत्र में चुनाव किसी भी पद के लिए हो, उसे बुरा मानने का कोई कारण नहीं है। मगर लोकसभा अध्यक्ष का पद ऐसा है जिसमें आम राय को हमेशा तवज्जो दी जाती रही है। वजह यह है कि सदन के सुचारू संचालन के लिए अध्यक्ष को दोनों पक्षों का सहयोग चाहिए होता है। ऐसे में अगर इस पद पर बैठे व्यक्ति का चयन दोनों पक्ष उसमें अपना विश्वास घोषित करते हुए करें तो पद की शोभा कई गुना बढ़ जाती है। स्वतंत्र भारत में लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए केवल तीन बार 1952, 1967 और 1976 में चुनाव हुए। वर्ष 1952 में कांग्रेस सदस्य जी. वी. मावलंकर को लोकसभा स्पीकर के रूप में चुना गया था। लोकसभा अध्यक्ष पद पर चयन को लेकर सरकार और विपक्षी दलों के बीच सहमति नहीं बन पाई, जिस वजह से चुनाव की नौबत आ गई। केंद्र में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन के बाद सरकार और विपक्ष के बीच यह पहला शक्ति प्रदर्शन था। इसलिए भाजपा के रणनीतिकार अपने उम्मीदवार ओम बिरला को ज्यादा से ज्यादा सांसदों के समर्थन के साथ बड़ी जीत दिलवाने के मिशन में जुट गई थी। इंडिया गठबंधन की पूर्व रात्री को हुई बैठक में ही नेताओं का कहना था कि इंडिया गठबंधन के पास संख्या बल नहीं है। इसलिये बिना मतदान के ही ध्वनिमत से बिरला के अध्यक्ष चुने जाने की कार्रवाई को निर्बाध होने दिया एवं संसदीय पटल पर खुशी का माहौल दिखाई दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सदन का सौभाग्य है कि आप दूसरी बार इस आसन पर विराजमान हो रहे हैं। अमृतकाल के इस महत्वपूर्ण कालखंड में दूसरी बार इस पद पर विराजमान होना बहुत बड़ा दायित्व आपको मिला है, हम सबका विश्वास है कि आप आने वाले 5 साल हम सबका मार्गदर्शन करेंगे। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी बधाई देते हुए संविधान रक्षा की बात दोहरायी। सदन में तीसरे सबसे बड़े दल के नेता अखिलेश यादव ने कहा कि जिस पद पर आप बैठे हैं, इससे बहुत गौरवाशाली परंपरा जुड़ी है। इसलिए सबकुछ बिना भेदभाव आगे बढ़ेगा। निष्पक्षता इस महान पद की महान जिम्मेदारी है। आप लोकतंत्र के मुख्य न्यायाधीश की तरह बैठे हैं।' हर राष्ट्र का सर्वोच्च मंच उस राष्ट्र की पार्लियामेंट होती है, जो पूरे राष्ट्र के लोगों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों द्वारा संचालित होती है, राष्ट्र-संचालन की रीति-नीति और नियम तय करती है, उनकी आवाज बनती है व उनके ही हित में कार्य करती है। राष्ट्र के व्यापक हितों की सुरक्षा करती है। भारत का लोकतंत्र न केवल सशक्त है बल्कि अनूठा एवं प्रेरक है, उसका सर्वोच्च मंच लोकसभा है। सत्रहवीं लोकसभा के सत्रों की कार्यवाही बिरला ने नियोजित एवं सुचारू ढंग से संचालित कर एक स्वस्थ परम्परा का सूत्रपात किया था, उनके अनुभव एवं क्षमताएं सदन को नई दृष्टि देने के लिए तत्पर रहे हैं। उनके सदन संचालन की दक्षता एवं कौशल की ताजी हवा के झोंकों का अहसास देश का सर्वोच्च लोकतांत्रिक सदन लोकसभा महसूस करता रहा है। वे लोकसभा को कुशलता से संचालित करने में न केवल खरे उतरे हैं बल्कि नये प्रतिमान स्थापित करते हुए सदन की गरिमा एवं गौरव की अभिवृद्धि की हैं। अठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष बनकर निश्चित ही वे सदन की कार्यवाही को अनुशासित भी कर सकेंगे, अनुप्रेरित भी कर सकेंगे और पक्ष-विपक्ष के बीच संतुलन रखते हुए देशहित में महत्वपूर्ण निर्णय लेने का मार्ग प्रशस्त कर सकेंगे, ऐसा विश्वास है। निश्चित ही निष्पक्ष होकर अपनी भूमिका का निर्वहन करते हुए सदन की गरिमा को नए स्तर तक ले जाने में वे सक्षम साबित होंगे।

लोकसभा कुछ खम्भों पर टिकी एक सुन्दर ईमारत ही नहीं है, यह एक अरब चालीस करोड़ जनता के दिलों की धड़कन है। उसके एक-एक मिनट का सदुपयोग हो। वहां शोर, नारे और अव्यवहार न हो, अवरोध पैदा नहीं हो। ऐसा होना निर्धनजन और देश के लिए हर दृष्टि से महंगा सिद्ध होता है। यदि हमारे प्रतिनिधि ईमानदारी से नहीं सोचेंगे और आचरण नहीं करेंगे तो इस राष्ट्र की आम जनता सही और गलत, नैतिक और अनैतिक के बीच अन्तर करना ही छोड़ देगी। निश्चित ही संतुलन, निष्पक्षता, शालीनता एवं कौशल के बल पर बिरला नये लोकसभा के सदन की कार्रवाई को एक नई ऊंचाई प्रदान करेंगे और नयी उम्मीदों को पंख लगायेंगे। इसमें पक्ष एवं विपक्ष का सहयोग अपेक्षित है तभी लोकसभा की शालीनता एवं सभ्यता नई ऊंचाइयों पर आरोहण करेंगी। देश का भविष्य संसद के चेहरे पर लिखा होता है, यदि वहां मयार्दाहीनता एवं अशालीनता का प्रदर्शन होता है तो समस्याएं सुलझने की बजाय उलझती जाती है। छोटी-छोटी बातों पर अभद्र शब्दों का व्यवहार, हो-हल्ला, छींटाकशी, हंगामा और बहिर्गमन आदि ऐसी घटनाएं है, जिनसे संसद जैसी प्रतिनिधि संस्था का गौरव घटता है। यह बात चुने हुए प्रतिनिधियों को समझाने एवं उन्हें प्रशिक्षित करने में बिरलाजी ने पूर्व में जिस तरह की सिद्धहस्तता का परिचय दिया है, वह काबिलेतारीक है। संसद करोड़ों लोगों का प्रतिनिधित्व कर उनकी आवाज बनती हैं। हमारे राष्ट्र की लोकसभा का यही पवित्र दायित्व होता है कि वह उसकी पवित्रता एवं स्वस्थता कायम रखे तथा सभी प्रतिनिधि भगवान् और आत्मा की साक्षी से इस दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाने की शपथ लेते हैं। लोकसभा अध्यक्ष पद पर केवल लम्बे संसदीय अनुभव रखने वाले सांसद का चुनाव जरूरी नहीं होता। देखना यह होता है कि इस पद पर बैठा व्यक्ति सभी पक्षों को साथ लेकर चलने की क्षमता रखता है अथवा नहीं और वह सभी पक्षों के साथ यथोचित न्याय करने का हौंसला रखता है या नहीं। सदन में जब मूल्य एवं नैतिक मानक कमजोर हो जाते हैं और सिर्फ निजी हैसियत को ऊँचा करना ही महत्त्वपूर्ण हो जाता है तो वह सदन निश्चित रूप से कमजोर हो जाता है। आजादी के अमृत काल में भी हम अपने आचरण और काबिलीयत को एक स्तर तक ऊंचा उठाये। - **ललित गर्ग**

# द. अफ्रीकाः भारतवंशियों ने चुनाव में गाड़े.झंडे.



डॉ. आर.के. सिन्हा




भारत में लोक सभा चुनाव के नतीजे बीती 4 जून को आए और दक्षिण अफ्रीका के उससे मात्र दो दिन पहले 2 जून को। दोनों देशों में मिली-जुली सरकारें बन गई हैं। दक्षिण अफ्रीका से भारत सिर्फ इसलिए ही अपने को भावनात्मक रूप से जोड़कर नहीं देखता है कि वहां लगभग 21 सालों तक गांधी जी रहे। वहां उन्होंने भारतवंशियों और बहुसंख्यक अश्वेत आबादी के हक में लड़ाई लड़ी। दक्षिण अफ्रीका भारत के लिए इसलिए भी विशेष है कि वहां पर करीब 15-16 लाख भारतवंशी बसे हुए हैं। संसार के शायद ही किसी अन्य देश में इतने भारतवंशी हों।

दक्षिण अफ्रीका की संसद के लिए हुए हालिया चुनाव में भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाजुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गइ्। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) की सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते हैं। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्जबर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकथा खेडम पार्टी के नेता नरेन्द्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुंचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अखेका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरु वल्ला के मूल निवासी अनिल कुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अखेका पहुंचे पिल्लई शिक्षकों के ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाजुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

इस बीच, दक्षिण अफ्रीका के फिर से राष्ट्रपति सिरिल रामाफोसा बन गए हैं। रामाफोसा ने अखेकी राष्ट्रीय कांग्रेस (एएनसी), डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) और अन्य दलों के समर्थन से फिर से राष्ट्रपति पद को संभाला। खैर, भारत दक्षिण अफ्रीका समेत सभी अखेकी देशों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध रखने का इच्छुक रहा है। कुछ साल पहले राजधानी में हुए भारत-अफ्रीका समिट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा था कि भारत और अफ्रीका की युवा होती आबादी पूरे विश्व में नये कीर्तिमान बना सकती है। उन्होंने कहा कि अफ्रीका में निवेश के लिए भारत बड़ा स्त्रोत है। तब भारत ने अफ्रीकी देशों के लिए 600 मिलियन डॉलर की मदद की घोषणा की थी। भारत की चोटी की कंपनियों टाटा, भारती, महिन्द्रा, अशोक लीलैंड वगैरह का अखेका में तगड़ा निवेश है। भारती एयरटेल ने अफीका के करीब 17 देशों में दूरसंचार क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश किया हुआ है। भारतीय कंपनियों ने कोयला, लोहा और मैंगनीज खदानों के अधिग्रहण में भी रु चि जताई है। अफ्रीकी कंपनियां एग्रो प्रोसेसिंग और कोल्ड चेन, पर्यटन एवं होटल और रिटेल क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग कर रही हैं। अखेकी देश नाइजीरिया भारत को बड़े पैमाने पर तेल की आपूर्ति करता है।

अफ्रीका से राजधानी दिल्ली में आने नागरिकों को यहां अखेका के बहुत सारे प्रतीक मिलेंगे। राजधानी के चाणक्यपुरी में घाना के शिखर नेता क्वामे नकरूमा मार्ग के नाम पर एक सड़क है। करीब ही अफ्रीका गॉर्डन है। अफ्रीका एवेन्यू भी है। संयोग ही है कि निर्गुट आंदोलन के नेता क्वामें नकरूमा मार्ग और अफ्रीका गार्डन इतने करीब हैं। इंडिया अफ्रीका फ्रेंडशिप रोज गॉर्डन को अब अफ्रीका गॉर्डन कहा जाने लगा है। दिल्ली में अखेका नाम से किसी उद्यान का होना एक तरह से यहां पर रहने वाले अफ्रीकी नागरिकों को कुछ भरोसा तो दिलाता होगा कि भारत उनका मित्र है। राजधानी में नेल्सन मंडेला और मिस्र के जननायक गमाल आब्देल नासेर के नाम पर भी सड़क हैं। क्वामें नकरूमा की तरह नासेर भी निर्गुट आंदोलन के महत्त्वपूर्ण हस्ताक्षर थे। लगता है कि मोदी जी तीसरे प्रधानमंत्रित्व काल की सरकार दक्षिण अफ्रीका तथा अन्य सभी अफ्रीकी देशों से संबंध और मजबूत और स्थायी करेगी।

## हूतियों का दावा- इजरायल में अडानी के पोर्ट पर किया ड्रोन अटैक

तेल अवीव। इजरायल में मौजूद भारतीय कंपनी के बंदरगाह पर यमन के हूती विद्रोहियों ने हमले का दावा किया है। दावा है कि उन्होंने इजरायल के हाइफा बंदरगाह पर ड्रोन के जरिए हमला किया है। इराक के इस्लामिक प्रतिरोध के साथ एक संयुक्त सैन्य अभियान चलाया। इसमें कई ड्रोन ने हाइफा बंदरगाह के करीब एक इजरायली जहाज को निशाना बनाया। इजरायल का हाइफा बंदरगाह भारत के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। इस बंदरगाह का संचालन भारतीय अरबपति गौतम अडानी की कंपनी एक स्थानीय कंपनी के साथ मिलकर करती है। रिपोर्ट के मुताबिक यह इजरायल के सबसे प्रमुख बंदरगाहों में से एक है, जहां से लगभग 99 फीसदी सामान समुद्र के रास्ते आता-जाता है। पिछले साल जनवरी में 4 अरब शेकेल (1.03 अरब डॉलर) में इसे खरीदा गया था। ईरान के समर्थन वाले हूती लड़ाकों के प्रवक्ता याह्या सारी ने बुधवार को टीवी पर एक बयान में हमले के बारे में बताया। इजरायल ने हालांकि हूतियों के हमले से इनकार किया है। इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि आर्मी को ऐसी किसी भी घटना की जानकारी नहीं है। हाइफा बंदरगाह पर किसी असामान्य चीज का कोई संकेत नहीं है। इजरायल की ओर से गाजा पर हमले के विरोध में हूतियों ने पिछले साल नवंबर से ही हमला शुरू कर दिया है। उसका कहना है कि यह हमले गाजा में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए है। नवंबर में हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में शिपिंग लेन पर ड्रोन और मिसाइल से हमला किया था। दर्जनों हमलों में उन्होंने दो जहाज डुबो दिए, एक जहाज हाईजैक कर लिया ़हीं दूसरी ओर अदन की खाड़ी में एक जहाज और इजराइल के दक्षिण में स्थित बंदरगाह शहर ईलात पर बुधवार को तड़के हमले किए गए। अदन की खाड़ी में एक जहाज और इजराइल के दक्षिण में स्थित बंदरगाह शहर ईलात पर बुधवार को तड़के हमले किए गए। अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि संभवत- ये हमले हूती विद्रोहियों ने किए हैं।

## 24 घंटे में 35 सैन्य विमान और 7 नौसैनिक जहाज.....ताइवान पर क्या चाहता है चीन

बीजिंग। चीन और ताइवान में फिर तनाव बढ़ता हुआ दिख रहा है। चीनी सेना बार-बार ताइवान की सीमा में घुस रही है। दरअसल, ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि 24 घंटे की अवधि के दौरान द्वीप के आसपास 35 चीनी सैन्य विमानों और सात नौसैनिक जहाजों का पता लगाया। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि 24 घंटे की अवधि के दौरान 35 चीनी सैन्य विमानों और सात नौसैनिक जहाजों का पता लगा। ताइवान के मुताबिक चीन के 19 एयरक्रॉफ्ट उसके डिफेंस आईडेंटिफिकेशन जोन यानी डीआईजेड तक पहुंच गए थे। ताइवान ने इस माह अब तक चीनी सैन्य विमानों को 324 बार ट्रैक किया है। साथ ही नौसेना जहाजों को 190 बार ट्रैक किया है। इसके बाद ताइवान ने चीनी सेना पर नजर रखने के लिए विमान और नौसैनिक जहाज तैनात किए है। ताइवान ने मिसाइल सिस्टम को भी सक्रिय कर दिया। ताइवान चीनी सेना की हर हरकत पर नजर रखे हुए है। हाल के वर्षों में चीन ने ताइवान पर दबाव बढ़ा दिया है और पिछले महीने ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते के उद्घाटन के बाद द्वीप के चारों ओर सैन्य अभ्यास किया है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, उन अभ्यासों के दौरान, बीजिंग ने इस साल एक दिन में सबसे अधिक 62 सैन्य विमान ताइपे के आसपास भेजे।

## पाकिस्तान में लू और गर्मी ने ली लोगों की जान, भरे पड़े हैं मुर्दाघर

कराची। भारत के साथ पाकिस्तान भी भीषण गर्मी की चपेट में है। पाकिस्तान में भी भीषण गर्मी के कारण कई लोगों मौत हो चुकी है। पाकिस्तान के सबसे बड़े शहर में भीषण गर्मी के कारण पिछले चार दिनों में कम से कम 450 लोगों की मौत हुई है। हालात यह है शवों को रखने के लिए जगह नहीं है। मुर्दाघर भरे पड़े



हैं। पाकिस्तान के एनजीओ का दावा है। पाकिस्तान सरकार ने अभी इस बारे में कोई आधिकारिक आंकड़ा पेश नहीं किया है। बताया जा रहा है कि मरने वालों में से 141 लोगों ने 25 जून को जान गंवाई। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इमरजेंसी सेवाओं के कर्मचारियों को कराची की सड़कों पर अब तक 30 लोगों के शव मिले हैं। उसका कहना है कि उसे बुधवार को छोड़कर पिछले चार दिनों में कम से कम 427 शव मिले हैं। ज्यादातर शव बेघर लोगों और सड़कों पर नशा करने वालों के हैं। तेज गर्मी की लहर ने उनकी जान ले ली। ये लोग अपना पूरा दिन इलाज की तलाश में खुले में बिताते हैं। पाकिस्तान का बंदरगाह शहर कराची भयंकर गर्मी की चपेट में है। बुधवार को लगातार तीसरे दिन पारा 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। तटीय इलाकों के हिसाब से यह बेहद खतरनाक है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले तीन दिन में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। हालांकि, हवा में ज्यादा नमी की वजह से उमस है। इसकी वजह से 40 डिग्री तापमान भी 49 डिग्री जैसा महसूस हो रहा है। पिछले चार दिन में कराची के सिविल अस्पताल में हीटस्ट्रोक की वजह से 267 लोग भर्ती किए गए हैं।

## दमिश्क में देर रात सुनाई दीं विस्फोट की आवाजें

दमिश्क। सीरिया की राजधानी दमिश्क के दक्षिणी इलाकों में बुधवार देर रात विस्फोट की आवाजें सुनी गईं। ये इजरायल की ओर से किए गए मिसाइल हमले लग रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट ने गुरुवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रत्यक्षदर्शियों और शाम एफएम रेडियो के मुताबिक हमले दमिश्क के दक्षिणी ग्रामीण इलाके में सैय्यदा ज़ैनब उपनगर के पास एक इलाके में हुए। इस बीच सीरियाई वायु रक्षा मिसाइलों के साथ-साथ दमिश्क के ग्रामीण इलाकों में विस्फोटों की आवाज़ सुनी गई।

## बोलीविया का तख्ता पलटने का असफल प्रयास, जनरल गिरफ्तार

ला पाज़। बोलीविया में राष्ट्रपति लुइस आर्से के खिलाफ तख्ता पलटने की असफल साजिश के कुछ घंटों बाद जनरल जुआन जोस जुनिगा को गिरफ्तार कर लिया गय। यह गिरफ्तारी ला पाज़ शहर में उप आंतरिक मंत्री जॉनी एगुइलेरा के नेतृत्व में एक अभियान चलाकर की गई। मीडिया रिपोर्ट में एफजीई के संचार प्रमुख जोस लुइस टारक्विनो के हवासे से बताया कि तख्ता पलटने के असफल कोशिश में शामिल जुनिगा और अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक जांच शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि ला पाज़ शहर में हुई नई घटनाओं को देखते हुए अटॉर्नी जनरल ने जनरल जुआन जोस जुनिगा और घटनाओं में शामिल अन्य लोगों के खिलाफ आपराधिक जांच के अनुरूप सभी कानूनी कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया है।

## डॉक्टर ने की अपने ही परिवार की हत्या की कोशिश, कोर्ट ने नहीं भेजा जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में कैलिफोर्निया प्रांत की एक कोर्ट ने भारतीय मूल के डॉक्टर को अपने ही परिवार की हत्या करने के प्रयास में जेल नहीं भेजा है और डॉक्टर की मानसिक बीमारी का इलाज कराने का आदेश दिया है। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक 43 वर्षीय डॉ धर्मेश पटेल ने दो जनवरी-2023 को अपनी कार को एक चट्टान से 250 फीट नीचे गिरा दिया था। हालांकि हादसे में वह खुद और कार में सवार उनकी पत्नी और दो बच्चे बच गये थे। पिछले साल सितम्बर में सुनवाई के दौरान उन्होंने हत्या के प्रयास के तीन मामलों में दोषी नहीं होने की दलील दी। अदालत ने आरोपी के स्किज़ोफेक्टिव डिसऑर्डर और अन्य प्रमुख अवसादग्रस्तता लक्षणों से पीड़ित होने संबंधी डॉक्टरों की रिपोर्टों का भी अध्ययन किया गया। एक रिपोर्ट के मुताबिक कैलिफोर्निया प्रांत की एक कोर्ट में दायर रिकॉर्ड में डॉ पटेल को मानसिक बीमारी से ग्रस्त पाया गया, जिसके तहत अपराध के लिए आरोपित व्यक्ति का इलाज कराने की इजाजत दी जाती है। प्रावधान के तहत अभियुक्त के मानसिक बीमारी के इलाज के दौरान अभियोजन स्थगित कर दिया जाता है, और उसे पूरी तरह से खारिज किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डॉ धर्मेश पटेल कुछ और सप्ताह जेल में रहेंगे और फिर उसे कैलिफोर्निया के बेलमोंट में उनके माता-पिता के घर छोड़ दिया जाएगा, जहां उन पर निगरानी रखी जायेगी। इस दौरान डॉ धर्मेश पटेल को शहर छोड़ने की इजाजत नहीं है और अपना ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट जमा करने के साथ ही सप्ताह में एक बार कोर्ट में पेश होना होगा।



रोम में फेमीसाइड को लेकर विरोध प्रदर्शन के दौरान लाल रंग लगाये हुए प्रदर्शनकारी।

## पन्नू मामले में भारत की जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहा अमेरिका



वाशिंगटन। अमेरिका ने कहा है कि वह सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश में एक भारतीय अधिकारी के शामिल होने के आरोपों की भारत की जांच के नतीजों का इंतजार कर रहा है। पिछले साल नवंबर में, अमेरिकी संघीय अभियोजकों ने भारतीय नागरिक निखिल गुप्ता पर पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में एक भारतीय सरकारी कर्मचारी के साथ काम करने का आरोप लगाया था। आतंकवाद के आरोपों में भारत में वांछित पन्नू के पास अमेरिका और कनाडा की दोहरी नागरिकता है। इन आरोपों के बाद भारत ने हत्या की कथित साजिश पर अमेरिका द्वारा उपलब्ध कराई सूचनाओं की जांच के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है। मिलर ने कहा, ''हम उन सदस्यों को निजी रूप से जवाब देने वाले हैं, जैसा कि हम हमेशा करते हैं। मैं उसके बारे में यहां नहीं बोलूंगा। अमेरिका के उप विदेश मंत्री कर्ट कैम्पबेल ने कहा था कि उनके देश ने पन्नू की हत्या की कथित नाकाम साजिश की भारत द्वारा जांच से संबंधित अद्यतन जानकारी मुहैया करने पर लगातार जोर देकर स्पष्ट किया है कि वाशिंगटन मामले में जवाबदेही चाहता है। कैम्पबेल ने पिछले हफ्ते अपनी और अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जेक सुलीवन की भारत यात्रा पर प्रेस वार्ता में ये टिप्पणियां कीं।

# टू फ्रंट वॉर की स्थिति में भारत के लिए फिर से सीधा उतरने को तैयार रूस, बनाया क्या प्लान



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भले ही चीन का दौरा किया हो। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भले ही शी जिनपिंग के साथ बैठकर कई डील की हो। लेकिन वो उतनी बड़ी नहीं होंगी, जितनी बड़ी पुतिन ने भारत के साथ करने का मन बनाया है। रूस और भारत के बीच एक ऐसी रक्षा डील होने वाली है, जिससे चीन भी खौफ खा रहा है। एक ऐसी रक्षा डील जो भारत को मजबूती देगा और रूस भारत के संबंधों को आधार भी प्रदान करेगा। खबर आ रही है कि कई सालों के इंतजार के बाद भारत रूस आपसी रसद समझौता फाइनल होने की कगार पर है। रूस ने पिछले सप्ताह ही इस डील को मंजूरी दे दी है।

ये समझौता अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह, मानवीय सहायता, आपदा राहत प्रयासों के लिए सैन्य से सैन्य आदान-प्रदान को सरल बनाएगा। यानी ये आर्मी टू आर्मी होगा। इंडियन आर्मी और रशियन आर्मी मिलकर बड़े पैमाने पर ऐसे अभियानों में साथ मिलकर भाग लेंगे, जो दोनों देशों के मदद के काम आ सके। ये ऐसे समझौतों की पूरी श्रृंखला है जिसपर भारत ने 2016 में संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ शुरुआत करते हुए कई देशों के साथ हस्ताक्षर किए थे। रूस ने भी इसके साथ आगे आकर भारत को अपना समर्थन दे दिया है। रूस ने भारत के साथ हस्ताक्षर किए जाने वाले रसद समझौते के मसौदे को अब मंजूरी दे दी है।

ये समझौता कई सालों से भारत और रूस के बीच अटका पड़ा था। इसमें अभ्यास, प्रशिक्षण, बंदरगाह आपदा राहत के लिए सैन्य आदान प्रदान को शामिल करना है। यानी जब कभी दोनों देशों को एक दूसरे की जरूरत होगी तब आर्मी टू आर्मी यानी सेना से सेना तक काम किया जाएगा। इसमें वॉर एक्सरसाइज, ट्रेनिंग और इसके साथ ही बंदरगाहों को मजबूत करने के लिए आपदा राहत के लिए सैन्य शक्ति प्रदान करना शामिल होगा। इसमें कई सुविधाएं दी जाएंगी। जिससे दोनों देशों की सेनाओं को मजबूती मिलेगी। अब इसे प्रभावी करने से पहले दोनों देशों के बीच हस्ताक्षर होंगे।

## सुनीता विलियम्स और बुश विल्मोर 6 जुलाई को लौटेंगे धरती पर



**-बोइंग स्टारलाइनर में खराबी आने से अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हैं**

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** भारतीय मूल की नासा अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुश विल्मोर अभी भी अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे हुए हैं। कुछ हफ्ते पहले ही वह स्टेशन पहुंचे थे। उनके लौटने की दो बार तारीख टल चुकी है लेकिन, अब खुशखबरी है कि नासा ने उनकी वापसी की तारीख का ऐलान कर दिया है। दरअसल, बोइंग स्टारलाइनर में तकनीकी दिक्कत आने से विमान अंतरिक्ष में ही फंस गया है।

सुनीता और बुश को लेकर बोइंग का स्टारलाइनर कैप्सूल ने पांच जून को धरती से उड़ान भरी थी और छह जून को सफलतापूर्वक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उतरा था। तकनीकी दिक्कत आने से विमान अभी भी स्टेशन में ही फंसा है। उसमें आई खराबी के कारण अंतरिक्ष यात्रियों की धरती पर वापस आने की योजना अधर में लटकी है। नासा ने सीआईडी रिटर्न को तीन बार रीशेड्यूल किया है।

सुनीता विलियम्स और उनके साथी की स्पेस सेंटर से वापसी अब तय हो गई है। नासा के क्रू मैनेजर स्टीव स्टिच का कहना है कि स्टारलाइनर को 45 दिनों तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में डॉक किया जा सकता है। नासा के आंतरिक सूत्रों का कहना है कि सुनीता और बुश की धरती पर लौटने की तारीख छह जुलाई तय की गई है।

नासा के टैक्नीकल स्टॉफ का कहना है कि विमान के थ्रस्टर्स ज्यादा गर्म हो गए और हीलियम का भार वहन हुआ। मिशन प्रबंधन टीम डेटा की जांच कर रही है। छह जून को स्टारलाइनर के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में लैंडिंग के बाद यात्रियों को पता लगा कि पांच हीलियम लीक हो गए हैं और पांच थ्रस्टर्स ने काम करना बंद कर दिया है। एक वाल्व पूरी तरह से बंद नहीं हुआ है। इसी कारण अंतरिक्ष में चालक दल को मरम्मत में ज्यादा समय लग रहा है।

## पाकिस्तान में हुए आम चुनाव की होगी जांच,अमेरिका ने प्रस्ताव पारित किया

वाशिंगटन। पाकिस्तान में हाल ही में हुए आम चुनाव में गड़बड़ी होने की बातें सामने आई थी। मुख्य विपक्षी दल पीटीआई के संस्थापक और पूर्व पीएम इमरान खान ने भी आरोप लगाए थे कि पाकिस्तान के चुनावों में घपला हुआ है और मतगणना के दौरान गड़बड़ी कर नवाज शरीफ की पार्टी को जिताया गया है। इस बीच अब इमरान को अमेरिका का भी साथ मिलते दिख रहा है। प्रस्ताव में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन से लोकतंत्र, मानवाधिकार और कानून के शासन को बनाए रखने में पाकिस्तान के साथ सहयोग करने का आग्रह किया गया। जॉर्जिया के कांग्रेसी मैककॉर्मिक और मिशिगन के कांग्रेसी किल्डी द्वारा पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के लिए समर्थन व्यक्त करना शीर्षक वाले प्रस्ताव, एचआर 901 को पेश किया गया और 100 से अधिक सहयोगियों द्वारा सह-प्रायोजित किया गया। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को पाकिस्तान में लोकतंत्र और मानवाधिकारों के समर्थन में एक द्विदलीय प्रस्ताव पारित किया और पाकिस्तान के 2024 के चुनावों में हस्तक्षेप के दावों की गहन और स्वतंत्र जांच का आह्वान किया। सदन के 85 प्रतिशत सदस्यों ने इसमें भाग लिया और इसके पक्ष में मतदान किया। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि यह प्रस्ताव लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और पाकिस्तान के लोगों के अधिकारों का सम्मान करने के महत्व को रेखांकित करता है, क्योंकि वे आर्थिक अस्थिरता और सुरक्षा खतरों का सामना कर रहे हैं। इस प्रस्ताव का लगभग सर्वसम्मति से पारित होना पाकिस्तान सरकार को एक स्पष्ट संदेश देता है कि अमेरिका पाकिस्तान के लोगों के साथ लोकतंत्र, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और व्यक्तिगत स्वतंत्रता और मानवाधिकारों के सम्मान की तलाश में खड़ा है।

## अब एआई आपका मूड नहीं होने देगी खराब

**-जापान ने इजाद की ये नई एआई तकनीक**

**टोक्यो (एजेंसी)।** कई बार हमारी गलती न भी हों, तो सामने वाले का मूड खराब होने की वजह से वो हम पर चीखने-चिल्लाने लगता है। ऐसे हालात से निपटने के लिए जापान की एक कंपनी ने दिलचस्प समाधान निकाल लिया है। जापानी कंपनी ने एक ऐसी तकनीक इजाद की है जिसमें सामने वाला कितने भी गुस्से में हो, ये तकनीक उसकी तीखी आवाज़ को आपके कानों तक पहुंचते-पहुंचते मीठी और मधुर बना देगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक जापान की एक कंपनी ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके ऐसा सॉफ्टवेयर बनाया है कि वो आपका मूड खराब नहीं होने देगा। कोई कितना भी चीखे-चिल्लाए, आपको उसकी आवाज़ मीठी और प्यारभरी ही लगेगी। ये खासतौर पर कॉल सेंटर ऑपरेटर्स के लिए बनाया गया है, जो फोन पर आने वाली गुस्से भरी आवाज़ को प्यार भरी बना देगा। जापान की कंपनी ने इसके लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का स्मार्ट यूज़ किया है। ये एक ऐसा फिल्टर होगा, जो चीखने और गुस्से में जिल्लाने की आवाज़ को डिटेक्ट कर लेगा और इसे शांत और मधुर आवाज़ में बदल देगा। इसे बनाने वाली साफ्ट बैंक कंपनी के डेवलपर्स में से एक तोशियुकी नाकातानी ने बताया - 'हमने एक इमोशन सरप्रेशन सिस्टम विकसित किया है, जो कर्मचारियों को परेशान करने वाली ग्राहकों की गुस्से भरी आवाज़ से बचाएगा।' ये वॉइस फिल्टर दो स्तर पर काम करेगा। पहले कि वो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की सहायता से गुस्से भरी आवाज़ को पहचान लेगा और उसके की प्वाइंट्स को जान लेगा। दूसरे स्टेज पर वो अकाउस्टिक टूल के ज़रिये इसे नेचुरल और विनम्रता भरी आवाज़ में ट्रांसलेट कर देगा।

# भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों में वृद्धि चिंताजनक : एंटनी ब्लिंकन



**वाशिंगटन। (एजेंसी)।** अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा कि भारत में धर्मांतरण विरोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषणों और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के घरों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में ''चिंताजनक वृद्धि'' हुई है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट जारी करने के मौके पर ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि दुनियाभर में लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने 2023 में भारत के अपने समकक्षों के साथ धार्मिक स्वतंत्रता के मुद्दों के बारे में लगातार चिंताएं व्यक्त कीं।

विदेश मंत्री ने कहा, ''भारत में हमने धर्मांतरण रोधी कानूनों, नफरत फैलाने वाले भाषण, धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के लोगों के मकानों व प्रार्थना स्थलों को ध्वस्त करने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि देखी है। इसके साथ ही दुनियाभर के लोग धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करने के लिए काफी जद्दोजहद कर रहे हैं।'' भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि 28 में से 10 राज्यों में सभी धर्मों के धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानून हैं। इनमें से कुछ राज्य विवाह के उद्देश्य से जबरन धर्मांतरण के खिलाफ दंड भी लगाते हैं।

भारत ने पहले भी मानवाधिकारों पर अमेरिकी विदेश विभाग की वार्षिक रिपोर्ट को खारिज करते हुए कहा है कि यह ''गलत सूचना और त्रुटिपूर्ण समझ'' पर आधारित है। विदेश मंत्रालय ने पिछले साल कहा था, ''कुछ अमेरिकी अधिकारियों की पक्षपातपूर्ण टिप्पणी इन रिपोर्टों की विश्वसनीयता को और कम करने का काम करती है।'' इस वर्ष की रिपोर्ट में अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि ईसाइयों और मुस्लिमों को जबरन धर्मांतरण पर प्रतिबंध लगाने वाले कानूनों के तहत गिरफ्तार किया गया। धार्मिक समूहों का कहना है कि कुछ मामलों में धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के सदस्यों को झूठे तथा मनगढ़ंत आरोपों में प्रताड़ित किया गया तथा जेल में डाला गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राष्ट्रीय स्तर पर समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने के आह्वान पर विदेश विभाग ने कहा कि मुस्लिम, सिख, ईसाई और आदिवासी नेताओं तथा कुछ राज्य सरकारों के अधिकारियों ने इस आधार पर इसका विरोध किया है कि यह देश को ''हिंदू राष्ट्र'' में बदलने की योजना का हिस्सा है।

# एलन मस्क बने 12वें बच्चे के पिता, ज्यादा बच्चे पैदा करने के हैं हिमायती

**-टेस्ला के मालिक बोले-धरती पर अभी भी कम लोग हैं यह बहुत बड़ी समस्या**

**सैंटफ्रांसिस्को (एजेंसी)।** एलन मस्क के 12वीं बार पिता बनने पर आप भले ही हैरत करें लेकिन एलन मस्क बच्चे पैदा करने को लेकर हमेशा गंभीर रहे हैं। वह ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करना चाहते हैं और हाल ही में एक और स्वस्थ बालक उनके घर आया है। एलन मस्क अपने 12वें बच्चे का स्वागत करते कहा कि न्यूरालिंक की एंप्लॉयी शिवोन जिलिस के साथ पैदा हुआ नया बच्चा कोई 'सीक्रेट' नहीं था।

टेस्ला के सीईओ एलन मस्क और उनकी पत्नी जिलिस की यह तीसरी संतान है। इससे पहले जिलिस ने जुड़वा बच्चे को जन्म दिया था। जिलिस न्यूरालिंक में ऑपरेशंस और स्पेशल प्रोजेक्ट्स की डायरेक्टर हैं। एलन मस्क की पहली पत्नी जस्टिन से पांच बच्चे हैं और कनाडा मूल की एक संगीतकार ग्राइम्स से उन्हें तीन बच्चे हैं। मस्क ज्यादा बच्चे पैदा करने के हिमायती हैं।

एलन मस्क के मुताबिक धरती पर अभी भी कम लोग हैं और यह बहुत बड़ी समस्या है। मस्क ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक कार्यक्रम में अपने टेस्ला बॉट जोकि एक तरह का एंड्रॉइड है के बारे में बात करते हुए कहा कि केवल एक बॉट सेना ही बिना आराम, भोजन या शिकायत के काम करने के इच्छुक मजदूरों की कॉर्पोरेट जरुरत को पूरा कर सकती है लेकिन जब तक बॉट चालू नहीं होते, तब तक मस्क के स्क्विड गेम को अभी भी मांस और खून वाले श्रमिकों की जरूरत है।

मस्क ने कहा, मैं इस पर और कितना जोर दूं कि धरती पर पर्याप्त लोग नहीं हैं। सभ्यता के लिए सबसे बड़े खतरों में से एक कम जन्म दर है। मस्क कहते हैं कि ऐसे लोग जिनका आईक्यू अच्छा है, और बुद्धिमान हैं, उन्हें ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करने चाहिए। जलवायु परिवर्तन और असमानता जैसे मसलों पर बात करते हुए उन्होंने कहा था कि बड़ी संख्या में लोग बच्चे पैदा न करने का फैसला ले रहे हैं। मस्क ने कहा कि बहुत से अच्छे, स्मार्ट लोग सोचते हैं कि दुनिया में बहुत सारे लोग हैं और जनसंख्या नियंत्रण से बाहर हो रही है। ऐसा नहीं है आज भी दुनिया में लोग कम ही हैं।



# साउथ अफ्रीका टीम ने रचा इतिहास, अफगानिस्तान को दी 9 विकेट से मात पहली बार टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची

**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** टी20 वर्ल्ड कप 2024 फाइनल के लिए साउथ अफ्रीका ने अपने नाम की मुहर लगा दी है। साउथ अफ्रीका ने गुरुवार को हुए सेमीफाइनल मुकाबले में अफगानिस्तान को 9 विकेट से हराकर टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। बता दें कि, ये पहली बार है जब अफ्रीकी टीम टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंची है, इसके साथ ही टीम ने इतिहास भी रच दिया है। पहले बल्लेबाजी करते हुअ अफगान टीम महज 56 गेंदों पर धराशाही हो गई, जिसके जवाब में अफ्रीकी टीम ने आसानी से इस टारगेट को चेज कर लिया।

साउथ अफ्रीका के लिए रीजा हेंड्रिक्स ने 29 रन बनाए। वहीं कप्तान एडम मार्क्रम ने 23 रन बनाए। ये दोनों खिलाड़ी अंत तक आउट नहीं हुए और महज 8.5 ओवर्स में ही टारगेट को चेज कर लिया। टीम की शुरुआत बेहद ही खराब रही। जब क्विंटन डिकॉक सिर्फ 5 रन बनाकर पवेलियन लौट गए उन्हें फजलहक फारूकी ने अपना शिकार बनाया। इसके साथ ही अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, जो बाद में गलत साबित हुआ। टीम के बल्लेबाज बुरी तरह फ्लॉप रहे और कोई भी खिलाड़ी दमदार प्रदर्शन नहीं कर सका। अजमतुल्लाह उमरजई ही दोहरे अंक तक पहुंच पाए थे, उन्होंने 10 रन बनाए। जबकि रहमानुल्लाह गुरबाज, नूर अहमद और मोहम्मद नबी अपना खाता तक नहीं खोल पाए। इसी कारण से अफगानिस्तान टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल पाई और महज 56 रनों पर ही समिट गई। टी20 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में किसी भी टीम द्वारा बनाया गया ये सबसे कम स्कोर है। दूसरी तरफ साउथ अफ्रीकी गेंदबाजों का प्रदर्शन काबिले तारीफ था। मार्को जेसन ने 3 ओवर में 16 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए। वहीं तबरेज शम्सी ने भी तीन विकेट अपने नाम किए। कगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्खिया ने 2-2 विकेट चटकाए।



# सेमीफाइनल में करारी हार से हताश नजर आये अफगानिस्तान के कप्तान राशिद



**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** आईसीसी टी20 विश्वकप क्रिकेट के सेमीफाइनल में पहुंचकर सबको हैरान करने वाली अफगानिस्तान की टीम जिस प्रकार दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में बिखरी है उससे सभी हैरान हैं। ऑस्ट्रेलिया जैसी टीम को सुपर 8 में हराकर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली अफगानिस्तान की टीम दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने ताश के पत्तों की तरह से ढह गयी। उसे दक्षिण अफ्रीका ने एकतरफा सेमीफाइनल में 9 विकेट से हरा दिया। इस हार ने अफगानिस्तान के खिलाड़ियों के साथ ही प्रशंसक भी निराश हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मिली करारी हार ने अफगानिस्तान के खिलाड़ियों को हताश कर दिया। सेमीफाइनल समाप्त होते ही अफगानिस्तान के खिलाड़ी मायूस नजर आये। कप्तान राशिद खान समझ ही नहीं पाये कि मैच कब हाथ से निकल गया।

सेमीफाइनल में हारने के बाद भी अफगानी खिलाड़ियों ने मैदान का चक्कर लगाया। उन्होंने टीम का समर्थन करने स्टेडियम पहुंचे प्रशंसकों का आभार भी जताया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया पर उसकी टीम अफ्रीकी गेंदबाजों के सामने टिक नहीं पायी।

वहीं शुरुआती ग्रुप मैचों में अफगानिस्तान की टीम बेहतरीन फॉर्म में चल रही थी। उसने ग्रुप राउंड में न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को हराया था। फिर सुपर-8 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल की। इसके बाद अपने से कहीं बेहतर रैंकिंग वाली बांग्लादेश को हराया।

# शुभमन की कप्तानी में एक जुलाई को जिम्बाब्वे रवाना होगी भारतीय टीम



**–यशस्वी , सैमसन सहित चार खिलाड़ी बाद में रवाना होंगे**

**मुम्बई (एजेंसी)।** शुभमन गिल की कप्तानी में भारतीय टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज खेलने एक जुलाई को जिम्बाब्वे रवाना होगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में इस दौरे के लिए 15 सदस्यीय टीम घोषित की थी। इस दौरे में बोर्ड ने अनुभवी खिलाड़ियों को आराम देते हुए युवाओं को अवसर दिया है। इस दौरे पर जाने वाले खिलाड़ी अभी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में हाई-परफॉर्मेंस कैंप में प्रशिक्षण ले रहे हैं। वहीं इस दौरे के लिए चयनित यशस्वी जयसवाल, संजू सैमसन, रिंकू सिंह और खलील अहमद टी20 विश्वकप समाप्त होने के बाद रवाना होंगे।

इस दौरे के लिए युवा विकेटकीपर ध्रुव जुरेल और बल्लेबाज रियान पराग अभी राजस्थान रॉयल्स के उच्च प्रदर्शन केंद्र में तैयारी कर रहे हैं। वे वहां लगभग एक सप्ताह प्रशिक्षण में बिताएंगे और मुंबई में अन्य खिलाड़ियों से मिलेंगे। वर्तमान एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण, अंतरिम भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में युवा टीम के साथ यात्रा करेंगे। एनसीए के सहयोगी स्टाफ के भी लक्ष्मण के साथ रहने की उम्मीद है।

**सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है**

**पहला टी20ई :** 6 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**दूसरा टी20ई :** 7 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**तीसरा टी20ई :** 10 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**चौथा टी20ई :** 13 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

**5वां टी20ई :** 14 जुलाई, हरारे स्पोर्ट्स क्लब

ये सभी मुकाबले शाम 4¬30 बजे से खेले जाएंगे

# अफगानिस्तान बनी टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में सबसे कम स्कोर बनाने वाली टीम

**त्रिनिदाद (एजेंसी)।** अफगानिस्तान की टीम के नाम आईसीसी टी20 विश्वकप में एक ऐसा रिकार्ड दर्ज हो गया है जिसे वह याद नहीं रखना चाहेगी। अफगानिस्तान की टीम सेमीफाइनल में के खिलाफ केवल 56 रन बना पायी। ये आईसीसी टी20 विश्वकप सेमीफाइनल का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले का सबसे छोटा स्कोर श्रीलंका के नाम था। श्रीलंकाई टीम 2010 में टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 11.5 ओवर में 128 रन ही बना पायी थी।

अपने क्रिकेट इतिहास का सबसे बेहतर कर सेमीफाइनल में पहुंची अफगानिस्तान की टीम से उसके प्रशंसकों को काफी उम्मीदें थीं पर उसने निराश किया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अफगान टीम की शुरुआत खराब रही। उसके सलामी बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज बिना खाता खोले ही आउट हो गए। इसके बाद उसके बल्लेबाज एक के बाद एक पेवेलियन लौटने लगे। चार रन पर पहला विकेट गंवाने वाली अफगानिस्तान की टीम ने 20 रन पर चौथा, 23 रन पर पांचवां, 28 रन पर छठा विकेट खो दिया। उसकी पूरी टीम 71 गेंद में 56 रन बनाकर पेवेलियन लौट गयी।

सबसे अधिक 10 रन चौथे अजमतुल्लाह ओमरजई ने बनाये। उन्होंने 12 गेंद में 10 रन बनाए। वहीं सबसे अधिक 13 रन अतिरिक्त रहे। ये रन वाइड आर लेगबाई से आये। दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों तबरेज शम्सी और मार्को यानसेन ने 3-3 विकेट लिए। शम्सी ने तो केवल 1.5 ओवर के स्पेल में 6 रन देकर 3 विकेट ले लिए। वहीं यानसेन ने 3 ओवर के स्पेल में 16 रन दिए और 3 विकेट अपने नाम किए। कैगिसो रबाडा और एनरिक नॉर्किया को दो-दो विकेट मिले।

# इस तरह की पिच पर कोई भी विश्व कप सेमीफाइनल नहीं खेलना चाहेगा: अफगानिस्तान कोच

**तारोबा (त्रिनिदाद) (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ यहां टी20 विश्व कप सेमीफाइनल के लिए इस्तेमाल की गई पिच की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि इस तरह के बड़े मुकाबले के लिए यह उपयुक्त नहीं थी। इस पिच से तेज गेंदबाजों को मूवमेंट मिल रहा था और इसमें अनिश्चित उछाल दी थी। अफगानिस्तान की टीम इस पिच पर केवल 56 रन बनाकर आउट हो गई जो टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में न्यूनतम स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका ने भले ही लक्ष्य 8.5 ओवर में हासिल कर दिया लेकिन उसके बल्लेबाजों को भी संघर्ष करना पड़ा।



ट्रॉट ने मैच के बाद कहा, 'मैं खुद को परेशानी में नहीं डालना चाहता और मैं अंगूर खट्टे हैं जैसा मामला भी नहीं बनना चाहता लेकिन यह उस तरह की पिच नहीं थी जिस पर कोई विश्व कप का सेमीफाइनल खेलना चाहेगा।% इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने कहा कि इस पिच ने बल्लेबाजी को पूरी तरह से खेल से बाहर कर दिया। उन्होंने कहा, 'मुकाबला बराबरी का होना चाहिए। मैं ऐसा नहीं कह रहा हूं कि यह सपाट होनी चाहिए जिसमें स्पिन या सीम मूवमेंट न हो। मेरे कहने का मतलब है कि आपको बल्लेबाजों की भी चिंता होनी चाहिए। बल्लेबाजों को अपने पांव के मूवमेंट पर विश्वास होना चाहिए और उन्हें अपने कौशल का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए।'

ट्रॉट ने कहा, 'टी20 का खेल आक्रामकता तथा रन बनाने और विकेट लेने से जुड़ा है। यह प्रारूप क्रीज पर टिके रहने के लिए नहीं बना है।' तारोबा में विश्व कप के पांच मैच खेले गए जिनमें से पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम केवल एक बार 100 रन के पार पहुंची। मेजबान वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ छह विकेट पर 149 रन बनाए और उसका सफलतापूर्वक बचाव भी किया। अफगानिस्तान का अपना पहला विश्व कप सेमीफाइनल खेलने से पहले काफी व्यस्त कार्यक्रम था और ट्रॉट ने कहा कि उनके खिलाड़ी थके हुए थे।

उन्होंने कहा, 'हम पिछले मैच के बाद तीन बजे होटल पहुंच पाए थे और इसके 5 घंटे बाद हमें निकलना पड़ा। इस तरह से हमें सोने का बहुत अधिक वक्त नहीं मिला और खिलाड़ी वास्तव में थके हुए थे।' ट्रॉट ने कहा, 'लेकिन हम अपने कार्यक्रम से अवगत थे और यह कोई बहाना नहीं है। जब आप विश्व कप या किसी टूर्नामेंट में खेलते हैं तो सभी चीजें आपके अनुरूप नहीं होती हैं और आपको इन मुश्किलों का सामना करते हुए आगे बढ़ना होता है।

# भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है :राष्ट्रपति मुर्मु

नई दिल्ली ।राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को कहा कि युवाओं को खेलों में भी आगे बढ़ने के नए अवसर मिल रहे और भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रपति ने आज संसद के दोनों सदनों के संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए कहा, 'मेरी सरकार के प्रभावी प्रयासों का परिणाम है कि भारत के युवा खिलाड़ी वैश्विक मंचों पर रिकॉर्ड संख्या में मेडल्स जीत रहे हैं। कुछ ही दिनों बाद पेरिस ओलंपिक भी शुरू होने जा रहा है।' उन्होंने आगे कहा, 'ओलंपिक्स में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले हर खिलाड़ी पर हमें गर्व है। मैं उन्हें अपनी शुभकामनाएं देती हूं। इन उपलब्धियों को और आगे ले जाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ 2036 ओलंपिक खेलों की मेजबानी की तैयारी भी कर रहा है।'



# बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज : कपिल देव

नई दिल्ली ।भारत के पहले विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव ने कहा कि जब वह गेंदबाजी करते थे, तब से तुलना की जाए तो जसप्रीत बुमराह उनसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। बुमराह मौजूदा टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, उन्होंने अब तक 23 ओवर में 11 विकेट चटकाए हैं। कपिल ने कहा कि बुमराह मुझसे 1000 गुना बेहतर गेंदबाज हैं। ये युवा हमसे कहीं बेहतर हैं। हमारे पास अधिक अनुभव था। वे बेहतर हैं। बुमराह को इस समय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज माना जाता है। भारत के लिए 26 टेस्ट खेल चुके इस गेंदबाज ने 159 विकेट चटकाए हैं। वह 89 वनडे में 149 विकेट और 68 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 85 विकेट झटक चुके हैं। कपिल ने अपने करियर का समापन 434 टेस्ट विकेट के विश्व रिकॉर्ड के साथ किया था और उन्हें अब तक के सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडरों में से एक माना जाता है। उन्होंने 253 वनडे विकेट भी लिए हैं। भारत को 1983 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले 65 वर्षीय कपिल ने मौजूदा राष्ट्रीय टीम के फिटनेस स्तर की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। उत्कृष्ट हैं। वे अधिक फिट हैं। वे बहुत अधिक मेहनती हैं। वे शानदार हैं। बहरहाल, टीम इंडिया अभी इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले की तैयारी कर रही है। गुयाना के मैदान पर बारिश ने सबकी चिंता बढ़ाई हुई है। हालांकि टीम इंडिया को एक फायदा यह भी हो सकता है कि अगर मैच न हुआ तो वह अपने ग्रुप में पहले नंबर पर रहने के साथ अपने आप ही फाइनल के लिए क्वालिफाई कर जाएगी।



# अगले माह एशिया कप में होगा भारत-पाक की महिला क्रिकेट टीमों में मुकाबला

**मुम्बई (एजेंसी)।** अब प्रशंसकों को एक बार फिर भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच मुकाबला देखने को मिलेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अनुसार ये मुकाबला अगले माह श्रीलंका में भारत और पाकिस्तान की महिला टीमों के बीच एशिया कप में खेला जाएगा। एशिया कप 19 से 28 जुलाई तक खेला जाएगा। इसमें भारतीय टीम का पहला मुकाबला 19 जुलाई को पाकिस्तान से होगा। इस बार एशिया कप में मेजबान श्रीलंका सहित आठ टीमें भाग लेंगी। पिछली बार से अलग करते हुए इस साल आठ टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। इसमें भारत, पाकिस्तान, यूएई और नेपाल को ग्रुप ए में जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, थाईलैंड और मलेशिया ग्रुप बी में रहेंगे। .

एसीसी के अनुसार भारतीय टीम 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से खेलेगी। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। सेमीफाइनल मुकाबला 26 जुलाई को खेला जाएगा। वहीं फाइनल 28 जुलाई को होगा। टूर्नामेंट में एक बार मैच अधिकारी की भूमिका में सभी महिला अधिकारी नजर आयेंगी। अब एशिया कप में भारतीय टीम ने सबसे अधिक कुल सात बार इस खिताब जीता है। वहीं एक बार इसे बांग्लादेश ने जीता था।



# पीसीबी की समीक्षा बैठक में उठेगा खिलाड़ियों के निजी कार्यक्रमों में जाने का मामला

लाहौर । आईसीसी टी20 विश्वकप में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान के क्रिकेटरों की मुश्किले बढ़ना तय है। इसका कारण है कि खिलाड़ियों पर टूर्नामेंट के दौरान निजी कार्यक्रमों के जरिये पैसा कमाने के आरोप लगे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक टीम के कुछ खिलाड़ियों ने एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए 2500 डॉलर लिए थे। इस कार्यक्रम का आयोजन डलास में किया गया था। इसके बाद एक अन्य कार्यक्रम आयोजित होना था पर कप्तान बाबर आजम और बाकी खिलाड़ियों को दी जाने वाले पैसे में अंतर के कारण इसे रद्द करना पड़ा था। अब ये सारे मामले पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की समीक्षा बैठक में उठाए जाने तय हैं। वहीं ये भी कहा जा रहा है कि खिलाड़ियों की अनुशासनहीन और लापरवाही के लिए टीम प्रबंधन भी जिम्मेदार है। उसने ही खिलाड़ियों को काफी रियायतें दी थीं। इसके अलावा टीम में मतभेद और गुटबाजी का भी मामला समीक्षा बैठक में उठान तय है। एक रिपोर्ट के अनुसार टीम दो गुटों में बंटी हुई है और कप्तानी को लेकर बाबर आजम और तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी के बीच मतभेद हैं। ऐसे में बड़े बदलाव होने की संभावना है। इसके साथ ही खिलाड़ियों के लिए आचार संहिता बनाने पर भी विचार किया जा रहा है, जिनकी टूर्नामेंट के दौरान परिवार को साथ लाने और प्रमोशनल इवेंट्स में जाने को लेकर आलोचना हो रही है। पाकिस्तान की टीम विश्वकप के पहले दौर में ही बाहर हो गई। उसे अमेरिका के खिलाफ अपने पहले ही मैच में हार का सामना करना पड़ा था।

# गुकेश ने सुपरबेट क्लासिक शतरंज में डेक बोगडान-डेनिएलिन को हराया

**बुखारेस्ट। (एजेंसी)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के पहले दौर में रोमानिया के डेक बोगडान-डैनियल को हराकर सकारात्मक शुरुआत की। इस साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देने को तैयार गुकेश को इस मुकाबले के दौरान किस्मत का भी साथ मिला, जब उनकी गलती पर रोमानिया का खिलाड़ी फायदा उठाने में नाकाम रहा। गुकेश ने इसके बाद शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

गुकेश कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने के बाद पहली बार क्लासिकल शतरंज की किसी प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। इस टूर्नामेंट में चुनौती पेश कर रहे एक अन्य भारतीय आर प्रज्ञाननंदा ने कड़ी मेहनत की लेकिन उन्हें उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। अमेरिका के फैबियानो कारुआना भी शुरुआती दौर में जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे। उन्होंने फ्रांस के फिरोजा अलीरेजा को हराया। दस खिलाड़ियों के राउंड-रोबिन टूर्नामेंट में अन्य दो मैच ड्रॉ पर समाप्त हुए। बोगडान-डैनियल ने 'निम्जो इंडियन डिफेंस' चाल के शुरुआत की जिसने मुकाबला बीच में जटिल बना दिया। रोमानिया के खिलाड़ी के पास गुकेश पर बढ़त बनाने का मौका था लेकिन उन्होंने प्यादा के मुकाबले अपने 'रूक (हाथी)' को गंवा दिया। गुकेश इसके बाद मजबूत वापसी करने में सफल रहे। उन्होंने विरोधी खिलाड़ी को कोई मौका नहीं देते हुए जीत दर्ज की। काले मोहरों से खेल रहे प्रज्ञानानंदा को अब्दुसात्तोरोव से कड़ी चुनौती मिली। दोनों खिलाड़ी 60 चालों के बाद बराबरी पर सहमत हो गये।

# पेरिस ओलंपिक की पैदल चाल स्पर्धा में भाग लेंगे अक्षदीप

नई दिल्ली ।आगामी पेरिस ओलंपिक में पैदल चाल स्पर्धा में भारत के अक्षदीप सिंह भाग लेंगे। पंजाब की ओर से खेलने वाले अक्षदीप ने ओलंपिक्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है। अक्षदीप ने रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा में जीत के साथ ही ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया है। 20 किमी पैदल चाल में राष्ट्रीय रिकार्ड धारी अक्षदीप रांची में राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल स्पर्धा जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किस था। तब अक्षदीप ने एक घंटे 19 मिनट 38 सेकंड का समय निकालकर एक घंटे 19 मिनट 55 सेकंड का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा था। इस खिलाड़ी का ओलंपिक तक का सफर आसान नहीं रहा है। अक्षदीप ने तरनतारन में आयोजित अंडर-18 नॉर्थ इंडिया चैंपियनशिप में अपना पहला कांस्य पदक जीता। इसके बाद उन्होंने अंडर-18 जूनियर नेशनल में भाग लिया और रजत पदक जीता। 2017 में ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में उसने फिर से रजत पदक जीता। हालांकि, 2019 में घुटने की चोट के कारण वह इटली में हुए विश्व विश्वविद्यालय खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए। उन्होंने फरवरी 2020 में राष्ट्रीय स्तर के आयोजन में हिस्सा लिया, लेकिन 12वां स्थान हासिल किया। 2023 को उसने 47वीं ऑल जापान रेस वॉकिंग मीट में हिस्सा लिया और 12वें स्थान पर रहे।



# अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को पदक दिलाना लक्ष्य: मीराबाई

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने अगले महीने शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के साथ देश को एक और पदक दिलाने का लक्ष्य रखा है। मीराबाई पेरिस ओलंपिक का टिकट पक्का करने वाली भारत की इकलौती भारोत्तोलक है। 49 किग्रा वजन वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाली यह खिलाड़ी पदक के सपने को पूरा करने के लिए चोट से बचने पर ध्यान दे रही हैं।

तीसरी बार ओलंपिक खेलों में भाग लेने की तैयारी कर रही मीराबाई ने साइ (भारतीय खेल प्राधिकरण), आईओसी (भारतीय ओलंपिक संघ) और भारतीय भारोत्तोलक महासंघ (आईडब्ल्यूएलएफ) के सौजन्य से आयोजित ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में पटियाला से कहा, 'पेरिस को लेकर रोमांचित हूं लेकिन थोड़ी घबराहट और तनाव भी है। पिछले तीन साल (तोक्यो ओलंपिक के बाद) में मेरे काफी प्रतिद्वंद्वी बदल गये हैं। भारत के लिए पदक जीतने का दबाव है लेकिन अगर मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रही तो देश के लिए पदक जीत सकती हूं।''

मीराबाई चानू का स्नैच में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 88 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 119 किग्रा का है। वह चोटों से जूझती रही हैं और पीठ की समस्या तो हमेशा ही रहती है। एशियाई खेलों में वह कूल्हे की चोट से परेशान थीं जिससे वह पांच महीने तक खेल से दूर रहीं। अपने अमेरिकी फिजियो डॉ. आरोन हॉर्शिग और कोच विजय शर्मा के साथ चोटों से उबरना उनकी बड़ी चुनौती रही है। उन्होंने कहा कि वह धीरे-धीरे वजन उठाने की क्षमता को बढ़ा रही है।

मीराबाई ने कहा, 'मैं धीरे-धीरे वजन उठाने की अपनी क्षमता को बढ़ा रही हूं। अभी मैंने 80-85 प्रतिशत फिटनेस हासिल कर ली है और अभ्यास के दौरान स्नैच में 70 से 80 किग्रा तथा क्लीन एवं जर्क में 100 से 110 किग्रा का भार उठा रही हूं। हम इसे धीरे-धीरे बढ़ाएंगे।' उन्होंने अपने भार उठाने के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर कहा, 'इस बारे में कुछ कहना मुश्किल है लेकिन मेरी कोशिश स्नैच में 90 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में पहले से बेहतर करने की होगी।'

मणिपुर की इस खिलाड़ी ने कहा कि अभी उनका पूरा ध्यान चोट से बचने पर है। उन्होंने हॉर्शिग की तारीफ करते हुए कहा, 'उनकी मौजूदगी से काफी मदद मिली है। मैं 2020 से उनके साथ काम कर रही हूं और वह अच्छे से समझते है कि मेरे शरीर में कहां परेशानी है। वह जानते है कि चोट से कैसे जल्दी उबरना है और किस तरह से अभ्यास को आगे बढ़ाना है।% मीराबाई ने कहा, 'मैंने चोटिल होने के बाद काफी कुछ सीखा है। उससे निपटने और उबरने के साथ सही खान-पान और विश्राम पर ध्यान देना काफी जरूरी होता है।'

मीराबाई ओलंपिक की तैयारियों को दुरुस्त करने सात जुलाई को पेरिस जा रही है। वह वहां एक महीने तक अभ्यास करेंगे। ओलंपिक में उनकी स्पर्धा का आयोजन सात अगस्त को होगा। मीराबाई ने कहा, 'मैं सात जुलाई को पेरिस जा रही हूं। प्रतियोगिता से एक महीने पहले वहां पहुंचने से काफी फायदा मिलेगा।' उन्होंने अपना समर्थन करने के लिए साइ, टॉप्स (टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और आईडब्ल्यूएलएफ का शुक्रिया करते हुए कहा, 'किसी भी खिलाड़ी के लिए ओलंपिक के मेजबान शहर में एक महीने तक अभ्यास का मौका मिलना बड़ी बात है। इन सबने मेरी काफी मदद की है।'



# पेरिस ओलंपिक के भारतीय हॉकी टीम में शामिल उत्तर प्रदेश के राजकुमार

लखनऊ ।उत्तर प्रदेश के गाजीपुर के राजकुमार पाल का चयन आगामी पेरिस ओलंपिक के लिए 16 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम में हुआ है। राजकुमार के चयन से जिले के लोगों में खुशी की लहर है। राजकुमार पाल ने अपने करियर की शुरुआत करमपुर गांव स्थित मेघबरन स्टेडियम से शुरू की थी थी। राजकुमार पाल अभी बेंगलुरु में ट्रेनिंग कैंप में भाग ले रहे हैं। अब पेरिस ओलंपिक में भारतीय टीम के साथ वह भी खेलने जाएंगे। पिछले 4 सालों से वह राष्ट्रीय टीम का हिस्सा रहे हैं। लगातार बेहतर प्रदर्शन को देखते हुए उन्हें पेरिस ओलंपिक की हॉकी टीम में जगह मिली है। राजकुमार ने सबसे पहले साल 2020 में भी भारतीय टीम की ओर से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेल था।

# वैभव गहलोत की आभार सभा में दिखी हार के रिटर्न गिफ्ट की वजह

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

देश में मुख्यमंत्री पद पर रहे एकमात्र नेता होंगे अशोक गहलोत जो अपने समर्थन की एक ऐसी लोकसभा सीट नहीं बना पाए जो उनके बेटे के राजनीतिक भविष्य को संवारने की गारंटी दे सके। 2019 के लोकसभा चुनावों में जोधपुर से बुरी तरह हारने के बाद इस बार जालोर लोकसभा सीट पर भाजपा के एक साधारण कार्यकर्ता से वैभव गहलोत को बडी हार झेलनी पडी। वैभव गहलोत के हर पोस्टर और होर्डिंग में हाथ जोडे हुए अशोक गहलोत खडे हुए थे तो भाजपा के साधारण कार्यकर्ता ने वैभव गहलोत की जगह अशोक गहलोत में विश्वास जताने में असहमति माना जा रहा है। इस बुरी हार के बाद वैभव गहलोत ने सिरोही में गत दिवस कांग्रेस के नेताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसमें उपस्थित कांग्रेस के चेहरों ने ही बता दिया कि आखिर अशोक गहलोत के अनुरोध को ठुकराते हुए वैभव गहलोत को जालोर-सिरोही-सांचौर लोकसभा ने नकार क्यों दिया। वैभव गहलोत के द्वारा आयोजित धन्यवाद सभा से जिले के कांग्रेस के वो अधिकांश नेता और कार्यकर्ता नदारद थे,जिन्हें अशोक गहलोत के पांच साल के मुख्यमंत्री काल में तिरस्कृत और बहिष्कृत किया गया। ये इस बात का इशारा था कि अशोक गहलोत ने गोविंद सिंह डोटासरा के साथ सिरोही जिले में कांग्रेस के नेताओं का जो तिरस्कार और बहिष्कार किया, सिरोही जिले के कांग्रेसियों ने भी वही बहिष्कार और तिरस्कार लोकसभा चुनावों में वैभव गहलोत को रिटर्न गिफ्ट में दे दिया मुख्यमंत्री रहते हुए अशोक गहलोत ने और कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने प्रदेश समेत जालोर, सिरोही और सांचौर कांग्रेस की जो दुर्गत की, उसका खामियाजा वैभव गहलोत को इस चुनाव में झेलना पडा। वैभव गहलोत की धन्यवाद सभा में शामिल कांग्रेस के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की संख्या और सिर्फ जाने माने गिने चुने चेहरे बता रहे थे कि कांग्रेस के उन कांग्रेसी लोगों ने अशोक गहलोत पर विश्वास नहीं किया जिनकी बदहाली अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री रहते हुए और उनके गुट के गोविंदसिंह डोटासरा ने प्रदेशाध्यक्ष रहते हुए की। सिरोही में चंदनसिंह देवडा द्वारा संयम लोढा का विरोध



और जालोर में कांग्रेस में पुखराज पराशर के प्रति असंतोष चुनाव के पहले की बैठक और संभा में चुनाव से पहले ही दिखा था।अशोक गहलोत के हर कार्यकाल की एक खासियत रही है। वे मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए तमाम सुविधाओं को उपभोग करते रहे लेकिन, उन्हें इस पद पर पहुंचाने वाले कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को सत्ता में भागीदारी से वंचित किए हुए रखे रहे। सिरोही जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं को अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री कार्यकाल में न सिर्फ लाभ के पदों पर मनोनयन से वंचित रखा बल्कि कार्यकर्ताओं को जिला संगठन में भी पद नहीं लेने दिये गए। अशोक गहलोत के मुख्यमंत्री रहते हुए और उसके बाद भी उनके करीबी प्रदेशाध्यक्ष ने एक साल तक सिरोही जिले की कांग्रेस की कार्यकारिणी तक घोषित नहीं होने दी। इसके पीछे जो प्रमुख वजह बताई जा रही है वो है यहां पर संयम लोढा और नीरज डांगी गुट की खींचतान। यही नहीं खुद अशोक गहलोत की सचिन पायलट से अदावत की वजह से भी यहां पर पायलट समर्थकों को भी किसी पद लाभ से वंचित किए रखने के लिए भी ये किया गया। संभवतः सिरोही देश में ऐसा जिला रहा होगा, जहां पर कांग्रेस बिना जिला कार्यकारिणी के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में उतरी थी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने विधानसभा चुनावों से पहले पिछले वर्ष जुलाई में ही जिला कार्यकारिणी बनाकर प्रदेशाध्यक्ष को भेज दी थी। लेकिन, उस कार्यकारिणी की घोषणा साल भर बाद भी नहीं की जा सकी है। गहलोत शासन में लाभ के पदों पर सिरोही विधानसभा में कुछ नियुक्तियां जरूर हुई। वह भी संमय लोढा के ऐसे करीबियों की जिनकी जाति का वोट बैंक नगण्यं था और कांग्रेस से उनका सक्रिय लेना देना नही था। चुनाव परिणाम बता रहे है कि वो वैभव गहलोत या संयम लोढा को वोट दिलवाने प्रभावी भूमिका नहीं निभा पाए। वैभव गहलोत के चुनाव प्रचार में और चुनाव हारने के बाद हुई धन्यवाद सभा में पायलट गुट के कांग्रेस के नेताओं की गैरमौजूदगी बता रही है कि वैभव गहलोत को अशोक गहलोत आधी अधूरी कांग्रेस के सहारे भविष्य का राजनीतिक सफर तय करवाने में लगे हैं।

**अब तो आरएसएस भी थी निष्क्रिय**

विधानसभा चुनावों के बाद अशोक गहलोत और सिरोही के पूर्व विधायक संयम लोढ़ा दोनों कांग्रेस की प्रदेश और सिरोही विधानसभा में हार की एक दलील देते मीडिया में सुनाई दिए थे कि आरएसएस के दुष्प्रचार की वजह से हारे। इस चुनाव में पूरे देश में आरएसएस के हस्तक्षेप की कहीं जानकारी सामने नहीं आई।यही नहीं राजस्थान में कांग्रेस ने शानदार प्रदर्शन किया। अशोक गहलोत अपने गृह सम्भाग में कांग्रेस को सीटें नहीं दिलवा पाए। अपने बेटे को जालोर लोकसभा नहीं जितवा पाए, यही नहीं संयम लोढ़ा भी वैभव गहलोत को सिरोही विधानसभा से बढ़त नहीं दिलवा पाए।दरअसल, दोनों ही नेता नरेंद्र मोदी की तरह ये मानने को तैयार नहीं हैं कि उन्होंने सत्ता के शीर्ष पर रहते हुए बुरे दिनों में उनके लिए खून पसीना बहाने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं को दूध की मक्खी की तरह निकाल फेंका।इसलिये उनके संगठनों की दुर्गत हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की काशी में शर्मनाक जीत हो या पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत की जालोर लोकसभा में और संयम लोढ़ा की सिरोही विधानसभा में शर्मनाक हार। सबके मूल में कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न और अनदेखी ही है।खुद कांग्रेस के समर्पित कार्यकर्ताओं का ये कहना है कि सत्ता में रहते हुए जिस बेमन से अशोक गहलोत ने जालोर लोकसभा की सिरोही समेत आठों विधानसभाओं के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से व्यवहार किया, इस चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता भी उसी बेमन से वैभव गहलोत के साथ जुड़े रहे।

# भादरा एसडीएम ने ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ली बैठक

भादरा। गुरुवार को उपखण्ड अधिकारी जेपी चंदेलिया की अध्यक्षता में समस्त ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन पंचायत समिति भादरा के वीसी रूम में किया गया। जिसमें सभी विभागों की प्रगति रिपोर्ट व उपखण्ड क्षेत्र की समस्याओं पर समीक्षा की गई। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका भादरा को शहरी क्षेत्र में भौतिक सत्यापन से लम्बित पेंशनर्स का सत्यापन शत-प्रतिशत करने, पौधारोपण करने व बारिश के मौसम को देखते हुए नगरपालिका क्षेत्र में नालियों की साफ-सफाई व पानी निकासी की प्रभावी व्यवस्था करने जिससे शहर में बरसाती पानी जमा न हो के निर्देश दिए गए। ब्लॉक विकास अधिकारी पंचायत समिति भादरा को भौतिक सत्यापन से लम्बित पेंशनर्स का शत-प्रतिशत भौतिक सत्यापन करवाने हेतु निर्देशित किया गया तथा ग्राम पंचायतों की खाली जमीन पर पौधारोपण करने व गांवों में बरसाती पानी जमा न हो इस हेतु प्रभावी जल निकासी प्रबंधन के निर्देश दिए गए। जिला कलक्टर के निर्देशानुसार जल संसाधन विभाग व विकास अधिकारी आपस में सामजंस्य कर नहर के पास बने रास्तों के किनारे खडे पेड़ों की छटाई व रास्तों में बने गड्डो को भरवाने के निर्देश दिए तथा साथ ही भविष्य में पेयजल संबंधी समस्या न हो इस हेतु पीएचईडी विभाग व सिंचाई विभाग आपस में सामंजस्य कर संयुक्त प्लान तैयार कर पेयजल आपूर्ति निर्बाध रूप से हो इस हेतु दिशा निर्देश दिए गए। विद्युत विभाग को घरेलू विद्युत आपूर्ति सुचारू बनाए रखने व अनावश्यक कट न लगाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में एक्सईएन पीएचईडी लाल बहादुर गोदारा, एईएन पीएचईडी कुलदीप लाम्बा, बीडीओ राजेश कुमार व अन्य ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## महिला कांस्टेबल पुष्पा को सराहनीय कार्य के लिए एसपी ने किया सम्मानित



भादरा। गोगामेड़ी पुलिस स्टेशन में कार्यरत महिला कांस्टेबल पुष्पा को बीट बुक एवं डोर टू डोर रजिस्टर रिकॉर्ड संधारण में प्रशंसनीय एवं सराहनीय कार्य के लिए जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की तरफ से नगद ईनाम सहित प्रशंसा पत्र दे कर सम्मानित किया जायेगा। थानाधिकारी अजय कुमार सहित समस्त स्टाफ ने पुष्पा को बधाई दी। विदित है कि गत दिनों गोगामेड़ी पुलिस स्टेशन के एचएम करणी सिंह राठौड़ को सर्वोत्तम सेवा चिन्ह तथा कांस्टेबल कुलदीप को बीट रिकॉर्ड संधारण में सराहनीय कार्य के लिए पुलिस महानिरीक्षक बीकानेर की तरह से सम्मानित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि पुष्पा को नव वर्ष 2023 की पूर्व संध्या को नोहर में आगजनी की घटना में अदम्य साहस का परिचय देने के लिए स्थानीय प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। पुष्पा के साहसी कार्य की नोहर वासियों सहित प्रशासन ने सराहना की।

## प्रथम पेज का शेष...

### देश के लिए...

पिछले दस साल में जो हुआ, उससे हम विकसित भारत बनाने के लिए नई गति प्राप्त कर चुके हैं। राष्ट्रपति बोलीं- 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाना शुरू किया है। जम्मू कश्मीर में भी उन जगहों पर संविधान पूरी तरह लागू हो गया है, जहां 370 के कारण यह संभव नहीं था। राष्ट्रपति ने कहा-आने वाले कुछ महीने में भारत गणतंत्र के रूप में 75 साल पूरे करने जा रहा है। देश में संविधान लागू होने के बाद भी कई बार हमले हुए है। आज 27 जून है, 25 जून 1975 को लागू हुआ आपातकाल संविधान पर हमले का सीधा सबूत है। लेकिन देश ने इससे उबरकर दिखाया। 21वीं सदी के तीसरे दशक में ग्लोबल ऑर्डर एक नई शक्ल ले रहा है। मेरी सरकार के तहत आज भारत को दुनिया को नया भरोसा दे रहा है। कोरोना, युद्ध जैसे हालात में यह साबित हुआ है।

**इसलिए हमें गर्व होना चाहिए**

मुर्मू ने हमारी सफ्लताएं हमारी साझी धरोहर हैं, उन्हें अपनाने में संकोच नहीं, गर्व होना चाहिए। जो भारत डिजिटल पेमेंट के मामले में अच्छा प्रदर्शन करता है तो हमें गर्व होना चाहिए। जो भारत चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहली बार पहुंचता है तो हमें गर्व होना चाहिए। आज पूरा विश्व हमें मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में सम्मान देता है। मेरी सरकार विकास के साथ विरासत पर भी काम कर रही है। भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाएगा। रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती को भी धूमधाम से मनाएगा। एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत तमिल संघम जैसी परंपरा भी हमारी सरकार ने शुरू की है। नालंदा यूनिवर्सिटी के रूप में एक नया अध्याय जुड़ा है। मुझे विश्वास है कि नई यूनिवर्सिटी इसे ग्लोबल हब बनाने में मददगार होगी।

**सीएए के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू**

मुर्मू ने कहाकि अब दंड की जगह न्याय को प्राथमिकता होगी। नए कानून से इस प्रक्रिया में तेजी आएगी। मेरी सरकार ने सीएए के तहत शरणार्थियों को नागरिकता देना शुरू कर दिया है। मैं इन लोगों के बेहतर भविष्य की कामना करती हूं। भारत के युवा खिलाड़ी कुछ दिन बाद पेरिस ओलिंपिक जाने वाले हैं। मैं उन्हें शुभकामनाएं देती हूं। इसके साथ ही हम 2036 ओलिंपिक की तैयारी के लिए प्रयासरत हैं।

### विकास के लिए...

हर एक वादे को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्तमान में लगभग 88 लाख से अधिक लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अन्तर्गत लाभान्वित किया जा रहा है। हमारी सरकार ने गठन के 6 माह के अल्प समय में 2 लाख 41 हजार से अधिक नए लाभार्थियों को इन पेंशन योजनाओं से जोड़ा है। साथ ही, झुंझुनूं जिले में 2 लाख 74 हजार से अधिक लोगों को पेंशन का लाभ मिल रहा है, जिन्हें पेंशन के रूप में हर महीने 32 करोड़ 27 लाख रुपये हस्तांतरित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन पेंशन योजनाओं में डिजीटलकृत प्रक्रिया अपनायी जा रही है, जिससे आज पेंशनर्स को बिना किसी परेशानी के योजनाओं का लाभ सुनिश्चित हो रहा है। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के सपने को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार अनाथ व असहाय बच्चों के लालन-पालन से लेकर बुजुर्गों के आर्थिक संरक्षण तक तथा बच्चों की पढ़ाई से लेकर युवाओं की नौकरी तक उन्हें आर्थिक सम्बल प्रदान कर सशक्त बना रही है। कार्यक्रम में देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओमप्रकाश भडाना, विधायक विक्रम सिंह जाखल, धर्मपाल गुर्जर, जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी, अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका सहित पूर्व विधायकगण, अन्य जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी और लाभार्थी उपस्थित रहे। साथ ही सभी जिला मुख्यालयों से स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए समारोह से जुड़े।

**प्रधानमंत्री की गारंटी और प्रदेश सरकार का संकल्प हुआ पूरा**

शर्मा ने कहा कि आजादी के बाद कुछ राजनीतिक दलों द्वारा झूठे वादे किए गए तथा तुष्टिकरण की राजनीति एवं भ्रष्टाचार कर आमजन को गुमराह किया गया है लेकिन पिछले 10 वर्षों से यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में देश में गरीब कल्याण, सीमा सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तीकरण के विभिन्न निर्णय लिए गए हैं, जिससे विदेशों में भारत का सम्मान बढ़ा है। राज्य सरकार ने पीएम किसान सम्मान निधि के तहत राशि 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 8 हजार रुपये करने, गेहूं के एमएसपी पर 125 रुपये का बोनस देकर इसे 2,400 रुपये प्रति क्विंटल करने, 450 रुपए में गैस सिलेण्डर जैसे महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं, जिससे हर वर्ग को राहत मिली है। साथ ही, प्रधानमंत्री की गारंटी तथा प्रदेश सरकार का संकल्प पूरा हुआ है।

**शिक्षा के बेहतर अवसर दे रही राज्य सरकार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पालनहार योजना के तहत 6 साल तक के बच्चों के लिए 1,500 रुपये तक प्रतिमाह एवं 6 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों के लिए 2,500 रुपये तक प्रतिमाह की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराई जा रही है। अप्रेल तथा मई माह में 234 करोड़ रुपए व्यय कर 5 लाख 82 हजार बच्चों को योजना का लाभ दिया गया है। उन्होंने कहा कि इसी तरह मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत विभिन्न वर्गों को छात्रवृति के माध्यम से शिक्षा के बेहतर अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में मई तक 17 करोड़ 60 लाख रुपए व्यय कर 16 हजार विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई है। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार बाबा साहब के समता मूलक समाज की स्थापना के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।

**घण्णा हेत सूं.., घण्णा कोर सूं.., घण्णा मान सूं... आभार**

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए लाभार्थियों से संवाद भी किया। लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री को योजना के तहत राशि बढ़ाए जाने पर बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। बीकानेर से मुख्यमंत्री एकल नारी पेंशन योजना की लाभार्थी कौशल्या ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि पेंशन में की गई राशि बढ़ोतरी से हमें आर्थिक संबल मिला है। ब्यावर से मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना के लाभार्थी रामरत्न ने कहा कि 'पेंशन री राशि बढ़ावा वास्ते घण्णा हेत सूं.., घण्णा कोर सूं.., घण्णा मान सूं... आपरो आभार। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने खेल मैदान में अशोक के पौधे का रोपण भी किया।

### हनुमानगढ़ जिले के...

नगर परिषद सभापति सुमित रणवां, जनप्रतिनिधि देवेन्द्र पारीक, अमित सहू, विकास गुप्ता, जिला कलक्टर कानाराम, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुनीता चौधरी, उपखण्ड अधिकारी डॉ. दिव्या चौधरी, नगर परिषद आयुक्त सुरेंद्र सिंह यादव, जिला रसद अधिकारी सुनील घोड़ेला सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभार्थी मौजूद रहे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक सुरेंद्र कुमार पूनिया ने बताया कि राज्य सरकार ने अप्रैल, 2024 से सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनान्तर्गत न्यूनतम पेंशन राशि 1000 रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए की है। इस निर्णय से योजनान्तर्गत लाभ प्राप्त कर रहे वृद्धजनों, एकलनारी और दिव्यांगजन और लघु एवं सीमांत कृषक पेंशनर्स में खुशी है।

### तबादलों को लेकर...

सरकार में इस विभाग को दो मंत्रियों में बांट दिया है। यह बंटवारा ही अब टकराव का कारण बन गया है। पंचायती राज विभाग को कृषि सहित पांच विभागों के अधिकार पहले से दिए हुए हैं। कृषि विभाग ने मंत्री की मंजूरी के बाद पिछले दिनों इंजीनियरों के तबादले करके जिला परिषदों, पंचायत समितियों में लगाया। अब पंचायती राज विभाग के सचिव और आयुक्त ने लेटर लिखकर आपत्ति जता दी। पहले की सरकारों में भी इस मुद्दे पर विवाद होता रहा है। पंचायती राज आयुक्त ने जिला परिषदों के सीईओ को लेटर जारी कर लिखा है-कृषि विभाग ने उनके विभाग के इंजीनियरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग बिना पंचायती राज विभाग की मंजूरी से जिला परिषदों, पंचायत समितियों में कर दिया। कृषि विभाग का इंजीनियरों के तबादले बिना पंचायती विभाग की अनुमति से करना उचित नहीं है। कृषि विभाग पंचायती राज विभाग के पदों पर पोस्टिंग करने के लिए सक्षम प्राधिकारी नहीं है।

**विभाग में सक्षम स्तर पर गंभीरता से लिया**

आयुक्त ने लिखा-पहले भी समय-समय पर कृषि विभाग को बिना विभाग की अनुमति या सहमति के ट्रांसफर, पोस्टिंग नहीं करने के लिए लेटर लिखे गए थे। इसके बावजूद कृषि विभाग, कृषि आयुक्तालय उनके विभाग के इंजीनियरों के ट्रांसफर पोस्टिंग बिना मंजूरी कर रहा है। इसे विभाग में सक्षम स्तर पर गंभीरता से लिया गया है। 18 मार्च 2021 को भी लेटर जारी हुआ था, जिसमें कृषि विभाग से जारी तबादलों में चार्ज नहीं देने के निर्देश दिए थे। विभाग के ध्यान में लाया गया है कि पहले के निर्देशों के बाद भी कई जिला परिषदों और पंचायत समितियों में चार्ज दिलवाकर जॉइन करवाया जा रहा है।

**तबादला करने वालों को जॉइन नहीं करवाने के आदेश**

ग्रामीण विकास विभाग ने सभी जिला परिषद सीईओ को लेटर जारी कर कृषि विभाग से जारी किए गए तबादला आदेशों को नहीं मानने को कहा है। आदेशों में लिखा है कि कृषि विभाग ने ग्रामीण विकास के पदों पर जिन्हें पोस्टिंग दी है, उन्हें जॉइन नहीं करवाया जाए और जिन्होंने जॉइन कर लिया है, उन्हें तत्काल रिलीव कर मूल विभाग में भेज दिया जाए। ऐसा नहीं करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

### अब जा चुका...

पर जहां इन्होंने प्रचार किया, वहां हम चुनाव जीतकर आए है। आप जयपुर ग्रामीण की सीट देखो। जीत हुई सीटें हराने का काम सरकार ने किया। जहां से 11 सांसद जीतकर आए है, अधिकतर सांसद कहां से जीतकर आए है। ऐसा परिस्थितियां की प्रदेश का आमजन, हर वर्ग इस समय सचिन पायलट को चाहते है।' विधायक पूनिया ने कहा कि 'अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे का समय जा चुका है। आने वाला समय नए लोगों का है। जिस प्रकार से राजस्थान में सरकार बनी है। वसुंधरा राजे को दरकिनार किया गया। आम जनता दोनों के चेहरों से ऊब चुके थे और लोग राजस्थान के अंदर नया चेहरा चाहते थे।'

**पेपर लीक पर गहलोत को घेरा**

इससे पहले कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया ने पेपर लीक मुद्दे को लेकर अशोक गहलोत पर निशाना साधा। उन्होंने कहा था कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पेपर लीक में सख्त कार्रवाई नहीं की तो जनता ने जवाब दे दिया। यही वजह है कि विधानसभा चुनाव में सबसे ज्यादा सीटे मारवाड़ में कांग्रेस हारी और लोकसभा में भी मारवाड़ में कांग्रेस कमजोर रही। जो अभ्यर्थी पेपर देता है उसे सब पता है की मुख्यमंत्री कौन है और आरपीएससी अध्यक्ष कौन है।

### सड़क चौड़ाईकरण...

पड़ता है। मानसून मौसम में घग्घर का जल स्तर कॉज-वे के ऊपर से निकल जाता है। इससे मंदिर तक पहुंच मार्ग बंद हो जाता है। इस महत्वपूर्ण धार्मिक स्थल को जोड़ने वाली सड़क पर ट्रेफिक भार के दृष्टिगत सड़क को दो लेन (7 मीटर) चौड़ा कर सुदृढ़ीकरण किया जाना आवश्यक है। सड़क के दोनों तरफ पर्याप्त चौड़ाई (2.50 मीटर चौड़ाई) के हार्ड शॉल्डर बनाने व इसके साथ पैदल यात्रियों के लिउ फुटपाथ/रास्ता निर्माण कर दोनों तरफ हरित पट्टी विकसित किए जाने की आवश्यकता है। इसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग का 25 मीटर चौड़ा रास्ता उपलब्ध है। पत्र में कहा गया कि स्थानीय नागरिकों की आस्था के मद्देनजर उक्त मार्गाधिकार के मध्य में 7 मीटर कारपेट रोड व दोनों तरफ पैदल यात्रियों के आवागमन के लिए कॉरिडोर निर्माण के लिए अनुमानित राशि 22 करोड़ रुपए का बजट में प्रावधान किया जाए। इसके साथ विधायक बंसल ने मां भद्रकाली मंदिर के जीर्णोद्धार के तहत श्रद्धालुओं के लिए ठहरने के आश्रय स्थल, पार्क एवं अन्य सुविधाओं सहित पेनोरमा विकसित किए जाने के लिए बजट में दो करोड़ रुपए का प्रावधान करने संबंधी एक और पत्र मुख्यमंत्री को लिखा है।

# लॉयंस क्लब सेंटर के अध्यक्ष दीपक वाट्स इंटरनेशनल पी से सम्मानित

तेज. श्रीगंगानगर | संजय सेठी

लायंस क्लब श्रीगंगानगर सैंटर के अध्यक्ष दीपक वाटस को अपने कार्यकाल में किए गए उल्लेखनीय सेवा कार्यो के लिए इंटरनेशनल पिन से सम्मानित किया गया है।क्लब में प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी आशीष अरोड़ा ने दीपक को अंतर्राष्टीय लॉयन पिन से सम्मानित किया। आशीष अरोड़ा ने कहा कि अध्यक्ष दीपक वाट्स के नेतृत्व में लायंस क्लब श्रीगंगानगर सैंटर ने अत्यंत सराहनीय व अनुकरणीय सेवा कार्य किए हैं। सचिव मनोज मिड्ढा के अनुसार पिछले साल दीपक वाटस के नेतृत्व में क्लब के सत्र की शुरुआत 1 जुलाई को गौ सेवा से की गई। इसके बाद वरिष्ठ चिकित्सकों सम्मान किया गया। दीपक वाट्स ने शपथ ग्रहण पर 1 लाख 11 हजार रु अरोड़वंश



धर्मशाला के निर्माण के लिए व 21 हजार श रुपए क्लब को जल मंदिर के निर्माण के लिए दिए।उनके अध्यक्ष कार्यकाल में दो बार नेत्र चिकित्सा शिविर लगाए गए। इनमें लगभग 40 से अधिक लोगों के मोतियाबिंद के ऑपरेशन किए गए। तीन बार निःशुल्क मधुमेह जांच व चिकित्सा शिविर लगा कर 267 लोगों को लाभ पहुंचाया। पौधारोपण, योग शिविर, मकर सक्रांति पर दिव्यांग बच्चों के लिए रूम हीटर, जरूरतमंद छात्राओं को स्वेटर और जुराबें, सर्दी में फुटपाथ पर सोए 100 लोगों को गरम कंबल, जरूरतमंद लोगों को भोजन वितरण, निर्धन छात्राओं को शूज और शिक्षक दिवस पर अध्यापकों का सम्मान जैसे अनेक सामाजिक कार्य किए गए।

## मोटरसाइकिल से गिरने के कारण युवक की मौत

**श्रीगंगानगर**। स्थानीय सदर थाना अंतर्गत ख्यालीवाला गांव के पास विगत दिवस मोटरसाइकिल फिसलने के कारण एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह हादसा तक 17 एमएल के पास हुआ। मोटर साइकिल फिसलने से गंभीर रूप से घायल हुए युवक सुभाष (22) को रीको उद्योग विहार के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गय, जिसकी कुछ ही देर बाद मृत्यु हो गई। सदर पुलिस के अनुसार सुभाष के परिवार वालों ने पोस्टमार्टम करवाने से इनकार कर दिया।उसकी लाश बिना पोस्टमार्टम के परिवार वालों के सुपुर्द कर दी गई।

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड हनुमानगढ़**

कोर्ट रोड, हनुमानगढ जं. - 335512, Phone: 01552-260553,e-mail: xen.phed@yahoo.in

क्रमांकः- लेखा / निविदा / 2024-25 / 846-857 दिनांकः 24.06.2024

**ई निविदा सूचना सं. 01-10/2024-25**

खण्ड हनुमानगढ के अधीन शहरी जलयोजनाओं पर उपभोक्ताओं के बिल प्रिन्टर व बिल वितरण आदि के लिए पंजीकृत योग्य एवं अनुभवी फर्म्स / संवेदकों से राजस्थान के राज्यपाल की ओर से ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्य की अनुमानित लागत क्रमशः 23.60 लाख तथा कार्य को पूर्ण करने की अवधि 10 माह है। इच्छुक फर्म/संवेदक दिनांक 04.07.2024 की सायं 06.00 बजे तक ई- प्रक्योरमेंट की वैबसाईट से निविदा ऑनलाईन डाउनलोड करके अपलोड कर सकते है। अपलोड की गई तकनीकी एवं वित्तीय निविदा में से पहले तकनीकी निविदा दिनांक 05.07.2024 को प्रातः 11.30 बजे खोली जायेगी, जिसके लिए फीस आदि के चालान की प्रति व बिड़ प्रतिभूति राशि के चालान की प्रति उसी दिन 10.30 बजे तक इस कार्यालय में व्यक्तिशः जमा करवाने होंगे / ई-मेल पर अपलोड करने होंगे। तकनीकी बिड में योग्य पाये जाने वाली फर्म्स की वित्तीय बिड खोलने के लिए तारीख एवं समय बाद में सूचित किया जायेगा। कार्य का विस्तृत विवरण sppp.rajasthan.gov.in, dipr.rajasthan.gov.in, एवं विभागीय वैबसाईट eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इस निविदा के sppp पर प्रकाशन के यूबीएन नंबर

PHE2425SSOB01996 PHE2425SSOB01997 PHE2425SSOB01998
PHE2425SSOB01999 PHE2425SSOB02000 PHE2425SSOB02001
PHE2425SSOB02002 PHE2425SSOB02003 PHE2425SSOB02004
PHE2425SSOB02005

अधिशाषी अभियंता
जन स्वा.अभि.विभाग, खण्ड हनुमानगढ़

डीआईपीआर/सी/4945/2024

**बेदखली सूचना**

सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि मेरा पुत्र देवीलाल एवं पुत्रवधु सुनीता मेरे कहने सुनने में नहीं है। ये दोनों मेरी कोई सार संभाल नहीं करते और देखभाल भी नहीं करते है। मैं वृद्ध औरत अपने पुत्र देवीलाल व पुत्रवधु सुनीता की हरकतों से तंग व परेशान होकर अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करती हूँ। यदि आज के बाद कोई भी व्यक्ति मेरे पुत्र देवीलाल एवं पुत्रवधु सुनीता के साथ किसी भी प्रकार का लेन-देन करेगा या व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह स्वयं जिम्मेवार होंगे। मेरी किसी भी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी और ना ही इनके साथ आज के बाद कोई सम्बंध व सरोकार रहेगा। सूचित रहे

**परमेश्वरी देवी पत्नी स्व. बनवारीलाल**
**जाति रैगर निवासी रैगर मौहल्ला हनुमानगढ़**
**टाउन तहसील व जिला हनुमानगढ़**

**श्रीगंगानगर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि.**

(आईएसओ 22000-2005 एण्ड एचएसीसीपी प्रमाणित संस्थान)

क्रमांकः गंगमूल/विपणन/2024/2819-22 दिनांकः 26.06.2024

**निविदा सूचना**

संघ द्वारा विभिन्न शहरों, मण्डियों, कस्बों में दूध जांच हेतु व सरस उत्पादों के प्रचार-प्रसार के लिए टाटा एस वाहन व समकक्ष प्रति माह की दर से चलाने हेतु मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निर्धारित निविदा प्रपत्र संघ कार्यालय हनुमानगढ़ से कार्यालय समय में दिनांक 05.07.2024 को दोपहर 1 बजे तक निविदा प्रपत्र 354/- रूपए जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। पूर्ण भरे हुए निविदा प्रपत्र मय अमानत राशि दिनांक 05.07.2024 को दोपहर 2.30 बजे तक संघ कार्यालय (विपणन शाखा), हनुमानगढ़ में जमा करवाये जा सकेंगे, जो कि उसी दिवस दोपहर 3 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जावेंगे। अमानत राशि के अभाव में निविदा प्रपत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे। किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से बिना कारण बताये रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा। निविदा खोलने की तय दिनांक को अवकाश / राजकीय अवकाश होने पर अगले कार्यदिवस को निविदा खोली जायेंगी। अधिक जानकारी के लिए sppp.rajasthan.gov.in अथवा 77260-07316, 83878-70308 पर सम्पर्क करें।

**प्रबंध संचालक**

राजस्थान सरकार

**कार्यालय विकास अधिकारी पंचायत समिति हनुमानगढ़**

(निर्माण शाखा)

क्रमांक/निर्माण/लेखा/24-25/271 दिनांकः 27.06.2024

**ई-निविदा सूचना 02/2024-25**

इस कार्यालय द्वारा मनरेगा एवं अन्य योजनाओं के अन्तर्गत अधीनस्थ 41 ग्राम पंचायतों में निर्माण सामग्री आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु राज्य सरकार से अधिकृत डीलरों / सब डीलर/ विनिर्माताओं/ उत्पादनकर्त्ताओं या सामग्री की आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से दिनांक 28.06.2024 प्रातः 11 बजे से 07.07.2024 सांय 6.00 बजे तक ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा शुल्क आवश्यक दस्तावेज एवं अमानत राशि दिनांक 08.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक सम्बंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जमा करवाई जा सकती है। निविदा से सम्बंधित अन्य शर्तें एवं दस्तावेज इस कार्यालय अथवा वेबसाईट https://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखें व अपलोड किये जा सकते है।

| NIB CODE ZHG2425A0017 | UBN ZHG2425GLR00022 |
|---|---|

**विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति हनुमानगढ़**

**राजस्थान राज्य विद्युत प्रसारण निगम लिमिटेड**

**निविदा सूचना**

कार्यालय अधीक्षण अभियंता (टी एंड सी) रा.रा.वि.प्र.नि.लि. हनुमानगढ़ अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों / जीएसएस में बोलेरो, कैंपर एव समकक्ष वाहन किराये पर लेने हेतु इच्छुक एव अनुभवी फर्मो / ठेकेदारों / वाहन मालिकों से दिनांक 08.07.2024 दोपहर 12 बजे तक निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा की पूर्ण जानकारी एवं समस्त विवरण वेबसाइट https://sppp.rajasthan.gov.in एवं https://energy.rajasthan.gov.in/rvpnl पर उपलब्ध है।

UBN-VPN2425SSOB00617,18,19,20,21,22,23,25,29

अधीक्षण अभियंता (टी.एंड.सी), हनुमानगढ़

राज.संवाद / सी / 24 / 1336 रा.रा.वि.प्र.नि. / TR-6225/2024

**राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड**

सूरतगढ़ सुपर थर्मल पॉवर स्टेशन, सूरतगढ़–335805

**ऑनलाईन/ऑफलाईन निविदा आमंत्रण सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदाएँ आमंत्रित की जाती है:–3022(RVU2425SLOB00488) एएक्यूएमएस का सीएएमसी, 3023(RVU2425SLOB00487) विभिन्न प्रो कंट्रोल पी13 सिस्टम मॉड्यूल की मरम्मत / सर्विस, 3024(RVU2425WSOB00457) कम्प्रेश्ड एअर सिस्टम तथा डी.एम.सी.सी.डब्ल्यू. सिस्टम, फिल / साइकल मेकअप पम्पस् आदि का मेन्टीनेन्स, 3025(RVU2425WSOB00465) वाष्पीकृत शीतलन संयंत्र की मरम्मत / रेट्रोफिटिंग, 3026(RVU2425WSOB00463) गर्म पानी के हेडर और डक्ट / चौनल की डी–सिल्टिंग / सफाई, 3027(RVU2425WSOB00464) "F" श्रेणी इन्सुलेशन से रिवाइंडिंग एवं मरम्मत, 3028(RVU2425WSOB00497) कप लॉक स्कैफोल्डिंग और बॉयलर की हाइड्रोजेट सफाई, 3029(RVU2425WSOB00489) पिनियन असेंबली के साथ गर्थ गियर को हटाने, उलटने और फिर से ठीक करना, 3030(RVU2425WSOB00460) डिसिल्टिंग चेम्बर्स से सिल्ट को निकालना, 3031(RVU2425WSOB00466) वाहन पार्किंग शेड का निर्माण, 3032 (RVU2425WSOB00467) क्वार्टर की प्रमुख मरम्मत और क्वार्टर की नई सीवर लाइन बिछाना, 3033(RVU2425WSOB00458) स्वच्छता प्रणाली सहित विभिन्न भवनों की मरम्मत और रखरखाव, 3034(RVU2425WSOB00475) सफेद और रंगीन धुलाई, पेंटिंग, 3035(RVU2425WSOB00472) आवासीय भवनों की पेंटिंग, 3036(RVU2425WSOB00468) सीवेज उपचार संयंत्र का संचालन और रखरखाव, 3037(RVU2425WSOB00470) भवनों की मरम्मत और रखरखाव, 3038(RVU2425WSOB00459) स्टील, फेंसिंग और जॉइनरी कार्यों की मरम्मत और रखरखाव, 3039(RVU2425WSOB00461) सीनियर, जूनियर फील्ड हॉस्टल और इरेक्टर हॉस्टल में स्टील वायर गेज दरवाजे उपलब्ध कराना और ठीक करना एवं 3040(RVU2425WSOB00462) स्टोर शेड के पास प्लेटफार्म निर्माण का कार्य। विस्तृत विवरण वेबसाईट www.eproc.rajasthan.gov.in (ई–निविदा हेतु), www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.energy.rajasthan.gov.in/rvunl पर उपलब्ध है।

राज.संवाद / सी / 24 / 1343 RVUN/PR-4016 अति. मुख्य अभियन्ता (परि. एवं संधा.)

**कार्यालय नगरपरिषद् हनुमानगढ़ – राजस्थान**

क्रमांक : एफ.1(विविध)( )2024 / 3459 दिनांक :–24.06.2024

**–: नीलामी सूचना :–**

नगरपरिषद् हनुमानगढ़ द्वारा निम्नलिखित कार्यो की नीलामी (ठेका) कार्यक्रम निम्न प्रकार निर्धारित किया जाता है। इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि एवं समय पर नगरपरिषद् मुख्य कार्यालय हनुमानगढ़ टाउन में उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते है। नीलामी (ठेका) से सम्बंधी शर्ते किसी भी कार्य दिवस में नगरपरिषद् हनुमागनढ टाउन कार्यालय में देखी व प्राप्त की जा सकती है। निर्धारित नीलामी तिथि को राजकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में बोली की जावेगी :–

| क्रं. सं. | नाम नीलामी सूचना | अवधि | अमानत राशि | नीलामी दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 01. | बस प्रवेश निकासी शुल्क टाउन व जंक्शन | 2024–25 (01.08.2024 से 31.03.2025 तक) | 1,00000 /– | 09.07.2024 | 11:00 AM TO 3:00 PM |
| 02. | जिला उद्यान कैन्टीन जंक्शन | 2024–25 (01.08.2024 से 31.03.2025 तक) | 10,000 /– | 09.07.2024 | 11:00 AM TO 3:00 PM |
| 03. | सैन्ट्रल पार्क कैन्टीन टाउन | 2024–25 (01.08.2024 से 31.03.2025 तक) | 10,000 /– | 09.07.2024 | 11:00 AM TO 3:00 PM |
| 04. | हड्डा रोड़ी नगरपरिषद् हनुमानगढ क्षेत्र | 2024–25 (01.08.2024 से 31.03.2025 तक) | 50,000 /– | 10.07.2024 | 11:00 AM TO 3:00 PM |
| 05. | होर्डिंग एवं विज्ञापन पट्ट टाउन व जंक्शन | 2024–25 (01.08.2024 से 31.03.2025 तक) | 10,000 /– | 10.07.2024 | 11:00 AM TO 3:00 PM |

आयुक्त
नगरपरिषद् हनुमानगढ

सभापति
नगरपरिषद् हनुमानगढ़

राज.संवाद / सी / 24 / 1312

# राजकीय लोहिया कॉलेज में वाटरकूलर का लोकार्पण



तेज. जगदीश सोनी | चूरू

लायन्स क्लब चूरू द्वारा एक वाटर कूलर मय आर,ओ राजकीय लोहिया कॉलेज चूरू में छात्र-छात्राओं की सुविधा हेतु लगाया गया। क्लब के लायन सुनील रंजन टकणेत ने बताया कि राजकीय लोहिया महाविद्यालय में एक वाटर कूलर मय आर,ओ कोलकाता प्रवासी एवं चूरु निवासी भास्कर रामप्रसाद सराफ के आर्थिक सहयोग एवं लायंस क्लब चूरू की प्रेरणा से लगाया गया है जिसका लोकार्पण विधायक चूरू हरलाल सहारण, प्रिंसिपल प्रो. (डॉ.) मंजू शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेश सारस्वत विशिष्ट आतिथ्य एवं क्लब अध्यक्ष लायन चंद्रप्रकाश खत्री की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि हरलाल सहारण ने दानदाता रामप्रसाद सराफ एवं लायंस क्लब को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि चूरू में सामाजिक सरोकार में लायंस क्लब एक विशेष स्थान है और सभी को प्रेरित करने वाला रहा है और विश्वास जताया कि आगे भी लायंस क्लब चूरु इसी प्रकार के जन हित के सेवा कार्य करता रहेगा। कार्यक्रम में वाटर कूलर एवं आर, ओ के प्रेरक लायन आर. सी. राजोतिया, रीजन चौयरपर्सन सुनील रंजन टकणेत, सचिव ताराचन्द प्रजापत, मनोज जांगिड़, राजीव शर्मा, पुनीत क्याल, चंद्रप्रकाश भारद्वाज, सुमेर सिंह, संतलाल, विनीत ढाका, पूजा प्रजापत, रविन्द्र बुडानिया, महेंद्र खारड़िया, मधुसूदन प्रधान, प्रशांत शर्मा, हेमन्त मंगल, एम.एम. शेख, अंजू ओझा आदि उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित



तेज. रिपोर्टर श्रीगंगानगर

पंचायत विकास सूचकांक में डेटा सत्यापन के लिये जिला स्तरीय एवं निगरानी समिति की बैठक गुरूवार को जिला कलक्टर लोकबंधु की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिला कलक्टर ने पंचायत विकास सूचकांक पोर्टल की विभागवार डाटा की समीक्षा करते हुए पोर्टल पर अपलोड किये गये डाटा की अपने स्तर पर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला परिषद सीईओ मृदुल सिंह, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, सुमित्रा बिश्नोई, रामेश्वर लाल, सीडीईओ पन्नालाल कड़ेला, पीएचईडी एसई आशीष गुप्ता, मोहनलाल अरोड़ा, डॉ. नरेश गुप्ता, डॉ. सतीश कुमार शर्मा, हरबंश सिंह, मोहित कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, राजेश कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दोषी कार्मिकों और पदाधिकारियों के खिलाफ सूरतगढ़ सदर थाने में परिवाद दर्ज

**श्रीगंगानगर।** जानकीदासवाला ग्राम सेवा सहकारी समिति के कार्मिकों और पदाधिकारियों द्वारा वित्तीय अनियमितता एवं गड़बड़ी करने के प्रकरण में जांच के पश्चात सूरतगढ़ सदर थाने में परिवाद दर्ज करवाया गया है। दी गंगानगर केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंधक निदेशक संजय गर्ग ने बताया कि जानकीदासवाला ग्राम सेवा सहकारी समिति के विरूद्ध 11 जून 2024 को जांच परिणाम के पश्चात व्यवस्थापक, सहायक व्यवस्थापक सहित अन्य पदाधिकारियों को विभिन्न प्रकरणों में वित्तीय, प्रशासनिक एवं आपराधिक उतरदायित्व के लिये दोषी पाया गया। जांच परिणाम अनुसार कुल वित्तीय उतरदायित्व 14067970.10 रूपये की वसूली के लिये उपरजिस्ट्रार सहकारी समितियां द्वारा वसूली कार्यवाही आरम्भ की गई है और दोषी कार्मिकों और पदाधिकारियों के खिलाफ 20 जून को सूरतगढ़ सदर थाने में परिवाद दर्ज करवाया गया है। सहायक व्यवस्थापक की सेवाएं समाप्त कर दी गई है और विशेष लेखा परीक्षक को गत वर्षों में लेखा परीक्षक रहे अंकेक्षकों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही के लिये लिखा गया है।

## साख्यिंकी दिवस समारोह का आयोजन कल

**श्रीगंगानगर।** प्रो. प्रशांतचंद महालनोबिस के आर्थिक नियोजन एवं सांख्यिकी विकास के क्षेत्र में दिये गये योगदान के उपलक्ष्य में उनके जन्म दिवस 29 जून पर 18वें सांख्यिकी दिवस समारोह का आयोजन जिला परिषद सभागार में प्रातः 10.30 बजे आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा किया जायेगा। आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक मोहनलाल ने बताया कि उक्त समारोह यूज ऑफ डाटा फॉर डिसीजन मेकिंग की थीम पर किया जायेगा। सांख्यिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर क्विज का आयोजन किया जायेगा और वर्तमान में व्यवहारिक जीवन में सांख्यिकी के महत्व तथा उपयोगिता पर प्रकाश डाला जायेगा।

## 25 केन्द्रों पर प्री-डीएलएड परीक्षा 30 को

**श्रीगंगानगर।** वर्द्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के पत्रांक की पालना में प्री-डीएलएड परीक्षा का आयोजन 30 जून को दोपहर 12.30 बजे से लेकर 3.30 बजे तक जिला मुख्यालय के 25 केन्द्रों पर होगा। जिला कलक्टर लोकबंधु की ओर से एडीएम प्रशासन वीरन्द्र सिंह चौधरी को जिला नोडल अधिकारी नियुक्त कर उक्त परीक्षा हेतु जारी गाईडलाईन के अनुसार परीक्षा के सफल व सुचारू संचालन के लिये निर्देशित किया गया है।

## पहले भी किसानों के साथ रहे, हमेशा रहेंगे: विधायक बराड़

**श्रीगंगानगर।** गंगा सिंह चौक पर गुरुवार को गंगनहर में पर्याप्त सिंचाई पानी की मांग को लेकर बैठे किसानों के बीच सादुलशहर विधायक गुरवीर बराड़ पहुंचे। किसानों को संबोधित करते हुए विधायक बराड़ ने कहा कि राज्य सरकार किसान हितैषी है और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा गंगनहर में पूरे पानी के लिए प्रयासरत है। विधायक ने कहा कि वह खुद किसान परिवार के सदस्य है और किसानी से जुड़े है। उन्होंने पंजाब सरकार पर हठधर्मिता के आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों को पूरा पानी मिले, इसके लिए राज्य सरकार किसानों के हमेशा साथ है और पूरे पानी के लिए सब मिलजुल कर प्रयासरत है।

# A B H & COMPANY
# CHARTERED ACCOUNTANTS

305 Prism Tower Opp PHQ Lal Kothi, Tonk Road, Jaipur
EMAIL:- ABH.CO.CA@GMAIL.COM. Mob. No. 98286-20462

## अंकेक्षण प्रमाण-पत्र

हम राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 54 के तहत नियुक्त अंकेक्षक प्रमाणित करते हैं कि हमने हनुमानगढ़ केन्द्रीय सहकारी बैंक लि., हनुमानगढ़ के दिनांक 31.03.2024 के संतुलन चित्र व लाभ-हानि खाते की जांच कर ली है। हमने समस्त आवश्यक सूचनाएं एवं स्पष्टीकरण प्राप्त कर लिए है। हमारी सम्मति में अतिरिक्त इसके जिसका कि पृथक से उल्लेख ऑडिट रिपोर्ट एवं लेखों की टिप्पणियों में किया गया, संतुलन चित्र तथा लाभ-हानि खाता दिनांक 31.03.2024 को बैंक कार्यों की सही एवं वास्तविक स्थिति प्रदर्शित करता है।
बैंक द्वारा ऋण अग्रिम एवं आस्तियों को निम्नानुसार वर्गीकृत कर प्रावधान किये गये हैं-

(Amount in Rs.) (In Lacs)

| Sr. No. | Classification of Assets (Loans and Advances) | Amount of Assets | Provisioning Required | Provisioning Made | Surplus (+)/ Deficit(-) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Standard Assets | | | | |
| a | Agriculture | 61966.79 | 154.92 | 625.18 | 458.07 |
| b | Other | 3046.34 | 12.19 | | |
| 2. | Sub. Standard Assets | 364.63 | 36.46 | 2056.50 | 901.84 |
| 3. | Doubtful Assets | | 0 | | |
| A | D-1 | 80.19 | 16.04 | | |
| B | D-2 | 395.91 | 118.77 | | |
| c | D-3 | 962.59 | 962.59 | | |
| 4. | Unsecured Assets | 0.00 | 0.00 | | |
| 5. | Loss Assets | 20.80 | 20.80 | | |
| | Total | 66837.25 | 1321.77 | 2681.68 | 1359.91 |

**The Balance of DEA Fund as it appears in the books of the bank as on 31.03.2023 is as under**

(Amounts in Rs. crore)

| | Current Year (31.03.2024) | Previous Year (31.03.2023) |
|---|---|---|
| Opening Balance of amounts transferred to DEAF | 2.886 | 1.949 |
| Add: Amounts Transferred to DEAF during the year | 0.386 | 0.949 |
| Less: Amounts reimbursed by DEAF towards claims | 0.083 | 0.012 |
| Closing balance of amounts transferred to DEAF | 3.189 | 2.886 |

**For A B H & COMPANY**
**Chartered Accountants**
**FRN : 015181C**
**Brijesh Agarwal**
**PARTNER**
**M.No. 405316**

## Balance Sheet of Hanumangarh Kendriya Sahakari Bank Ltd.
## Balance as on 31st March 2024

| Capital and Liabilities | Schedule | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|---|
| Capital | 1 | 397956346.00 | 389228346.00 |
| Reserves and Surplus | 2 | 509476823.71 | 506868230.71 |
| Deposits | 3 | 5368246536.90 | 5281713261.96 |
| Borrowings | 4 | 4826262689.92 | 4367162199.65 |
| Other liabilities and provisions | 5 | 538438129.09 | 582405867.51 |
| **Total** | | **11640380525.62** | **11127377905.83** |
| **Assets** | | | |
| Cash and balances with Reserve Bank of India | 6 | 49363274.39 | 37891451.89 |
| Balance with banks and money at call and short notice | 7 | 2033077959.94 | 1938907289.37 |
| Investments | 8 | 1563048034.88 | 1546464241.88 |
| Advances | 9 | 7100912332.34 | 6683725206.67 |
| Fixed Assets | 10 | 26957655.71 | 26846769.53 |
| Other Assets | 11 | 867021268.36 | 893542946.49 |
| **Total** | | **11640380525.62** | **11127377905.83** |
| Contingent liabilities Bills for collection | 12 | 31898612.65 | 28875198.86 |

Form A and B reproduced from original Government of India Notification SO 240 (E) dated March 26, 1992

**For A B H & CO.**
**Chartered Accountants**
**FRN : 015181C**

**Pardeep Yadav**
**Banking Assistant MO**

**Parmana Ram Mayal**
**Senior Manager MO**

**Brijesh Agarwal**
Partner
M.NO. 405316

**Rajender Nyol**
**Chairman**

**Suresh Kumar Maan**
**Managing Director**

### Schedule 1 - Capital

| | | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|---|
| I. For Nationalised Banks Capital (Fully owned by Central Government) | | 0.00 | 0.00 |
| II. For Banks incorporated outside India Capital | | 0.00 | 0.00 |
| (i) The amount brought in by banks by way of start-up capital as prescribed by RBI should be shown under this head. | | 0.00 | 0.00 |
| (ii) Amount of deposit kept with the RBI under Section 11(2) of the Banking Regulation Act, 1949. | | 0.00 | 0.00 |
| **Total** | | **0.00** | **0.00** |
| III. For other Banks | | | |
| Authorised Capital (4500.00 Lakh Shares of Rs 1000.00 Each) | 1 | 397956346.00 | 389228346.00 |
| Issued Capital ( ................. Shares of Rs.......... Each) | | 0.00 | 0.00 |
| Subscribed Capital ( ................. Shares of Rs.......... Each) | | 0.00 | 0.00 |
| Called-Up Capital ( ................. Shares of Rs.......... Each) | | 0.00 | 0.00 |
| Less: Calls unpaid | | 0.00 | 0.00 |
| Add: Forfeited shares | | 0.00 | 0.00 |

### Schudule 2 Reserves and Surplus

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| **i. Statutory Reserves** | | |
| Opening Balance | 65623693.82 | 65623693.82 |
| Additions during the year | 0.00 | 0.00 |
| Deduction During the Year | 0.00 | 0.00 |
| **II. Capital Reserves** | | |
| Opening Balance | 0.00 | 0.00 |
| Additions during the year | 0.00 | 0.00 |
| Deduction During the Year | 0.00 | 0.00 |
| **III. Share Premium** | | |
| Opening Balance | 0.00 | 0.00 |
| Additions during the year | 0.00 | 0.00 |
| Deduction During the Year | 0.00 | 0.00 |
| IV. Revenue and Others Reserves | | |
| a) Agricultural (Credit Stablisation fund) | 31865210.00 | 31865210.00 |
| b) Building fund | 34291944.00 | 34291944.00 |
| c) Dividend & Equilisation fund | 6034721.00 | 6034721.00 |
| d) Common good fund | 455048.00 | 455048.00 |
| e) Publicity Education fund | 7107967.00 | 7107967.00 |
| f) Reserve for conveyance | 108118.00 | 108118.00 |
| g) Risk fund | 370852.00 | 370852.00 |
| **Opening Balance (Total)** | **80233860.00** | **80233860.00** |
| Additions during the year | 0.00 | 0.00 |
| Deduction During the Year | 0.00 | 0.00 |
| **V. Balance in Profit and Loss Account** | 363619269.89 | 361010676.89 |
| **Total (I,II,III,IV and V)** | **509476823.71** | **506868230.71** |

### Schedule 3 - Deposits

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| A.I. Demand Deposits | | |
| (i) From Banks | 0.00 | 0.00 |
| (ii) From Others (Current Deposit) | 76344632.42 | 92109030.36 |
| II. Saving Bank Deposits | 1161411796.77 | 1194724884.95 |
| III. Term Deposits | | |
| (i) From Banks | 0.00 | 0.00 |
| (ii) From Others | 4130490107.71 | 3994879346.65 |
| **Total (I,II and III)** | **5368246536.90** | **5281713261.96** |
| B. (i) Deposits of branches in India | 5368246536.90 | 5281713261.96 |
| (ii) Deposits of branches in outside India | 0.00 | 0.00 |
| **Total** | **5368246536.90** | **5281713261.96** |

### Schudule-4 Borrowings

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. Borrowings in India | | |
| (a) Reserve Bank of India | 0.00 | 0.00 |
| (b) Others Banks (RSCB,P&S) | 4826262689.92 | 4367162199.65 |
| (c) Other Institutions and agencies | 0.00 | 0.00 |
| II. Borrowings outside india | 0.00 | 0.00 |
| **Total (i and II)** | **4826262689.92** | **4367162199.65** |
| Secured borrowings included in I and II above- Rs | 4826262689.92 | 4367162199.65 |

### Schudule-5 Other Liabilities and Provisions

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. Bills payable | 0.00 | 0.00 |
| II. Inter-office adjustment (net) (Blocked Accounts) | 1353970.69 | 1781658.39 |
| III. Interest accured | 0.00 | 0.00 |
| **IV. Others (including provisions)** | | |
| a) Bad & Doubtful loan Reserves | 65822801.00 | 65822801.00 |
| b) Bad & Doubtful loan Provisions | 136052331.00 | 125959331.00 |
| c) Provision for Fraud | 5514319.00 | 5514319.00 |
| d) Contigent provision against standard Assets | 62518454.00 | 62518454.00 |
| e) Investment depriciation reserve | 7203.00 | 7203.00 |
| f) Staff Gratuity fund | 40675994.02 | 38783319.02 |
| g) Overdue Intt. Reserve | 13867657.30 | 13867657.30 |
| h) Technical Adoption Fund | 20525184.85 | 20235341.51 |
| i) Provision for Branch Adjustment | 2461938.27 | 2461938.27 |
| j) Sundry creditor | 33667811.46 | 30186982.65 |
| k) Manager Cheques payable | 1843070.06 | 1836585.06 |
| l) MT Subsidy payable | 8478973.66 | 8478973.66 |
| m) Nominal fees | 135897.00 | 27444.00 |
| n) Provision for 16th award arrear | 0.00 | 28500000.00 |
| p) Provision for Leave EnCashment | 29002040.86 | 14410922.86 |
| q) Guarantee Com. | 632566.00 | 632566.00 |
| r) Manager Salary Securitiy fund | 10562715.00 | 10562715.00 |
| s) Provision for profit distributions | 9057222.00 | 9057222.00 |
| t) Pacs Development Fund | 40497078.00 | 37289134.00 |
| u) Aadan Anudaan | 706271.40 | 706271.40 |
| v) TDS on FDR | 4821070.88 | 2571899.00 |
| w) Intt. Not Collected Accounts | 14853894.70 | 14713614.23 |
| x) Suspence Account | 2800890.94 | 6766883.94 |
| y) ATM Pos | 31616.00 | 30810.00 |
| z) Insurance Claim received | 2759389.00 | 2759389.00 |
| aa) Trickle Feed Suspense | 594088.00 | 71888.00 |
| ab) NFS Settlement | 215300.00 | 327650.00 |
| ac) KCC Accident Insurance Premium | 0.02 | 0.02 |
| ad) Staff Walfare Education | 1050000.00 | 950000.00 |
| ae) Pacs Share Money | 26020492.00 | 50610119.91 |
| af) Suspense Parking | 750.00 | 0.00 |
| ag) Balance with Branch and HO | 1162848.73 | 0.00 |
| ah) NEFT Ac | 0.00 | 11175277.00 |
| ai) Clearing Adj. | 568513.78 | 111861.00 |
| aj) Recruitment Accounts | 175635.00 | 175635.00 |
| ak) NACH Adjustment Account | 1.29 | 1.29 |
| al) Provision for Advance income tax | 0.00 | 13500000.00 |
| am) IBT | 6.46 | 0.00 |
| an) Crop Insurance | 133.72 | 0.00 |
| **Total** | **538438129.09** | **582405867.51** |

### Schudule-6 Cash and Balances with Reserve Bank of India

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. Cash in hand (including foreign currency notes) | 49363274.39 | 37891451.89 |
| II. Balances with Reserve Bank of India | | |
| (i) in Current Account | 0.00 | 0.00 |
| (ii) in Others Acounts | 0.00 | 0.00 |
| **Total (I and II)** | **49363274.39** | **37891451.89** |

### Schudule-7 Balance with Banks and Money at Call and Short Notice

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. In India | | |
| (i) Balances with Banks | | |
| (a) in Current Account | 243149189.94 | 256407289.37 |
| (b) in Other Deposit Accounts | 1789928770.00 | 1682500000.00 |
| (ii) Money at call and short notice | 0.00 | 0.00 |
| (a) with banks | 0.00 | 0.00 |
| (b) with other institutions | 0.00 | 0.00 |
| **Total (i and ii)** | **2033077959.94** | **1938907289.37** |
| Outside India | | |
| (i) in Current Account | 0.00 | 0.00 |
| (ii) in Other Deposit Accounts | 0.00 | 0.00 |
| (iii) Money at call and short notice | 0.00 | 0.00 |
| **Total (i, ii and iii)** | **0.00** | **0.00** |
| **Grand Total (I and II)** | **2033077959.94** | **1938907289.37** |

### Schudule-8 Investments

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. Investment in India in | | |
| (i) Government Securities | 1197920000.00 | 1197920000.00 |
| (ii) Other approved securities | 0.00 | 0.00 |
| iii (Shares) | 294400000.00 | 294400000.00 |
| (iv) Debentures and Bonds | 0.00 | 0.00 |
| (v) Subsidiaries and/or joint ventures | 0.00 | 0.00 |
| (vi) Others (to be specified) | | |
| a) LIC against staff gratuity | 40675994.02 | 38783319.02 |
| b) LIC against Leave Encashment | 29002040.86 | 14410922.86 |
| c) Staff Walfare Education Fund | 1050000.00 | 950000.00 |
| **Total** | **1563048034.88** | **1546464241.88** |
| II. Investment outside India in | | |
| (i) Government Securities (including local authorities) | 0.00 | 0.00 |
| (ii) Subsidiaries and/or joint ventures abroad | 0.00 | 0.00 |
| (iii) Others investments (to be specified) | 0.00 | 0.00 |
| **Total** | **0.00** | **0.00** |
| **Grand Total (I and II)** | **1563048034.88** | **1546464241.88** |

### Schudule-9 Advances

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| A. (i) Bills purchased and discounted | 0.00 | 0.00 |
| (ii) Cash, Credits, Overdrafts and loans repayment on demand | 119775400.55 | 127492695.84 |
| (iii) Term loans | 281270144.07 | 218844949.11 |
| (iv) ST KCC, KMY, Animal Husbandory | 6461462480.32 | 6117985071.43 |
| (v) Staff Loan | 104416885.01 | 82557173.88 |
| (vi) OD Against FD | 133987422.39 | 136845316.41 |
| **Total** | **7100912332.34** | **6683725206.67** |
| B. (i) Secured by tangible assets | 0.00 | 0.00 |
| (ii) Covered by Bank/Government Guarantees | 0.00 | 0.00 |
| (iii) Unsecured | 0.00 | 0.00 |
| **Total** | **0.00** | **0.00** |
| C.I. Avances in India | | |
| (i) Priority Sectors | 6650060928.56 | 6301265665.63 |
| (ii) Public Sector | 0.00 | 0.00 |
| (iii) Banks | 0.00 | 0.00 |
| (iv) Others | 450851403.78 | 382459541.04 |
| **Total** | **7100912332.34** | **6683725206.67** |
| C.II. Advances outside India | | |
| (i) Due from Banks | 0.00 | 0.00 |
| (i) Due from Others | 0.00 | 0.00 |
| (a) Bills purchased and discounted | 0.00 | 0.00 |
| (b) Syndicated loans | 0.00 | 0.00 |
| (c) Others | 0.00 | 0.00 |
| **Total** | **0.00** | **0.00** |
| **Grand Total (C.I and II)** | **7100912332.34** | **6683725206.67** |

### Schudule-10 Fixed Assets

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. Premises | | |
| At Cost as on 31st March of the preceding year | 15642147.38 | 15510249.78 |
| Additional during the year | 1525191.00 | 265680.00 |
| Deductions during the year | 0.00 | 0.00 |
| Depreciation to date | 258501.00 | 133782.40 |
| **Total** | **16908837.38** | **15642147.38** |
| II. Other Fixed Assets (including furniture nd fixtures) | | |
| At Cost as on 31st March of the preceding year | 11204622.15 | 11819513.05 |
| Additional during the year | 625711.23 | 1454678.25 |
| Deductions during the year | 0.00 | 0.00 |
| Depreciation to date | 1781515.05 | 2069569.15 |
| **Total** | **10048818.33** | **11204622.15** |
| **Total (I and II)** | **26957655.71** | **26846769.53** |

### Schudule-11 Other Assets

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. Inter-office adjustments (net) | | |
| **II. Interest accrued** | | |
| a. Interest Receivable govt. Security | 24228589.00 | 21301672.00 |
| b. Interest Receivable from GOI 3% | 0.00 | 0.00 |
| c. Interest Receivable from GOR 0.80% | 74272432.00 | 0.00 |
| d. Interest Receivable from GOR Loan Waiver | 318649084.90 | 312099922.70 |
| e. Interest Receivable from Loan | 308185416.31 | 184588877.04 |
| f. Interest Receivable from FDR Investment | 15755488.00 | 11095177.00 |
| III. Tax paid in advance/tax deducted at source | 0.00 | 0.00 |
| IV. Stationary and Stamps | 0.00 | 0.00 |
| V. Non-banking assets acquired in satisfaction of claims | 0.00 | 0.00 |
| VI. Others | 0.00 | 0.00 |
| i) Amortistion Premium | 3876080.00 | 4956355.00 |
| ii) Printing (Stationary Society) | 703689.96 | 668639.06 |
| iii) Library A/c | 8082.00 | 8082.00 |
| iv) Books for Sale (Stationary Bank) | 460502.48 | 495686.26 |
| v) Sundry Debitor | 21864035.85 | 6442580.60 |
| vi) GST | 3666900.18 | 2963155.10 |
| vii) Fraud | 5214319.00 | 5214319.00 |
| viii) Security Electricity board/Teliphone | 59122.00 | 57022.00 |
| ix) Loan waiver receivable GOR 2018 | 84782494.85 | 341278494.85 |
| x) Loan waiver receivable GOR 2019 | 0.00 | 0.00 |
| xi) Balance with Branch & HO | 0.00 | 2329559.27 |
| xii) Neft Account | 5196687.25 | 0.00 |
| xiii) GST input Credit Recoverable | 0.00 | 137.10 |
| xiv) Interest rec. from GOI | 4499.00 | 4499.00 |
| xv) Deaf Amount claim with RBI | 93845.58 | 38768.51 |
| **Total** | **867021268.36** | **893542946.49** |
| in cash there is any unadjusted balance of loss the same maybe shown under this item with appropriate foot-note. | | |

### Schudule-12 Contingent Liabilities

| | As on 31-3-2024 (Current year) | As on 31-3-2023 (Previous Year) |
|---|---|---|
| I. claims against the bank not acknowledged as debts | 0.00 | 0.00 |
| II. Liability for partly paid investments | 0.00 | 0.00 |
| III. Liability on account of oustanding forward exchange conracts | 0.00 | 0.00 |
| IV. Guarantees given on behalf of constituents | 0.00 | 0.00 |
| (a) In India | 0.00 | 0.00 |
| (b) Outside India | 0.00 | 0.00 |
| V. Acceptances, endorsements and other obligations | 0.00 | 0.00 |
| VI. Other items for which the bank is contingently liable (DEAF) | 31898612.65 | 28875198.86 |
| **Total** | **31898612.65** | **28875198.86** |

### Profit and Loss Account of Hanumangarh Kendriya Sahakari Bank Ltd. for the year ended on 31st March 2024

| | | Schedule | Year ended on 31.03.2024 | Year ended on 31.03.2023 |
|---|---|---|---|---|
| I. | Income | | | |
| | Interest earned | 13 | 757725397.62 | 689683512.75 |
| | Other income | 14 | 18990039.15 | 13042639.23 |
| | **Total** | | **776715436.77** | **702726151.98** |
| II. | Expenditure | | | |
| | Interest expended | 15 | 605778986.43 | 476997629.23 |
| | Operating expended | 16 | 154737070.00 | 154279595.89 |
| | Provisions and contingencies | | | |
| a | Provision for pacs Development fund | | 3207944.00 | 3341856.00 |
| b | Prov. For NPA | | 10093000.00 | 3964000.00 |
| c | Provision For 16th award arrier | | 0.00 | 10000000.00 |
| d | Provision For Technical Adoption Fund | | 289843.34 | 3900000.00 |
| e | Provision for Advance Income Tax | | 0.00 | 13500000.00 |
| f | Provision for Branch Adjustment | | 0.00 | 2461938.27 |
| | **Total** | | **774106843.77** | **668445019.39** |
| III. | Profit/Loss | | | |
| | Net profit/loss (-) for the year | | 2608593.00 | 34281132.59 |
| | Profit/loss (-) brought forward | | 361010676.89 | 326729544.30 |
| | **Total** | | **363619269.89** | **361010676.89** |
| IV. | Appropriations | | | |
| | Transfer to statutory reserves | | 0.00 | 0.00 |
| | Transfer to other reserves | | 0.00 | 0.00 |
| | Transfer to Government/proposed dividend | | 0.00 | 0.00 |
| | Balance carried over to balance sheet | | 363619269.89 | 361010676.89 |

#### Schedue 13 - Interest Earned

| | | Year ended on 31.03.2024 | Year ended on 31.03.2023 |
|---|---|---|---|
| I. | Interest/discount on advances/bills | | |
| II. | Income on investments | 222694053.00 | 163353641.56 |
| III. | Interest on balances with Reserve Bank of India and other inter-bank funds | 0.00 | 0.00 |
| IV. | Others (Interest Income) | 535031344.62 | 526329871.19 |
| V | **Total** | **757725397.62** | **689683512.75** |

#### Schedue 14 - Other Income

| | | Year ended on 31.03.2024 | Year ended on 31.03.2023 |
|---|---|---|---|
| I. | Commission, exchange and brokerage | 77560.26 | 85740.64 |
| II. | Profit on sale of investments | 0.00 | 0.00 |
| | Less: Loss on sale of investments | 0.00 | 0.00 |
| III. | Profit on revaluation of investments | 0.00 | 0.00 |
| | Less: Loss on revaluation of investments | 0.00 | 0.00 |
| IV. | Profit on sale of land, buildings and other assets | 0.00 | 0.00 |
| | Less: Loss on sale of land, buildings and other assets | 0.00 | 0.00 |
| V. | Profit on exchange transactions | 0.00 | 0.00 |
| | Less: Loss on echange transactions | 0.00 | 0.00 |
| VI. | Income earned by way of dividends, etc. from subsidiaries/companies and/or joint ventures abroad/in India | 9774080.00 | 9479680.00 |
| VII. | Miscellaneous Income | | |
| a | Locker Rent | 81112.00 | 94840.00 |
| b | Account operation Charges | 6000.00 | 4300.00 |
| c | Stop Instruction payment charges | 350.00 | 700 |
| d | I/C Charges | 1894475.25 | 1634057 |
| e | Quarterly average minimum charges | 176850.00 | 180450 |
| f | fee/charges on ATM | 14255.00 | 26715 |
| g | service charges | 466571.99 | 490837.86 |
| h | NPCI Incentive | 20599.28 | 51796.23 |
| i | Cash Excess | 4200.00 | 17583 |
| j | Recovery charges | 230867.00 | 463324.8 |
| k | other income | 179166.79 | 109470.15 |
| l | Income Tax Refund | 135300.00 | 0.00 |
| m | Refferal Fee | 668978.56 | 383049.45 |
| n | Income on salable stationary | 0.00 | 18950.00 |
| o | Commission Received Crop. Insurance | 17937.44 | 1145.10 |
| p | Intt. Excess/Less | 2647991.59 | 0.00 |
| q | Intt. Paid by DCCB to society | 2593743.99 | 0.00 |
| | **Total** | **18990039.15** | **13042639.23** |

Note:- Under item II to V loss figures shall be shown in brackets

#### Schedue 15 - Interest Expended

| | | Year ended on 31.03.2024 | Year ended on 31.03.2023 |
|---|---|---|---|
| I. | Interest on Deposits | 317188312.91 | 273627358.02 |
| II. | Interest on Reserve Bank of India/inter-bank borrowings | | |
| III. | Others (Interest paid to borrowing) | 288590673.52 | 203370271.21 |
| | **Total** | **605778986.43** | **476997629.23** |

#### Schedue 16 - Operating Expenses

| | | Year ended on 31.03.2024 | Year ended on 31.03.2023 |
|---|---|---|---|
| I. | Payments to and provisions fr employees | 108652017.00 | 80139777.00 |
| II. | Rent, taxes and lighting | 4178226.00 | 3978999.00 |
| III. | Printing and stationary | 858100.52 | 732628.58 |
| IV. | Advertisement and publicity | 262414.90 | 286816.92 |
| V. | Depreciation on bank's property | 2040016.05 | 2203351.55 |
| VI. | Director's fees, allowances and expenses | 134385.00 | 76028.00 |
| VII. | Auditor's fees and expenses (including branch auditors) | 755194.00 | 799407.00 |
| VIII. | Law charges | 193870.00 | 371170.00 |
| IX. | Postage Telegrams, Telephone Etc. | 441261.42 | 430746.82 |
| X. | Repairs and maintenance (CBS) | 11301269.74 | 10843472.52 |
| XI. | Insurance (DICGC) | 6363109.00 | 6348891.00 |
| XII. | Other expenditure | | |
| a | Light & Water | 1989047.00 | 2036664.97 |
| b | Entertainment | 1283975.18 | 1251660.50 |
| c | Misc. Exp. | 1574729.78 | 1367726.74 |
| d | Genrator | 899389.00 | 948438.23 |
| e | B.B.P. | 120466.42 | 120731.62 |
| f | Annual Meeting Exp | 465138.50 | 31200.00 |
| g | premium paid investment | 1080275.00 | 1032780.00 |
| h | Intt. Excess / Less | 0.00 | 405739.89 |
| i | GST Paid | 1286665.98 | 1549443.31 |
| j | Contribution relief/OTS | 2301848.00 | 5749654.00 |
| k | Sports Activity | 130685.00 | 69616.42 |
| l | Intt. Paid by DCCB to society | 0.00 | 9813575.12 |
| m | Bank charges | 57760.63 | 114816.08 |
| n | Staff Walfare Exp | 82900.00 | 85200.00 |
| o | Medical to Staff | 109187.00 | 34381.00 |
| p | TA DA to Staff | 684605.00 | 616667.00 |
| q | convenience Charges | 630226.00 | 694606.00 |
| r | Jeep rent & Fuel Exp. | 707033.00 | 517645.00 |
| s | Advance income tax/Income Tax Paid | 5066914.45 | 21627756.86 |
| t | Uniform Exp | 614426.70 | 0.00 |
| u | Round Off | 11.71 | 4.76 |
| v | Commission paid to BC (Refferal Comm,) | 471922.02 | 0.00 |
| | **Total** | **154737070.00** | **154279595.89** |

# भारतीय न्याय संहिता 2023 पर संगोष्ठी आयोजित

## - नई संहिता एवं अधिनियमों का आवश्यक रूप से ज्ञान होना आवश्यकः उपेंद्र ढिल्लो

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव



पीलीबंगा। पंचायत समिति सभागार में गुरुवार दोपहर बाद भारतीय न्याय संहिता 2023 पर संगोष्ठी हुई।संगोष्ठी में ट्रेनर अभियोजन अधिकारी उपेंद्र सिंह ढिल्लो ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 पर जानकारी देते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में आईपीसी के अधिकांश अपराधों को बरकरार रखा गया है एवम इसमें सामुदायिक सेवा को भी सज़ा के रूप में शामिल किया गया है।इसकी विशेषता बताते हुए कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) आईपीसी की जगह लेती है। यह आईपीसी के प्रावधानों को काफी हद तक बरकरार रखती है, कुछ नए अपराध जोड़ती है, अदालतों द्वारा खारिज किए गए अपराधों को हटाती है और कई अपराधों के लिए दंड बढ़ाती है। गृह मामलों की स्थायी समिति ने इसके प्रावधानों की बारीकी से जांच की थी। संगोष्ठी में 1 जुलाई से लागू होने वाले नए कानून एवम अधिनियम के बारे में विस्तार से मौजूद प्रतिभागियों को जानकारी दी गई। बार संघ अध्यक्ष नंदराम धारणिया ने कहा कि सभी अधिवक्ताओं को इस नई संहिता एवं अधिनियमों के बारे में आवश्यक रूप से अध्ययन करना चाहिए इसके अलावा आमजन को भी इसकी जानकारी होना आवश्यक है। एड.महावीर अरोड़ा ने भी नई प्रावधानों एवं उनकी उपयोगिता के बारे में विस्तार पूर्वक संगोष्ठी सदस्यों को बताया। संगोष्ठी में तहसीलदार नवीन गर्ग, बीसीएमओ डा.मनोज अरोड़ा, नायब तहसीलदार रामनरेश मीणा, सीबीईओ कृष्ण लाल सिहाग, एडीओ मालचंद गोगना, बार संघ अध्यक्ष नंदराम धारणिया, सब इंस्पेक्टर सुमन रानी,बार संघ अध्यक्ष नंदराम धारणिया, उपाध्यक्ष आनंद स्वरूप झोरड़, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, अशोक चालिया, अशोक गुडेसर कृष्णलाल मेघवाल, सुनील कुमार,रामकुमार खीचड़, शैलेंद्र बिश्नोई, अनिल सिहाग, महावीर अरोड़ा, संदीप गोदारा, कांस्टेबल साहब राम हेड कांस्टेबल श्री भगवान, ओम प्रकाश अरोड़ा, जितेंद्र मंडा, धर्मपाल योगी, प्रवीण सहू, सुरेंद्र मेहरड़ा, कमलेश कुमार, नरसी भाटिया, कमलेश महरिया, सोमा रानी, सरपंच जगतार सिंह बराड़, वेद प्रकाश, सुनील सैन, जसवंत सिंह आदि मौजूद रहे।

# लौंगवाला पंचायत में ब्लॉक स्तरीय कृषि आधारित किसान संगोष्ठी का आयोजन



तेज. रिपोर्टर | पीलीबंगा

पंचायत लोंगवाला में सहायक कृषि अधिकारी कार्यालय के तत्वाधान में गुरुवार को ब्लॉक स्तरीय कृषि आधारित किसान संगोष्ठी हुई। संगोष्ठी में परियोजना निदेशक डा.सुभाष चंद्र डूडी, अप निदेशक करनजीत सिंह बराड़, सहायक कृषि अधिकारी (पीलीबंगा) रविंकल जीत सिंह, सहायक कृषि अधिकारी (गोलूवाला) साहब राम, आकाशदीप पूनिया, जयपाल सिंह, राजीव क्रांति आदि ने कृषि से संबंधित आवश्यक उपयोगी जानकारी देते हुए मौसम परिवर्तन एवं कृषि प्रबंधन आदि विषय पर किसानों को विस्तार से बताया। कृषि अधिकारियों ने गोष्ठी में किसानों को उचित पोषक तत्व प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड संबंधी और राज्य सरकार एवं कृषि विभाग के द्वारा संचालित कृषि कल्याण की योजनाओं, कृषि समस्याओं के समाधान और वैज्ञानिक तरीके से कृषि किसान पशुपालन प्रबंधन आदि की भी जानकारी दी। सरपंच सुनील क्रांति ने सभी का आभार जताते हुए सभी को राज्य सरकार की सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।

# राउमावि मानकथेड़ी बारानी में पूर्व विधार्थियों ने भेंट की इलेक्ट्रॉनिक बैल




**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** राउमावि मानकथेड़ी बारानी में विद्यालय के दो पूर्व छात्रों ने स्कूल को एक इलेक्ट्रॉनिक विद्युत घंटी भेंट की है। हीरालाल जयपाल ने बताया कि विद्यालय से शिक्षा प्राप्त करने वाले होनहार विद्यार्थियों मुकेश पंवार पुत्र रंजीत पंवार तथा वेद प्रकाश पुत्र धर्मपाल भाटी की नियुक्ति वनरक्षक के रूप में होने पर उन्होंने विद्यालय के भौतिक संसाधनों में सहयोग करते हुए एक इलेक्ट्रॉनिक बैल विद्यार्थियों की सुविधार्थ भेंट की है।प्रिंसिपल मूलचंद त्यागी ने दानदाता विद्यार्थियों का आभार जताते हुए आमजन से भी समय-समय पर विद्यालय पर पहुंचकर अध्यापकों एवं विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करने और विद्यालय की आवश्यकतानुसार सहयोग करने का आग्रह किया। इस मौके पर व्याख्याता कृष्ण लाल पारीक सहित समस्त शाला स्टाफ/अभिभावक भी मौजूद थे।

# मिशन ग्रीन के साथ पौधारोपण कर नांदीवाल ने मनाया जन्मदिन



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** सामाजिक कार्यकर्ता इंद्रजीत नांदीवाल ने मिशन ग्रीन के साथ पौधारोपण कर अपना जन्मदिन मनाया। संस्था के मीडिया प्रभारी अर्पित गर्ग ने बताया कि मिशन ग्रीन संस्था ने मुहिम शुरू कर घर में होने वाले सभी विशेष अवसरों एवं अन्य कार्यक्रमों में परिजनों से पौधारोपण करवाते हुए उन्हें इन पौधो की देखभाल करने का संकल्प दिलाया जाता है। इसी क्रम के तहत नांदीवाल से खरलिया रोड के डिवाइडर में पौधा लगवाया गया है। इस मौके पर संस्था अध्यक्ष ओमवीर सिंह राघव, सचिव नितेश गर्ग, उप सचिव प्रिंस गर्ग, भैरू राजपुरोहित सहित संस्था पदाधिकारियों ने आमजन से भी पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पुनीत कार्य करने का आग्रह किया है।

# टिब्बी में कैंप लगाया, एलएस पद्धति से 14 महिलाओं की हुई नसबंदी



**तेज रिपोर्टर. पीलीबंगा।** सीएचसी टिब्बी में गुरुवार को नसबंदी कैंप लगाया। बीसीएमओ सर्जन डॉ. मनोज अरोड़ा ने एलएस पद्धति से 14 महिलाओं की नसबंदी करते हुए परिवार नियोजन का महत्व बताया एवम ऑपरेशन उपरांत रखी जाने वाली सावधानियां एवं मौसम में हो रहे परिवर्तन से बचाव रखने का आग्रह किया। डॉ. मांगीलाल और डा .रितिका ने ऑपरेशन करने वाली महिलाओं के स्वास्थ्य की नियमित जांच की।कैंप में सिस्टर बिंदर कौर, सुनील कुमार, हनीफ खान, भीमसेन, भिंया राम आदि ने सेवाएं दी।

# विभाग ने किया 27 जून से 29 जुलाई तक का रेगुलेशन जारी

**तेज रिपोर्टर. चारणवासी।** विभाग द्वारा नोहर सिंचाई प्रणाली का 27 जून से 29 जुलाई तक का रेगुलेशन जारी किया गया है। 27 जून से 5 जुलाई तक प्रथम वरीयता में मलवाणी,जनानिया व खिनानिया वितरिका व द्वितीय वरीयता में जसाना वितरिका, 5 से 13 जुलाई तक प्रथम वरीयता में जसाना वितरिका,द्वितीय वरीयता में खिनानिया वितरिका,जनानिया-मलवाणी माइनर, 13 से 21 जुलाई तक प्रथम वरीयता में एनएचआर के किकराली, बिरकाली व देईदास माइनर व द्वितीय वरीयता में भगवान, कर्मशाना व ढंढेला माइनर व 21 से 29 जुलाई तक प्रथम वरीयता में भगवान, कर्मशाना, ढंढेला माइनर व द्वितीय वरीयता में किकराली, बिरकाली व देईदास माइनर चलेंगे। अधीक्षण अभियंता ने उल्लेख किया कि गर्मी को देखते हुए पेयजल को प्राथमिक्ता रहेगी, हरियाणा से उपलब्ध पानी के अनुसार नहरों में प्रवाह किया जाएगा।

# कविता सिहाग आरएएस ने श्रीगंगानगर जिला रसद अधिकारी का पदभार ग्रहण किया

तेज. रिपोर्टर| थालड़का



गांव भगवान निवासी कविता सिहाग ने जिला रसद अधिकारी श्रीगंगानगर पद ग्रहण सोमवार को किया। कविता सिहाग (आरएएस) बनने के बाद पहली जॉइनिंग जिला रसद अधिकारी श्रीगंगानगर के तौर पर जॉइनिंग की है। कविता सिहाग पुत्री कृष्ण लाल सिहाग जो मूलरूप से गांव (भगवान) तहसील नोहर, जिला हनुमानगढ़ की रहने वाली है। कविता सिहाग ने बताया कि मेरी मेहनत और गुरुजनों के आशीर्वाद और माता-पिता के आशीर्वाद से आज इस पद पर पहुंची हूं। कविता सिहाग ने सबसे पहले सरकारी नौकरी ग्राम सचिव पद पर, उसके बाद में पुलिस विभाग में एसआई के पद पर कार्य कर चुकी है। बताया कि अभी जिला रसद अधिकारी के पद पर ज्वाइन करने के बाद सबसे पहले प्राथमिकता जनता की सेवा और ईमानदारी से कार्य करना पहली प्राथमिकता रहेगी। कविता सिहाग की लगातार मेहनत से गांव, तहसील और जिले का नाम रोशन हुआ है। बताया कि अभी तो और आगे बढ़ाना है। अभी मेरा सपना और बड़ा है उसे पूरा करना है। मेहनत करते जाओ कामयाबी आपका कदम चूमेगी। जिला रसद अधिकारी ज्वाइंन करने के बाद पूरे परिवार में और गांव (भगवान) में खुशी का माहौल बना हुआ है।और रिश्तेदार भाई बंधु सभी बधाई दे रहे हैं। क्योंकि गांव और तहसील क्षेत्र में पहले आरएएस अधिकारी बनी कविता सिहाग इसलिए क्षेत्र में खुशी का माहौल बना हुआ है।

# वीसी रूम से सीएम के जन संवाद में जुड़े लाभार्थी

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



सामाजिक सुरक्षा पेंशन लाभार्थी वर्चुअल सीएम जन संवाद कार्यक्रम गुरुवार को पंचायत समिति के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग रूम में हुआ। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के अभिवृद्धि में लाभार्थियों को वर्चुअल संवाद के माध्यम से योजना के बारे में विस्तार से बताया। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की राशि 1000 से बढ़कर 1150 रुपए करने पर लाभार्थियों ने भी प्रसन्नता जताई। ब्लाक के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र से आए हुए दर्जनों लाभार्थियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जोड़ा गया। इस मौके पर बीडीओ रविंद्र शर्मा, तहसीलदार नवीन गर्ग, एडीओ मालचंद गोगना, मांगीलाल स्वामी, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता,डबली राठान देहात मंडल अध्यक्ष जगतार सिंह बराड़, अमरपुरा क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष एड.कुलवंत सिंह चहल, नगर निकाय जिला संयोजक सुनील सैन, पंचायत समिति से महेंद्र सहारन, महेश चतुर्वेदी, एसडीएम कार्यालय से नरेश कुमार, समाज कल्याण विभाग से विश्व भारती सहित योजना के लाभार्थी मौजूद रहे।

# राज्य सरकार से विद्यालय में नामांकन के अनुरूप ही पद सृजित करने की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत ने माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर नामांकन के अनुरूप पद सृजित करने की मांग राज्य सरकार से की है। संघ जिलाध्यक्ष मनोहर लाल बंसल ने बताया कि बीते 9 साल पूर्व के नामांकन के आधार पर नियुक्त किए गए शिक्षक ही वर्तमान में विद्यालयों में अध्यापन कार्य करे रहे हैं, जबकि इसके विपरीत हर वर्ष विद्यालयों में नामांकन बढ़ रहा है।ज्ञात रहे कि कोरोना काल में तो सरकारी विद्यालयों में विद्यार्थी नामांकन में काफी वृद्धि हुई है, वहीं गत तीन-चार वर्षों में सैकड़ों उच्च प्राथमिक तथा माध्यमिक विद्यालयों को उच्च माध्यमिक विद्यालयों में क्रमोन्नत किया गया है। इन सब के बावजूद राज्य सरकार ने इन विद्यालयों में व्याख्याता की नियुक्ति नहीं की है, जिससे व्याख्याताओं व पर्याप्त स्टाफ के अभाव में इन विद्यालयों में अब नामांकन कम होने लगा है और परीक्षा परिणाम भी प्रभावित हुआ है। संगठन ने मांग है कि माध्यमिक शिक्षा में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर प्रा. शिक्षा व उच्च माध्यमिक विद्यालयों में पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति की जाए। बंसल ने बताया कि हर दो साल में स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा कर उसके हिसाब से शिक्षक नियुक्त किए जाने थे, फिर भी वर्ष 2015 के बाद से स्टाफिंग पैटर्न की समीक्षा ही नहीं की गई, इसलिए राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग को मांग पत्र भेजा है।

# बसपा इकाई टिब्बी के कार्यकर्ताओं की बैठक सम्पन्न

तेज. रिपोर्टर| टिब्बी



बहुजन समाज पार्टी इकाई टिब्बी के कार्यकर्ताओं की बैठक पूर्व प्रदेश महासचिव भोला सिंह बाजीगर कि अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक में निर्णय लिया गया अगर इंग्लिश मीडियम विद्यालय के साथ-साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में हिंदी माध्यम को अगर स्थापित नहीं किया तो हम लोगों को मजबूरन 15 जुलाई 2024 को राजस्थान के शिक्षा मंत्री का उपखंड कार्यालय टिब्बी के सामने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया जाएगा टिब्बी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंदी को पिछली सरकार में समाप्त कर दिया था इंग्लिश मीडियम विद्यालय टिब्बी बनाया गया जो बच्चे हिंदी मीडियम में शिक्षा प्राप्त कर रहे थे उन बच्चों को आज 9 वी कक्षा से 12वीं कक्षा तक टिब्बी शहर से बाहर जाकर पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है जबकि टिब्बी उपखंड होने के बावजूद नगर पालिका लगभग 25000 की आबादी वाला टिब्बी शहर के बच्चे कहलानेवाले राठी खेड़ा तलवाड़ा सलेमगढ़ मसानी सिलवाला खुर्द में पढ़ने के लिए जाना पड़ेगा बड़े ही दुर्भाग्य की बात है यह टिब्बी शहर के जनप्रतिनिधि विधानसभा के सभी पार्टियों के नेता इस मुद्दे को लेकर आज मौन है क्योंकि शिक्षा प्रभावित तो गरीब बच्चों की होने जा रही है इसलिए इधर ध्यान नहीं दिया जा रहा है इसलिए हमें यह मजबूरन निर्णय लेना पड़ा बार-बार प्रशासन को अवगत करवाया गया लेकिन प्रशासन की अनदेखी के कारण टिब्बी के बहुजन समाज पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वह ग्रामीणों ने यह फैसला लिया है इस मौके पर राजकुमार चांवरिया, दिलीप बिरट, भूपेंद्र बाल्मिक, राम सिंह पार्षद, मलकीत सिंह डायरेक्टर प्रतिनिधि, शंकर नायक, संत बावरी, मांगीलाल मेघवाल दुर्गाराम सोनगरा, रूपराम मेघवाल, सुरेंद्र कुम्हार, गुरदीप सिंह, अजीत सिंह धालीवाल, प्यार राम, तेजाराम, राजू सोलड़ा, कालू खान, गुरमीत सिंह, सुरजीत सिंह, राज सिंह, दिलीप सिंह, करतार सिंह, सरदार राम सहित काफी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डॉ.अंबेडकर नवयुवक संघ 20एसपीडी कार्यकारिणी का गठन, बुधराम बने अध्यक्ष

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा



डॉ.अंबेडकर नवयुवक संघ ग्राम इकाई 20एसपीडी की कार्यकारिणी का नवगठन हुआ। तहसील महासचिव निर्मल प्रकाश लुगरिया के अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुई। डॉ अंबेडकर नवयुग संघ ब्लॉकाध्यक्ष रामेश्वर चालिया के निर्देशन में मुख्य निर्वाचन अधिकारी डा.सुशील बौद्ध सहायक निर्वाचन अधिकारी व पीठासीन अधिकारी महावीर प्रसाद बालाण, चुनाव पर्यवेक्षक की उपस्थिति में सर्व समिति से अध्यक्ष पद पर बुधराम,उपाध्यक्ष धर्मपाल कालवा व घनश्याम, महासचिव सन्तराम भाटी, कोषाध्यक्ष सुनील भरनावा, सचिव श्रवण सुथार, सहसचिव बनवारी चोयल व संरक्षक जीवन राम, ओमप्रकाश, चेतराम, श्रवण मेव व तेजाराम को पदों पर नियुक्ति देकर समस्त पदाधिकारी को शपथ दिलाई गई। अतिथियों ने समाज को जागृत करने व शिक्षा से वंचित बच्चों को अधिकाधिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और समाज हित में सभी साथियों को मिलजुल कर सामाजिक कार्यों में हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया गया।

# धर्म, जाति के आधार पर मतदाताओं को गुमराह करना छोड़ें राजनीतिज्ञः अंजनी लढा

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के युवा जिलाध्यक्ष अंजनी लढा ने कहा कि वर्तमान समय में मतदाताओं की जागरूकता से सभी राजनीतिक दलों को सावधान होने की जरूरत है क्योंकि अब शिक्षित युवाओं के बीच जाति, धर्म के आधार पर वोटों की अपेक्षा करना पूर्णतः मूर्खता से भरा कार्य है। अंजनी लढा ने कहा कि आज जब देश तकनीक, रक्षा, कृषि सहित तमाम क्षेत्रों में विकास की डगर पर सरपट दौड़ रहा है, ऐसे में राजनीतिज्ञों की ओर से उन्हें विकास के झूठे वायदे और धर्म जातिपाति के नाम पर बांटकर उनसे वोटों की अपेक्षा करना पूर्ण रूप से अनेपक्षित है। लढा ने कहा कि वर्तमान समय की प्रासंगिकता यही है कि शिक्षित युवाओं को रोजगार की दरकार है, यदि सही मायने में राजनीतिज्ञों को विकास की अवधारणाओं को धरातल पर उतारना है तो युवाओं को उनकी संख्या के अनुपात में ही रोजगार उपलब्ध करवाना चाहिए क्योंकि रोजगार की अनुपलब्धता के कारण ही आज सैकड़ों परिवार देश छोड़कर जाने पर मजबूर हैं जो चिंतनीय है। ये कदम देश प्रदेश की सरकारों के सामने भी सवालिया निशान हैं क्योंकि सरकार ही युवाओं और पात्रों के लिए रोजगार व जीवन जीने के लिए आवश्यक संसाधनों को उपलब्ध करवाने में विफल रही हैं। उन्होंने कहा कि देश के सही मायने में उन्नयन के लिए यह भी आवश्यक है कि भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार पर भी नकेल कसी जाए।

# शुद्ध पेयजल की उपलब्धता एवं विद्युत लाइन को 24 घंटे की लाइन से जुड़वाने की मांग

तेज. रिपोर्टर| पीलीबंगा

पीलीबंगा। आबादी क्षेत्र की ढाणी में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं विद्युत व्यवस्था की लाइन 24 घंटे की विद्युत आपूर्ति से जुड़वाने की मांग करते हुए जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। दौलतावाली निवासी सतीश डूडी पुत्र दारा सिंह के डीएम को दिए ज्ञापन के अनुसार चक एक टी सुल्तान वाला में मौके पर इस ग्राम की दी जा रही विद्युत सप्लाई, खेतो में दी कृषि कार्य के लिए दी जाने वाली कृषि विद्युत लाइन से जुड़ी हुई है, जिसमें इन उपभोक्ताओं को केवल मात्र 6 घंटे ही लाइट मिलती है, जिससे इन ग्रामीणों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी उठानी पड़ती है।वही इन्ही ग्रामों के पास ही जीएसएस झुर्रियां वाली एवम दो एलबीएम फीडर में 24 घंटे विद्युत आपूर्ति की व्यवस्था रहती है, इसलिए इस क्षेत्र को इन निकटवर्ती जीएसएस/फीडर से जोड़ने का आग्रह किया है।इसी प्रकार दो एनएसडब्ल्यू, एक टी व 2 टी के ढाणी में पेयजल व्यवस्था नहीं होने से आमजन को केंटर आदि से पानी मोल खरीदना पड़ता है, जिसमें हर बार इन ग्रामीणों को करीब 500 से 1000 रुपए की राशि प्रति टैंकर की खरीद की देकर आर्थिक क्षति भी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों ने जिला स्तरीय प्रशासन से ग्राम की इन मूलभूत समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण करने का आग्रह किया है।

# सिर में डंडा मार मां की हत्या

तेज. ऐलनाबाद. रमेश भार्गव

ऐलनाबाद के गांव भुरटवाला में बेटे ने सिर पर डंडा मारकर अपनी मां की हत्या कर दी। बेटा शराब पीने का आदी है और उसकी इस लत के कारण उसकी पत्नी भी उसे छोड़ कर चली गई थी। शराब पीकर घर आने पर मां ने बेटे को डांटा था। घटना की सूचना मिलने पर ऐलनाबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतका के शव - का पोस्टमार्टम गुरुवार दोपहर सिरसा के सिविल हॉस्पिटल में किया गया। पुलिस ने घरवालों का बयान दर्ज करके आरोपी बेटे जसवंत के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार गांव भूरटवाला निवासी 62 वर्ष नैना देवी के पति बीरबल की 10 साल पहले मौत हो चुकी है। उसका पुत्र जसवंत शराब पीने का आदी है। जसवंत के शराब पीने की लत से उसकी पत्नी भी उसे कुछ समय पहले छोड़कर चली गई थी। बुधवार रात को जसवंत शराब पीकर घर आया तो नैना देवी उसे डांटने लगी। जिससे मां-बेटे के बीच झगड़ा हो गया। इसके बाद गुस्से में आकर जसवंत ने अपनी मां नैना देवी के सिर पर डंडा मारा। सिर में डंडा लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। शोर मचाने पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीण घायल नैना देवी को लेकर इलाज के लिए सिरसा सिविल हॉस्पिटल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान रात को ही उसकी मौत हो गई। जसवंत अपनी मां के सिर पर डंडा मारने के बाद मौके से फरार हो गया था। घटना की सूचना मिलने पर ऐलनाबाद पुलिस की एक टीम गांव भूरटवाला व दूसरी टीम सिरसा सिविल हॉस्पिटल में पहुंची। वीरवार सुबह मृतका के सारे रिश्तेदार सिविल हॉस्पिटल पहुंचे तो पुलिस ने परिजनों का बयान दर्ज किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी जसवंत के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# टीम ने जांचे संस्थान के पंजीकरण संबंधी दस्तावेज

## दो दिव्यांग बच्चों को भी किया रेस्क्यू

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़



जिला कलक्टर और बाल अधिकारिता निदेशालय के निर्देशानुसार गुरुवार को बाल कल्याण समिति, बाल अधिकारिता विभाग व पुलिस की टीम ने जंक्शन में पीली चक्की के पास संचालित हो रहे भविष्य सुधार विकास सेवा संस्थान की जांच की। टीम ने पुलिस जाप्ते की मौजूदगी में संस्थान के पंजीकरण संबंधी दस्तावेजों की जांच की। बाल कल्याण समिति अध्यक्ष जितेन्द्र गोयल ने बताया कि जांच में यह बात सामने आई कि यह संस्था बिना किसी पंजीकरण के चल रही है। इनके पास न तो दिव्यांग अधिनियम और न ही जेजे एक्ट के तहत कोई पंजीकरण दस्तावेज मिले। इस संबंध में जिला कलक्टर को जांच रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। गोयल के अनुसार बिना रजिस्ट्रेशन के संचालित हो रही संस्था में दिव्यांग बालकों एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे एकसाथ रखा जा रहा था। यह बहुत बड़ा कानूनी अपराध है। बिना पंजीयन किसी भी दिव्यांग बच्चे को एक दिन भी निरुद्ध कर नहीं रखा जा सकता। गोयल ने बताया कि करीब तीन साल से डिटेन एक सामान्य बच्ची को भी गत दिनों संस्थान से दस्तयाब किया गया था। उसकी भी जांच चल रही है। संस्थान में मौजूद दो बच्चों को रेस्क्यू किया गया है। पूर्व में की गई जांच के समय करीब एक दर्जन दिव्यांग बच्चे संस्थान में मिले थे। शेष बच्चे उनके माता-पिता के पास सुरक्षित गए है या उन्हें कहीं और भेजा गया है, इसकी भी जानकारी ली जा रही है।

# एक किलो अफीम सहित तस्कर काबू, कार जब्त



तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले में पीलीबंगा थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति को काबू कर उसके कब्जे से एक किलो अवैध अफीम बरामद की है। यह व्यक्ति जिस कार में सवार था, उसे तस्करी में प्रयुक्त करने के कारण जब्त कर लिया गया है। पीलीबंगा थाना प्रभारी सीआई भूपसिंह सहारण के नेतृत्व में एक पुलिस टीम ने कल देर शाम को जाखडांवाली गांव के नजदीक कार में संदिग्ध रूप से जा रहे रामकैलाश बिश्नोई (44) निवासी जंभेश्वरनगर, थाना नया शहर बीकानेर को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1 किलो अफीम बरामद हुई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रामकैलाश पीलीबंगा क्षेत्र में ही किसी को अफीम की सप्लाई देने के लिए आ रहा था। उस पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। रामकैलाश को पकड़ने वाले पुलिस दल में सब इंस्पेक्टर मुकेश कुमार,हवलदार राकेश मीणा, रमेश, संदीप और रिंकू भी शामिल रहे। मुख्य रूप से उसे पकड़वाने में भूमिका सिपाही राकेश रमाना की रही।

# भारत सरकार से मान्यता मिलना संस्था के लिए बड़ी उपलब्धि



## बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में बीसीए को मिली केन्द्र सरकार से मान्यता

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

केन्द्र सरकार से संबद्ध अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) ने जंक्शन स्थित बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में संचालित बीसीए संकाय को मान्यता प्रदान की है। खास बात है कि इससे पूर्व कॉलेज में बीसीए को राज्य सरकार व महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर से मान्यता प्राप्त थी। केन्द्र सरकार से मान्यता मिलने से युवाओं को विदेश में नौकरी मिल सकेगी। केन्द्र सरकार से मान्यता मिलने की खबर मिलते ही गुरुवार को कॉलेज कैंपस में खुशी की लहर दौड़ गई। बेबी हैप्पी एजुकेशन ग्रुप के डायरेक्टर तरुण विजय व चेयरमैन आशीष विजय ने स्टाफ और स्टूडेंट्स को मिठाई खिलाई। सबने एक-दूसरे को बधाई दी। डायरेक्टर तरुण विजय ने कहा कि बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में यूथ को रोजगारोन्मुखी शिक्षा देने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाते रहे हैं। हनुमानगढ़ जिले में बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज एकमात्र निजी कॉलेज है जहां पर एक साथ 250 स्टूडेंट्स के लिए वातानुकूलित कंप्यूटर लैब कक्ष है। प्रबंधन हमेशा तकनीकी शिक्षा देने के लिए प्रयासरत रहता है। केन्द्र सरकार से मान्यता मिलने से यूथ को काफी फायदा होगा। चेयरमैन आशीष विजय ने कहा कि कंप्यूटर युग है। इसलिए कंप्यूटर शिक्षा सर्वोपरि है। अब तक उक्त संकाय से निकले करीब 200 से अधिक स्टूडेंट्स सरकारी व गैर सरकारी संस्थानों में जॉब कर रहे हैं। केन्द्र सरकार से मान्यता मिलना खुशी की बात है। वाइस चेयरमैन रौनक विजय ने कहा कि बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज प्रबंधन शुरू से ही यूथ की जरूरतों के मुताबिक संकायों पर फोकस करता रहा है। बीसीए भी एक हिस्सा है। प्रशासक परमानंद सैनी ने कहा कि केन्द्र सरकार से मान्यता मिलना खुशी की बात है। इससे यूथ को बेहद लाभ मिलेगा। प्राचार्य डॉ. विशाल पारीक ने कहा कि बेबी हैप्पी मॉडर्न पीजी कॉलेज में साइंस फैकल्टी की समुचित व्यवस्था है। बीसीए के बाद स्टूडेंट्स के लिए एमएससी कोर्सेज की व्यवस्था है ताकि स्टूडेंट्स को अन्यत्र नहीं जाना पड़े। इस मौके पर उप प्राचार्य डॉ. मनोज शर्मा आदि मौजूद थे।

# नोहर विधायक ने की कांग्रेस नेताओं पर दर्ज मुकदमे की निंदा

तेज | रिपोर्टर. नोहर



विधायक अमित चाचाण ने कोटा में मंहगाई व पेपरलीक के विरोध में किए गये प्रदर्शन के बाद कांग्रेसी नेताओं पर दर्ज किये गये मुकदमे की कड़ी निंदा की है। विधायक अमित चाचाण ने इसे भाजपा की बौखलाहट बताते हुये कहा कि भाजपा सरकार के इशारे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व खेल मंत्री अशोक चांदना सहित कांग्रेस के अनेक नेताओं पर राजकार्य में बाधा व रास्ता रोकने पर झूठा मुकदमा दर्ज किया है। विधायक अमित चाचाण ने कहा कि भाजपा सरकार मुकदमों के भय से युवाओं व आमजन की आवाज को दबाना चाहती है। मगर कांग्रेस कार्यकर्ता ऐसे मुकदमों से डरने वाले नही है। उन्होंने बताया कि भाजपा को सत्ता में आये हुये 6 महिने का समय होने को है मगर आमजन के हित में एक भी निर्णय नही लिया गया है। पूरे प्रदेश में पानी बिजली का संकट गहराता जा रहा है। आमजन की सुनने वाला कोई नही है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब-जब सत्ता में आई लोकतंत्र को कमजोर करने काम किया। भाजपा ने हमेशा विपक्ष की आवाज को दबाया है। विधायक ने बताया कि भाजपा समीक्षा के नाम पर कांग्रेस सरकार की योजनाओं को बंद करने का काम कर रही है। विकास कार्य पूरी तरह ठप्प है। नीट पेपर में युवाओं के भविष्य के साथ खुला खिलवाड़ हो रहा है। भाजपा युवाओं को न्याय दिलाने की बजाय मुकदमे दर्ज कर आवाज उठाने वालों की आवाज को दबाने का काम कर रही है।

# टांटिया यूनिवर्सिटी और गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डेजर्ट इकोलॉजी, भुज में एमओयू



**तेज. रिपोर्टर. श्रीगंगानगर।** टांटिया विश्वविद्यालय और गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डेजर्ट इकोलॉजी (गाइड), भुज में परस्पर सहयोग के लिए एक एमओयू हुआ है। दोनों संस्थानों ने रेगिस्तानी पारिस्थितिकी तंत्र पर सहयोगात्मक पर्यावरण अध्ययन को बढ़ावा देने के लिए सहमति जताई है। टांटिया यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. (डॉ.) एम.एम. सक्सेना और गाइड के निदेशक डॉ. वी. विजय कुमार ने एक समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए। उल्लेखनीय है कि कुलपति डॉ. सक्सेना पर्यावरण विज्ञान के पूर्व प्रोफेसर हैं। उन्होंने गुजरात इंस्टीट्यूट ऑफ डेजर्ट इकोलॉजी (गाइड), भुज का दौरा किया और भारतीय रेगिस्तान की पारिस्थितिकी और जैव विविधता के विभिन्न पहलुओं पर शोध में लगे वैज्ञानिकों के साथ बातचीत की। उन्होंने बताया कि यद्यपि अधिकांश भारतीय रेगिस्तान उत्तर-पश्चिम राजस्थान और गुजरात तक फैला हुआ है, लेकिन इसमें स्थानीय पारिस्थितिकी और जैव विविधता में अंतर है। राजस्थान का भाग अधिकतर अरावली पर्वतमाला से घिरा रेतीला है, गुजरात का रेगिस्तान रेतीले, दलदली, नमकीन रण और तटीय मैदानों का मिश्रण है। इस एमओयू से गुजरात और राजस्थान तथा अन्य प्रदेशों के उन लोगों को बहुत लाभ मिल सकेगा, जो यहां के भौगोलिक वातावरण एवं पर्यावरण में रुचि रखते हैं।

# मंदिर से घर लौट रहे युवक का अपहरण, बंधक बनाकर बुरी तरह पीटा

» नाजुक हालत में अस्पताल में भर्ती, आठ नामजद व अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

मंदिर से घर लौट रहे युवक का रास्ते में अपहरण कर घर ले जाने व बंधक बनाकर लाठी, लोहे की रॉड से वार कर गंभीर रूप से घायल करने का मामला सामने आया है। घायल युवक का टाउन के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। युवक के पिता की ओर से टाउन पुलिस थाना में गांव के ही आठ जनों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार रोशनलाल (50) पुत्र पूर्णाराम वाल्मीकि निवासी वार्ड पांच, किशनपुरा दिखनादा ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि 24 जून की रात्रि करीब साढ़े नौ बजे उसका पुत्र संजय (22) गांव में बने मंदिर से घर की तरफ आ रहा था। जब वह रामकुमार के घर के पास पहुंचा तो वहां पर मोहर सिंह पुत्र सुखाराम, नरेन्द्र पुत्र कृष्णलाल, साहिल पुत्र मूलचन्द, विजय पुत्र कृष्णलाल, रामकुमार पुत्र भादरराम, सुभाष पुत्र रामकुमार, प्रमोद पुत्र सुखाराम, मोनू पुत्र रामकुमार व इनके परिवार की महिलाएं खड़ी मिली। यह सब उसके पुत्र संजय को उठाकर अपने घर ले गए और बंधक बनाकर थाप-मुक्कों से मारपीट की। लाठी व लोहे की रॉड से वार किए व गालियां निकाली। काफी समय तक बांधकर रखने से उसके पुत्र संजय की हालत खराब हो गई। इसके बाद उसके पुत्र संजय को किसी ने राजकीय जिला चिकित्सालय में ले जाकर भर्ती करवाया व उसे इसकी सूचना दी। जब वह चिकित्सालय पहुंचा तो उसके पुत्र संजय की हालत काफी खराब थी और इलाज चल रहा था। हालत ज्यादा खराब होने पर चिकित्सकों ने संजय को टाउन के बेनीवाल हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया। बेनीवाल हॉस्पिटल में उसका पुत्र भर्ती है। पुलिस ने अपहरण व मारपीट के आरोप संबंधी धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान एएसआई शम्भूदयाल स्वामी को सौंपा है। पुलिस मारपीट के कारणों की जांच में जुटी है।

# चली ठंडी हवाएं, उमस भरी गर्मी से राहत

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

दो-तीन दिनों से जारी उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को गुरुवार सुबह से बादलवाही के बीच चली ठंडी हवाओं ने सुकून दिलाया। इससे मौसम खुशगवार हो गया और अधिकतम तापमान में एकाएक भारी गिरावट दर्ज की गई। हीटवेव से भी राहत मिली। मौसम के बदले मिजाज के चलते गुरुवार को सड़कों पर कॉलोनियों के पार्कों में सुबह की सैर करने वालों की संख्या बढ़ गई। बाजारों में भी अन्य दिनों की अपेक्षा चहल-पहल नजर आई। लोगों ने बारिश की आस लगाई लेकिन मेघ नहीं बरसे। हालांकि दोपहर को फिर से उमस भरी गर्मी ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया। अब लोगों को मानसून की बारिश का बेसब्री से इन्तजार है। इससे पहले बुधवार को पल्लू क्षेत्र में हल्की बारिश दर्ज की गई। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने गुरुवार को राजस्थान मौसम अपडेट जारी करते हुए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में मेघगर्जन के साथ बारिश की गतिविधियां आगामी दिनों में जारी रहेंगी। 29 जून से उत्तर-पूर्वी राजस्थान के कुछ भागों में भारी बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है। 29 जून से 2 जुलाई के दौरान जयपुर, भरतपुर संभाग में कहीं-कहीं भारी व कहीं-कहीं अतिभारी बारिश होने की प्रबल संभावना है। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर संभाग के कुछ भागों में आगामी दो-तीन दिन मेघगर्जन, बारिश की गतिविधियां जारी रहने की संभावना है। तत्पश्चात कहीं-कहीं बारिश जारी रहने होने तथा जुलाई के प्रथम सप्ताह में पुनः बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**हनुमानगढ़।** जिले में मोटरसाइकिल पर सवार एक युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार यह हादसा टाउन थाना क्षेत्र में टिब्बी मार्ग पर मंगलवार देर शाम को हुआ। मोटरसाइकिल पर सवार कमलजीत अपने घर जा रहा था कि कोई वहां उसके टक्कर मारकर भाग? गया।लोगों ने कमलजीत सिंह को हनुमानगढ़ टाउन के सिविल अस्पताल पहुंचाया,जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई छमिंद्रसिंह कंबोज सिख निवासी वार्ड नंबर 28 हनुमानगढ़ टाउन द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर अज्ञात वाहन चालक पर लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार जनों के सुपुर्द कर दी गई। पुलिस ने कहा कि टक्कर करने वाले अज्ञात वाहन का पता लगाने की प्रयास किया जा रहे हैं।

# पुरानी पेंशन योजना के तहत जीपीएफ खाता आवंटन करने की मांग



**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** विद्युत डिस्कॉम में पुरानी पेंशन योजना के तहत जीपीएफ खाता आवंटन को लेकर संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले कर्मचारी संगठनों ने किया विरोध प्रदर्शन। पुरानी पेंशन को लेकर विद्युत डिस्कॉम में गत दो वर्षो से डिस्कॉम कर्मचारियों लगातार संघर्ष कर रहे पर उन्हें आज तक इसका लाभ नहीं मिल पाया है और ना ही उनके अभी तक जीपीएफ खाता संख्या आवंटन किए गए हैं इस को लेकर आज अधीक्षण अभियंता कार्यलय सीकर पर बी एम एस, इंटक और मंत्रालिक कर्मचारी सगठन के सभी पदाधिकारियों ने सयुक्त कर्मचारी संघर्ष समिति के आव्हान पर भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष राजकुमार भास्कर एवं इंटक जिला मंत्री महेश सेवदा के नेतृत्व में अधीक्षण अभियंता, सी.वृ., अधीक्षक अभियंता, मीटर एवं अधीक्षण अभियंता, टी एण्ड सी, को मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग के नाम ज्ञापन दिया गया जिसमे पुरानी पेंशन योजना के अंतर्गत जीपीएफ खाता आवंटित करने एवम सीपीएफ कटौती बंद कर पुरानी पेंशन योजना पूर्ण रूप से लागू करने हेतु सीकर जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया।

# कौशल विकास कार्यक्रम 10 जुलाई से

## आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 जुलाई

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कार्यालय जयपुर की ओर से हनुमानगढ़ में फंडामेंटल ऑफ कंप्यूटर, वेब डिजाइनिंग एंड डिजिटल मार्केटिंग पर कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत वेब डिजाइनिंग एंड डिजिटल मार्केटिंग के बारे में जानकारी और व्यवसाय शुरू करने में सहयोग करने वाले विभिन्न सरकारी विभागों की ओर से दी जाने वाली सेवाओं एवं सहायता के बारे में संबंधित विभाग के अधिकारियों की ओर से जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। प्रोजेक्ट प्रोफाइल तैयार करना, पीएमईजीपी, मुद्रा योजना और राज्य सरकार की ओर से उद्योग स्थापित करने के लिए दी जाने वाली वित्तीय सहायता के बारे में भी जानकारी उपलब्ध करवाई जाएगी। इस कौशल विकास कार्यक्रम की अवधि 10 जुलाई से 23 अगस्त तक 30 दिन की रहेगी। कुल 25 सीटें हैं। आवेदन के लिए अनुसूचित जाति को विशेष वरीयता दी जाएगी। प्रशिक्षण एवं साक्षात्कार कार्यक्रम टाउन के इम्पल इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोनू कंप्यूटर पर होगा। आवेदन करने के लिए न्यूनतम आयु 18 वर्ष व योग्यता कक्षा 10वीं पास होना आवश्यक है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 9 जुलाई है। 10 जुलाई को सुबह 9 बजे साक्षात्कार होंगे। साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। साक्षात्कार के लिए मूल प्रमाण पत्र साथ लाना आवश्यक है। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थी को किसी भी प्रकार का भत्ता देय नहीं होगा। रहने, खाने एवं ठहरने का खर्च स्वयं को वहन करना होगा। इच्छुक अभ्यर्थी सादे कागज पर कार्यक्रम का नाम, अपना व्यक्तिगत विवरण जैसे नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र, शैक्षणिक योग्यता, पूर्ण पता, आधार कार्ड, मोबाइल नम्बर देते हुए प्रमाण पत्रों की प्रतिलिपि व दो फोटो के साथ टाउन के इम्पल इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सोनू कंप्यूटर पर नियत तिथि तक प्रेषित करें। साथ ही साक्षात्कार के लिए नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित हों।

# सामूहिक विवाह कार्यक्रम तीस जून को

## - तैयारियों में जुटे समिति सदस्य

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** श्री नवदुर्गा युवा सेवा समिति की ओर से तीस जून को जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही इस दिन रात्रि को मां शेरांवाली का जागरण होगा। आयोजन की तैयारी के संबंध में गुरुवार को समिति सदस्यों की बैठक हुई। समिति अध्यक्ष प्यारेलाल बंसल ने बताया कि 30 जून को जंक्शन की नई धान मंडी में सुबह जरूरतमंद परिवारों की बेटियों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसके लिए समिति को कई आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जांच कमेटी की ओर से आवेदनों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के तहत 30 जून को सुबह 9 बजे बारात स्वागत एवं 10 बजे आशीर्वाद समारोह का आयोजन होगा। इसके पश्चात विवाह प्रक्रिया सम्पन्न करवाई जाएगी। रात्रि को जागरण का आयोजन होगा। जागरण में आमंत्रित भजन कलाकार माता के भजनों का गुणगान करेंगे। उन्होंने बताया कि समिति की ओर से जागरण के माध्यम से एकत्रित होने वाली राशि सामाजिक एवं धार्मिक कार्यों में लगाई जाती है। समिति की ओर से हर वर्ष सामूहिक विवाह का आयोजन किया जाता है। बेटियों को उपहार स्वरूप घरेलू रोजगार में उपयोग आने वाली वस्तुएं भेंट की जाती हैं। बैठक में अशोक मोंगा, मनोज गर्ग, राजेश गर्ग सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# डॉ. इच्छित जैन अध्यक्ष व प्रतीक गोयल सचिव नियुक्त

## रोट्रेक्ट क्लब की नई कार्यकारिणी गठित

**तेज. रिपोर्टर. हनुमानगढ़।** रोट्रेक्ट क्लब की बैठक गुरुवार को जंक्शन में अध्यक्ष पारस गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में आगामी वर्ष 2024-25 की नई कार्यकारिणी के गठन पर चर्चा की गई। सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से वर्ष 2024-25 के लिए डॉ. इच्छित जैन को अध्यक्ष व प्रतीक गोयल को सचिव नियुक्त किया गया। सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी। क्लब के निवर्तमान अध्यक्ष पारस गर्ग ने उम्मीद जताई कि डॉ. इच्छित जैन के नेतृत्व में रोट्रेक्ट क्लब समाजसेवा में नए आयाम स्थापित करेगा। बैठक में क्लब के आईसीसी अश्वनी गर्ग, आशीष गुप्ता, कुणाल गोयल, निखिल गर्ग, अभिषेक बंसल, प्रथम मित्तल, दीपांशु गोयल, विशु शर्मा, नवनीत खत्री सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।





# मानसिक परेशानी के चलते महिला ने आत्महत्या की

तेज | रिपोर्टर हनुमानगढ़

जिले के गोलूवाला निवादान शहर में मानसिक परेशानी के चलते एक महिला ने आत्महत्या कर ली।पुलिस के अनुसार वार्ड नंबर 5 की निवासी सर्वजीत कौर जटसिख (52) ने मंगलवार- बुधवार की रात को किसी समय घर के एक कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। घटना के समय सर्वजीत कौर का पति शिवराज सिंह जटसिख घर पर था। यह दंपति अकेला ही रहता है। दंपति का बेटा कहीं बाहर रहता है। पुलिस के मुताबिक बुधवार सुबह शिवराज सिंह सोकर उठा तो सर्वजीतकौर घर के एक कमरे में फंदे पर लटकते मिली। उसके द्वारा सूचना दिए जाने पर पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में सर्वजीत कौर के पीहर वाले भी घटना स्थल पर आ गए। मौके की करे वही के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए सरकारी अस्पताल में लाया गया। शिवराजसिंह ने पुलिस को बताया है कि उसकी पत्नी पिछले काफी दिनों से मानसिक रूप से परेशान थी।पुलिस के अनुसार अभी तक परेशानी का कोई कारण सामने नहीं आया। इसकी जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम करवाने के बाद लाश परिवार वालों को दे दी गई।

Reg. No. 8144
P.C. क्लिनिक
Hi-Tech Homeopathic Unit
बिना ऑप्रेशन के ईलाज
बवासीर, भगन्दर, फीसर त्वचा रोग एवं पुराना रोग
हर रविवार को सुबह 11 से 2 बजे फ्री चैकअप
Dr. Mukul Sarkar BHMS, B.Sc
सम्राट होटल के पीछे, श्रीगंगानगर रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 85030-03303

न्यू नेशनल ड्राईक्लीनर्स
106, भगतसिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन
मो. 90905-03210
यहां पर साड़ी चरक की जाती है।

दीपक सैनी
मो. 82339-47047
श्रीगंगानगर वाले
रेवाड़ी बर्फी स्वीट्स
रेवाड़ी वालों की सुप्रसिद्ध बर्फी
दुकान नं. 05, शॉपिंग सैंटर
बस स्टैण्ड से भगत सिंह चौक रोड़, हनुमानगढ़ जंक्शन

www.bikaji.com
Amitji Loves Bikaji
BIKAJI

स्वामी दैनिक तेज के लिए प्रकाशक व मुद्रक देवेन्द्र शर्मा द्वारा नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन से प्रकाशित एवं शर्मा प्रिन्टिंग प्रेस नजदीक भगत सिंह चौक, हनुमानगढ़ जंक्शन (राजस्थान) से मुद्रित। सम्पादक देवेन्द्र शर्मा। आरएनआई रजि. नं. 23549/71, पोस्टल रजि. नं.गंगानगर/29/2024-2026, पोस्ट बॉक्स नं-26 फोन : 269443, 9414095543, फैक्स : 01552-268442